वर्ष : 17 अंक : 104 लखनऊ रविवार, 20 अप्रैल 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण

मूल्य ₹4

मौसम
सूर्योदय : 5:37
सूर्यास्त : 6:33
अधिकतम : 39:00°
न्यूनतम : 26:00°



मिस्ट्री से भरी सोनाक्षी की फिल्म 'निकिता रॉय' 10

गर्मी में लोगों को विद्युत व्यवधान की समस्या.... 2
शिव संकल्प से भरा हो हमारा मन 6
अभाव व अपमान में भी ... 12

# माफिया, गुंडा और दंगामुक्त हुआ यूपी

## अब सिर्फ विकास की चर्चा, सीएम ने दी गोरखपुर को 1500 करोड़ की सौगात

### 146 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

विश्ववार्ता ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर के विकास को और ऊंचाई देते हुए करीब 1500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने रोड कनेक्टिविटी, सीवरेज, चिकित्सा, पर्यटन सहित कई क्षेत्रों से जुड़ी 146 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मानबेला मैदान में आयोजित लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले समाज को जाति, मत, मजहब के नाम पर बांटने वाली ताकतों ने यूपी का विकास करने के बजाय खुद का और परिवार का विकास किया। परिवार तक सिमटी ये ताकतें समाज को बांटने के लिए दंगा कराती थीं। डबल इंजन सरकार आने के साथ यूपी आठ साल से माफियामुक्त, गुंडामुक्त और दंगामुक्त हो चुका है। यूपी की चर्चा अब सिर्फ विकास के लिए होती है।



सीएम योगी ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं होता है। जो विकास नहीं करा पाते, वे जाति, मत, भाषा, क्षेत्र, मजहब के नाम पर सामाजिक तानेबाने को छिन्न भिन्न कर समाज के सौहार्द को बिगाड़ने का काम करते हैं। मौका मिलने पर ऐसे लोग स्वयं और अपने परिवार के विकास के लिए कार्य करते हैं, जनता की भलाई के लिए कोई प्रयास नहीं करते हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों को 2014 के पूर्व के भारत और 2017 के पूर्व के उत्तर प्रदेश की याद दिलाते हुए कहा कि तब भारत भ्रष्टाचार में डूबा हुआ था, नौजवान किंकर्तव्यविमूढ़ थे। देश की सुरक्षा के लिए नक्सलवाद और आतंकवाद की चुनौती थी। दस वर्षों से आप सबने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत को भी देखा है। नया भारत विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प को पूरा करते हुए, विरासत और विकास का समन्वय स्थापित करते हुए नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी भी नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में अपनी आभा बिखेर रहा है। आठ वर्षों में बदलते परिवेश और परिवर्तन को सभी लोगों ने देखा है। यहां अन्नदाता किसानों को सम्मान मिल रहा है। यहां नारी गरिमा और सुरक्षा की गारंटी है। व्यापारियों को सुरक्षा की गारंटी और नौजवानों को रोजगार की गारंटी है। यहां के हर जिले का विकास देखकर लोग वाह वाह कहते हैं। नई पहचान बना रहे उत्तर प्रदेश में व्यापारी बिना भय के कारोबार करते हैं। नए-नए उद्यम लग रहे हैं तो बड़ी संख्या में रोजगार भी मिल रहा है। बहन और बेटियां बिना भय के स्कूल-कॉलेज और बाजार जा रही हैं

सीएम योगी ने कहा कि पूर्व की सरकारों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मुसहर भुखमरी से मरते थे तो बुंदेलखंड में किसान आत्महत्या को मजबूर होते थे। परिस्थितियों में परिवर्तन करने की बजाय तबकी सरकारों ने समाज को जाति, क्षेत्र, मजहब के नाम पर बांटने और दंगा कराने का काम किया। दंगा कराने के बाद दोनों समुदायों से अलग अलग मिलकर उनका हितैषी बनने का दिखावा किया। उन्होंने कहा कि आज आठ साल से यूपी में दंगा नहीं, बिना भेदभाव विकास हो रहा है। आज का यूपी माफिया, गुंडा, दंगा से मुक्त होकर वन डिसट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिसट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज पर काम करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के कदम जीरो पॉवर्टी का लक्ष्य हासिल करने की तरफ बढ़ चले हैं। इसके लिए सरकार नए कार्यक्रम लेकर आ रही है इसमें ऐसे परिवार जो किन्हीं भी कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उनको चिन्हित करने के लिए सर्वे कराया जा रहा है।

# दिल्ली में इमारत गिरी, 11 की मौत

## मरने वालों में आठ एक ही परिवार के, पांच घायलों का इलाज जारी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शुक्रवार देर रात ढाई बजे चार मंजिला बिल्डिंग ढह गई। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए। इनमें से 5 गंभीर रूप से घायलों का इलाज अब भी जारी है। 20 साल पुरानी चार मंजिला इमारत के गिरने के बाद 12 घंटे से ज्यादा समय तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।



हादसे के बाद एनडीआरएफ और दिल्ली पुलिस की टीमों ने घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस के मुताबिक इमारत में 22 लोग थे। इनमें बिल्डिंग के मालिक तहसीन और उनके परिवार के आठ सदस्य भी मारे गए। इनमें तीन महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं।

डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि देर रात एक मकान ढहने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो पता चला कि पूरी बिल्डिंग ढह गई है और लोग मलबे में फंसे हुए थे। दरअसल शुक्रवार रात दिल्ली में मौसम ने अचानक करवट ली थी। तेज बारिश और आंधी-तूफान के चलते कई इलाकों में नुकसान हुआ। माना जा रहा है कि इसी वजह से मुस्तफाबाद की इमारत भी ढह गई।

डिप्टी स्पीकर और मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर कहा कि यह हादसा एमसीडी की लापरवाही और भ्रष्टाचार का नतीजा है। उन्होंने बताया कि चुनाव जीतने के बाद उन्होंने इस इमारत को खतरनाक बताया था और एलजी व एमसीडी को आगाह भी किया था। बिष्ट ने कहा कि मुस्तफाबाद में कई अवैध और जर्जर इमारतें हैं और बिजली कंपनियां गरीबों को कनेक्शन नहीं देतीं। मृतकों के परिवार को मुआवजा देने की घोषणा की गई है।

इससे पहले 11 अप्रैल को दिल्ली के मधु विहार में एक निर्माणाधीन इमारत की दीवार गिर गई थी। यह घटना मधु विहार पुलिस स्टेशन के पास हुई थी।

हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई, जबकि दो लोग घायल हुए थे। पूर्वी दिल्ली के एडीसी विनीत कुमार ने बताया था, ₹हमें शाम करीब 7 बजे एक पीसीआर कॉल मिली। मौके पर पहुंचने पर हमने पाया कि एक छह मंजिला निर्माणाधीन इमारत की दीवार धूल भरी आंधी के दौरान गिर गई। एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

# अब बहाने बनाना बंद करो यूनुस

## हिंदू नेता की बेरहमी से हत्या पर भारत ने बांग्लादेश को दिखायीं आंखें

विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी

**नयी दिल्ली/ढाका।** बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले में हिंदू समुदाय के एक मशहूर नेता भावेश चंद्र रॉय की बेरहमी से की गई हत्या पर भारत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। भारत सरकार ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से कहा है कि वह अल्पसंख्यकों की हिफाजत की जिम्मेदारी से ना भागे और बहानेबाजी बंद करे।

» अल्पसंख्यकों हिफाजत की दी नसीहत



फाइल फोटो

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "हम बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भावेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या से दुखी हैं। ये घटना बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही सिलसिलेवार जुल्मों की कड़ी का हिस्सा लगती है, जबकि पुराने मामलों के गुनहगार अब भी खुलेआम घूम रहे हैं।" अपने ट्वीट में जायसवाल लिखते हैं, "हम इस नृशंस हत्या की निंदा करते हैं और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को दोबारा याद दिलाते हैं कि बिना किसी बहाने या भेदभाव के हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी को पूरा करे।" एक दिन पहले शुक्रवार को भी भारत ने बांग्लादेश से कहा था कि पश्चिम बंगाल में हिंसा को लेकर नैतिक उपदेश देने के बजाय अपने यहां अल्पसंख्यकों की रक्षा पर ध्यान दे। दरअसल बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस के प्रेस सेक्रेटरी ने कहा था कि भारत को उन अल्पसंख्यक मुस्लिमों की रक्षा करनी चाहिए, जो पिछले हफ्ते बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा से प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस बात से इनकार कर दिया कि इस हिंसा को भड़काने में बांग्लादेश का हाथ है। भारत ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि बांग्लादेश का यह बयान धूर्तता और कपट से भरा है।

## अफगानिस्तान में भूकम्प झटके दिल्ली तक लगे

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान में शनिवार को दोपहर 12:17 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किया गया। हालांकि अब तक जान माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया। भूकंप के तेज झटकों से दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए।

हालांकि, अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। भूंकप को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट किया। उन्होंने लोगों से शांत रहने की अपील की। साथ ही कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

# जब सुप्रीम कोर्ट को कानून बनाना है तो बंद कर दें संसद

## राष्ट्रपति को आदेश पर विवाद और बढ़ा, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बिगड़े बोल

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट का राष्ट्रपति को दिए आदेश पर विवाद बढ़ता जा रहा है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि, भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। आप किसी अपॉइंटिंग अथॉरिटी को निर्देश कैसे दे सकते हैं। संसद इस देश का कानून बनाती है। क्या आप उस संसद को निर्देश देंगे।

देश में गृह युद्ध के लिए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं। सुप्रीम कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। अगर हर किसी को सारे मामलों के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना पड़े तो संसद और विधानसभा बंद कर देनी चाहिए।

दरअसल ये मामला तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को आदेश दिया कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। वहीं बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सामने आया था। निशिकांत ने कहा कि मैंने आर्टिकल 141 का अध्ययन किया है। यह आर्टिकल कहता है कि हम जो कानून बनाते हैं वो लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लागू होता है। आर्टिकल 368 कहता है कि इस देश की संसद को कानून बनाने का अधिकार है और इसकी व्याख्या करने का अधिकार सुप्रीम कोर्ट को है। हमारे देश में सनातन की परंपरा रही है। लाखों साल की परंपरा है। जब राम मंदिर का विषय आता है तो आप कहते हैं कि कागज दि खा ओ । कृष्णजन्मभूमि का मामला आएगा तो कहेंगे कि कागज दिखाओ। यही बात ज्ञानवापी केस में कहेंगे। इस देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सिर्फ और सिर्फ सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है।



उन्होंने कहा कि आर्टिकल 377 में समलैंगिकता एक अपराध था। अमेरिका में ट्रम्प सरकार ने कहा कि दुनिया में केवल दो ही लिंग है, एक- पुरुष, दूसरा- महिला। तीसरे की कोई जगह नहीं है। जितने भी धर्म हैं, चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, जैन हो, सिख हो, ईसाई हो, सभी मानते हैं कि समलैंगिकता एक अपराध है। सुप्रीम कोर्ट एक सुबह उठती है, वे कहते हैं कि हम यह आर्टिकल खत्म करते हैं। हमने आईटी एक्ट बनाया। जिसके तहत महिलाओं और बच्चों के पोर्न पर लगाम लगाने का काम किया गया। एक दिन सुप्रीम कोर्ट कहता है कि वे 66ए आईटी एक्ट को खत्म कर रहे हैं। दुबे का यह बयान ऐसे वक्त पर आया है जब सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में वक्फ एक्ट में हुए संशोधनों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इस संशोधित कानून के तहत 'वक्फ बाय यूजर' जैसी धाराएं और गैर-मुस्लिमों को वक्फ बोर्डों में शामिल करने का प्रावधान संविधान के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

# योगीजी, यूपी में राष्ट्रीय खेल कराइये : राजनाथ

## रक्षामंत्री ने किया लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन, पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को यहां कहा कि योगीजी, अगले राष्ट्रीय खेल यूपी में आयोजित कराइये। ऐसा हुए 75 साल बीत गए हैं। उन्होंने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन के दौरान यह बात कही। इस दौरान मंच पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा भी मौजूद रहे।



खेल महाकुंभ का उद्घाटन करने पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी एवं अन्य।

राजनाथ सिंह ने स्टेडियम में रिमोट का बटन दबाकर गुब्बारे उड़ाकर खेलों का शुभारंभ किया। स्टेडियम पहुंचते ही उनका हजारों स्कूली बच्चों ने खेल प्रस्तुतियों से स्वागत किया। बच्चों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। पुलिस और पीएसी के जवानों ने परेड निकालकर सलामी दी। स्टेडियम में अगले चार दिन तक एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, बास्केटबाल, फुटबॉल, हॉकी, बॉक्सिंग और ताइक्वांडो प्रतियोगिता होगी।

इन खेलों में लखनऊ के 350 स्कूलों के 7500 बच्चे हिस्सा लेंगे। उद्घाटन समारोह में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के अलावा करीब 10 हजार लोग शामिल रहे। रक्षा मंत्री के लखनऊ पहुंचने पर मेयर सुषमा खर्कवाल और भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित ने स्वागत किया।

राजनाथ सिंह आज लखनऊ में हैं। कई कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। उनके सामने उनके संसदीय क्षेत्र के लोगों ने तमाम समस्याएं रखीं। इस पर राजनाथ ने कहा- चिंता मत करिए। लखनऊ देश का आदर्श शहर बनेगा। लखनऊः रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सुहास एलवाई को किया सम्मानित

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार की शाम भाजपा महानगर के पदाधिकारियों, जिला प्रतिनिधियों और मंडल अध्यक्षों से संवाद किया। उन्होंने सभी से व्यक्तिगत परिचय लिया। करीब एक घंटे तक विभिन्न विषयों पर खुलकर बातचीत की।

राजनाथ सिंह ने कहा- कोई भी पद छोटा या बड़ा नहीं होता। संगठन की शक्ति यह है कि आप जैसे कार्यकर्ताओं के सहयोग से देश का रक्षा मंत्री भी आपके बीच बैठा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सेवा करें, यही परमात्मा की सच्ची सेवा है।

## पुतिन ने की ईस्टर के मौके पर युद्धविराम की घोषणा

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईस्टर के मौके पर बड़ा ऐलान करते हुए यूक्रेन में एक दिन के युद्धविराम की घोषणा की है। रूस की तरफ से इस एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा करते हुए पुतिन ने रूसी सैनिकों को स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम 6 बजे से रविवार के अंत तक किसी भी तरह का हमला ना करने का आदेश दिया है। इस दौरान पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यूक्रेन भी रूस के फैसले का सम्मान करेगा और इस युद्धविराम में सहयोग करेगा।

हालांकि पुतिन ने सेना को यूक्रेन की तरफ से किसी भी हमले के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। पुतिन ने रूस के सैन्य प्रमुख वालेरी गेरासिमोव को आदेश दिया है कि वे रूसी सैनिकों को यूक्रेन द्वारा युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन को रोकने के लिए तैयार रखें।

# साजिश के तहत किया गया सुमन के घर हमला

## अखिलेश पहुंचे आगरा, कहा- हमेशा अपने सांसद के साथ हूं

विश्ववार्ता ब्यूरो

**आगरा।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव राणा सांगा को गद्दार कहने वाले रामजीलाल सुमन से मिलने आगरा पहुंचे। उन्होंने सपा सांसद का हाल-चाल जाना। इसके बाद कहा- मैं दलित सांसद रामजीलाल सुमन के साथ खड़ा हूं। मुझे धमकी मिल रही है कि जैसे फूलन देवी को मारा वैसे तुम्हें मारेंगे, आखिरकार इनके पीछे कौन हैं?

सपा प्रमुख ने कहा- आगरा में जो तथाकथित शक्ति प्रदर्शन हुआ, उसमें तलवारें लहराई गईं। आरोपियों को कार्रवाई का डर नहीं है। रामजीलाल सुमन के घर तोड़फोड़ की गई। यह हमला अचानक नहीं हुआ, बल्कि साजिश के तहत किया गया। इधर क्षत्रिय सभा और अन्य हिंदू संगठनों के विरोध को देखते हुए सांसद के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। सोसाइटी और आसपास पुलिस और PAC के 800 जवान तैनात रहे। सिर्फ उन्हीं लोगों को आईडी कार्ड देखकर एंट्री दी गई, जिनके नाम सांसद की ओर से पुलिस को दिए गए। रामजीलाल सुमन हरीपर्वत स्थित एचआईजी सोसाइटी में रहते हैं।



रामजीलाल सुमन के राणा सांगा पर दिए गए बयान पर अखिलेश ने कहा कि जो इतिहास हमें आगे न बढ़ाता हो, हमारे-आपके बीच दूरियां पैदा करता हो, उसे इतिहास में ही रहने देना चाहिए। इतिहास में बहुत-सी ऐसी चीजें छिपी हैं, कुछ आपको अच्छी नहीं लगेंगी, कुछ हमें अच्छी नहीं लगेंगी।

मुर्शिदाबाद में कत्लेआम पर सपा के मौन के बारे में उन्होंने कहा कि भाजपा कभी महंगाई पर बात नहीं करती। किसानों की आय दोगुनी हुई या नहीं, इस पर बात नहीं करती। आपके आगरा के विकास पर बात नहीं करती। आप सभी जाम में फंसते होंगे। उन्होने कहा कि आगरा में जिस तरह नंगी तलवारें, बंदूकें और डंडे लहराए गए। क्या सरकार ने इसकी परमिशन दी थी? परमिशन शांति से सम्मेलन करने की मांगी गई थी, जो प्रशासन ने दी। आपने देखा होगा, तोड़फोड़ से लेकर हमला तक किया गया। उनका इरादा जान लेने का था। जिसने मुझे जान से मारने की धमकी दी, वो बहुत ही भोला-भाला और सीधा इंसान है। ऐसे ही बहुत सारे भोले-भाले लोग आए थे। उन्हें कठपुतली की तरह इस्तेमाल किया गया।

**बदलाव** एक बार फिर करवट लेने वाली है महाराष्ट्र में शिवसेना की सियासत, राज ठाकरे ने कहा, 'मेरे लिए महाराष्ट्र का हित सबसे अहम

# 19 साल बाद ठाकरे ब्रॉदर्स में एकता कायम होने के संकेत

एजेंसी

**मुम्बई।** क्या महाराष्ट्र की राजनीति की दशकों तक धुरी रहे ठाकरे परिवार में एकता होने वाली है? राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने मराठी भाषा और महाराष्ट्र की अस्मिता के नाम पर जैसा रुख दिखाया है, उससे ऐसी ही चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यही नहीं शनिवार को दोनों ने ही अलग-अलग जगहों पर कहा कि महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित में वे अपने मतभेद भुलाकर साथ भी आ सकते हैं। ऐसा हुआ तो दोनों 19 साल बाद एक नजर आयेंगे।

शनिवार का महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के लीडर राज ठाकरे का एक पॉडकास्ट रिलीज हुआ। इसमें उनसे महेश मांजरेकर ने बात की है, जो मूल रूप से मराठी फिल्ममेकर हैं। मांजरेकर के एक सवाल के जवाब में कहा कि महाराष्ट्र के हित में वह छोटे-मोटे मतभेदों को भुलाने के लिए तैयार हैं और वे उद्धव ठाकरे के साथ काम कर सकते हैं। इसी पर उद्धव ठाकरे ने शिवसेना की ट्रेड यूनियन भारतीय कामगार सेना के एक आयोजन में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह मराठी और महाराष्ट्र के हित में सारे मतभेद भुलाने के लिए तैयार हैं। लेकिन उद्धव ने एक शर्त भी रख दी कि राज ठाकरे को वादा करना होगा कि वह ऐसे दलों के साथ नहीं जाएंगे, जो महाराष्ट्र विरोधी हैं या फिर ऐसे दलों के साथ काम करते हैं। दरअसल महेश मांजरेकर ने सवाल पूछा था कि क्या दोनों ठाकरे बंधु साथ आ सकते हैं। इस पर राज ठाकरे ने कहा, 'मेरे लिए महाराष्ट्र का हित सबसे अहम है। उसके बाद ही किसी और चीज का स्थान आता है। उसके लिए मैं किसी भी मतभेद को भुलाने और उद्धव ठाकरे के साथ काम करने के लिए तैयार हूं। बस सवाल इतना ही है कि क्या वह भी इसके लिए राजी होंगे।'





वहीं उद्धव ठाकरे ने तो इसका तुरंत ही जवाब दे दिया। एक कार्य्क्रम में उन्होंने कहा कि मैं साथ आने के लिए तैयार हूं। मराठी और महाराष्ट्र के हित में हम ऐसा करेंगे। लेकिन राज ठाकरे को यह कहना होगा कि वह महाराष्ट्र विरोधी लोगों के साथ नहीं जाएंगे। वह उनके साथ भी नहीं जाएंगे, जो इन लोगों का समर्थन करते हैं। एक बड़ी शर्त रखते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि ऐसी शपथ राज ठाकरे को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के सामने लेनी होगी। बता दें कि बीते कुछ समय में कई शादी समारोह एवं आयोजनों में उद्धव और राज ठाकरे आमने-सामने आए हैं। दोनों के बीच इन मौकों पर बातचीत भी हुई है। तभी से दोनों को लेकर कयास लगते रहते हैं कि क्या वे साथ आ सकते हैं।

राज ठाकरे ने कहा, ₹मुझे नहीं लगता कि एक साथ आना और एक साथ रहना कोई बहुत कठिन बात है। सवाल केवल इच्छाशक्ति का है। यह मेरी निजी इच्छा या स्वार्थ का मामला नहीं है। मेरा मानना है कि हमें महाराष्ट्र की बड़ी तस्वीर देखनी चाहिए। मेरा मानना है कि महाराष्ट्र के सभी राजनीतिक दलों के मराठी लोगों को एक साथ आकर एक पार्टी बनानी चाहिए।₹ एकनाथ शिंदे के सत्ता में आने और एतराज की बात पर राज ने कहा, ₹पहली बात तो यह कि शिंदे का जाना या विधायकों का टूटना राजनीति का अलग हिस्सा बन गया। जब मैंने शिवसेना छोड़ी तो कई विधायक और सांसद मेरे पास आए, लेकिन मेरे मन में एक ही बात थी कि अगर बालासाहेब को छोड़ दूंगा तो किसी और के अधीन काम नहीं करूंगा। उस समय यही स्थिति थी।

उन्होंने कहा, जब मैं शिवसेना में था तो मुझे उद्धव के साथ काम करने में कोई आपत्ति नहीं थी। सवाल यह है कि क्या दूसरा व्यक्ति चाहता है कि मैं उसके साथ काम करूं? मैं कभी भी अपने अहंकार को ऐसी छोटी-छोटी बातों में नहीं लाता।

# फतेहपुर में भीषण सड़क हादसा कार सवार चार लोगों की मौत

विश्ववार्ता संवाददाता

**खागा, फतेहपुर।** कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर खागा कोतवाली क्षेत्र के सुजानीपुर चैराहे के पास शनिवार की भोर एक तेज रफ्तार कार हाईवे के किनारे खड़े डम्पर में पीछे से जा टकराई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला समेत दो लोग घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। एम्बुलेंस से सभी को सीएचसी हरदो लाया गया, जहां चार कार सवारों को मृत घोषित कर दिया गया और दो को जिला अस्पताल भेजा गया।

» सड़क किनारे खड़े डम्पर से जा टकरायी कार

झांसी जनपद व शहर के दीनदयाल नगर निवासी रामकुमार शर्मा (55), इनकी पत्नी कमलेश भार्गव (50), रिश्तेदार गुरूसरायं झांसी निवासी शुभम (35), पराग चौबे (50), आदित्य की पत्नी चारू (35) व 12 वर्षीय काश्विक एक कार से आदित्य की अस्थियां (रामकुमार का पुत्र) विसर्जित करने के लिए प्रयागराज जा रहे थे। शनिवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे कार जैसे ही खागा कोतवाली के सुजानीपुर चौराहा हनुमान मंदिर के सामने पहुंची तो हाईवे के किनारे खड़े डम्पर में पीछे से जा टकराई। हादसे की तेज आवाज सुनकर आस-पास दुकान संचालित करने वाले लोग बाहर निकले और हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाई और सभी को बाहर निकालकर सीएचसी भेजा।

# गर्मी में लोगों को विद्युत व्यवधान की समस्या न झेलनी पड़े

## 100 केवीए से ऊपर के पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर जिम्मेदार कार्मिकों पर होगी कार्रवाई

» ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गर्मी के दृष्टिगत विद्युत व्यवस्था व आपूर्ति, राजस्व वसूली आदि कार्यों की समीक्षा की



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी में उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान की समस्याओं का सामना न करना पड़े। सभी विद्युत कार्मिक सतर्क व सावधान रहकर लोगों के लिए कार्य करें, जिस किसी भी फीडर व विद्युत आपूर्ति ट्रांसफार्मर में 70 प्रतिशत से ज्यादा का लोड होगा व 30 प्रतिशत से ज्यादा का लाइन लॉस होगा वहां के संविदा कर्मियों को बर्खास्त किया जाए और अन्य विद्युत कार्मिकों की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि जिस किसी भी डिस्कॉम में 100 केवीए से ऊपर के पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होंगे, वहां के जिम्मेदार कार्मिको पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। गर्मी में 100 केवीए से ऊपर के ट्रांसफार्मर एक भी नहीं फुंकने चाहिए। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 1912 टोल फ्री नंबर पर शिकायत जरूर करें। सभी अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें। मुख्यालय स्तर पर शक्ति भवन में भी मुख्य अभियंता स्तर का अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें और प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट चेयरमैन तथा एमडी यूपीपीसीएल को भेजें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, न तो विद्युत कार्मिकों की कार्यों में लापरवाही और न ही कोई कहानी बर्दाश्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब कठोर निर्णय लेने और कठोर कार्रवाई करने का समय आ गया।ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा शनिवार को शक्ति भवन में गर्मी के दृष्टिगत विद्युत व्यवस्था एवं आपूर्ति, राजस्व वसूली आदि कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग को जो भी राजस्व हानि हो रही है उसकी भरपाई नही हो पा रही है। अभी भी विद्युत कार्मिक विद्युत चोरी रोकने में तथा लाइन लास काम करने में विभाग की उम्मीद पर खरा नहीं उतर रहे है। विद्युत चोरी रोकने के लिए की जा रही विजिलेंस की कार्रवाई भी संतोषजनक नहीं है। छोटे और गरीब उपभोक्ताओं का विजिलेंस कार्रवाई के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है।

उन्होंने निर्देश दिया कि जहां पर अभी भी विद्युत चोरी हो रही है और लाइन लॉस एवं विद्युत लोड ज्यादा है वहां के कार्मिकों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा जहां पर कार्मिक अधिक हो, उन्हें अन्य स्थानों पर भेजकर समायोजित भी किया जाए। जो भी एक्सियन एवं एसडीओ कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं उन पर भी कार्रवाई की जाए। विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ रहे इसके लिए मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता की जिम्मेदारी तय की जाए। पॉवर ट्रांसफार्मर जलने पर उन्होंने संबंधित डिस्कॉम के डायरेक्टर टेक्निकल की जिम्मेदारी तय करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी यूपी से ट्रांसफार्मर और बिजली तार के चोरी की खबरें आ रही है। इसकी रोकथाम के लिए स्थानीय पुलिस की भी मदद ली जाए और चोरों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सभी डिस्कॉम के एमडी हाई लाइन लॉस वाले फीडर की जांच के लिए प्रति सप्ताह स्थलीय भ्रमण करे। साथ ही अन्य उच्च अधिकारी भी इसी प्रकार की जांच करने में सहयोग करे। उन्होंने कहा कि विजिलेंस की कार्रवाई में एक ही क्षेत्र में एक साल से अधिक समय से लगे हुए कार्मिकों को वहां से हटाया जाए।उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण स्थलों, पर्यटन व धार्मिक स्थलों में विद्युत कटौती बिल्कुल न हो। विद्युत सुधार के लिए लिया जाने वाला शट डाउन पीक आवर में न लिया जाए तथा शाम के बाद अंधेरा होने पर विद्युत आपूर्ति हर हाल में बहाल रखी जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग में किसी भी प्रकार की दलाली बिल्कुल नहीं चलेगी। बड़ी विद्युत चोरी पर संबंधित कार्मिकों पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। मऊ के कोपागंज में हो रही विद्युत चोरी पर 3 दिन में कार्रवाई की रिपोर्ट दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप निश्चित रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

अध्यक्ष यूपीपीसीएल आशीष कुमार गोयल ने बताया कि मंत्री के निर्देशानुसार पूर्वांचल में पावर ट्रांसफार्मर के फुंकने पर संबंधित एक्सियन, एसडीओ और जेई आदि पर लगभग 86 कार्मिकों पर कार्रवाई की गई है। अन्य डिस्कॉम में पॉवर ट्रांसफार्मर फुंकने से संबंधित कार्मिकों की जांच रिपोर्ट मंगाई जा रही है। उन्होंने कहा ट्रांसफार्मर को जलने से बचाने के लिए तथा गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए 100 केवीए से ऊपर के सभी ट्रांसफार्मर में फ्यूज बॉक्स लगाए जाए तथा इससे कम क्षमता के ट्रांसफार्मर में लोड के अनुसार कम से कम 20 प्रतिशत पर फ्यूज बॉक्स अवश्य लगाना है। बैठक में चेयरमैन यूपीपीसीएल आशीष कुमार गोयल, एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार, डीजी विजिलेंस एवं उन उच्च अधिकारी उपस्थित थे तथा सभी डिस्कॉम के एमडी, डायरेक्टर टेक्निकल आदि ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

# ज्ञापन दो अभियान के तहत कई विधायकों को सौंपा ज्ञापन





**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने आज बिजली के निजीकरण के विरोध में ज्ञापन दो अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत प्रदेश के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्र, विधायक नरेश उत्तम पटेल, विधान परिषद के सदस्य उमेश द्विवेदी और कई विधायकों को ज्ञापन दिया।

संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति रद्द करने की अनुशंसा की फाइल पर कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है और अवैध ढंग से नियुक्त कंसलटेंट के जरिए निजीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि आज प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने शक्ति भवन में पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन से लम्बी वार्ता की, लेकिन ऊर्जा मंत्री ने इतने गंभीर मामले पर कुछ भी निर्देश नहीं दिया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट मेसर्स ग्रांट थॉर्टन का नियुक्ति आदेश रद्द करने की इंजीनियर आफ द कांट्रैक्ट की अनुशंसा के बावजूद कंसल्टेंट का आदेश निरस्त करने के बजाय इसी कंसल्टेंट के जरिए निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है जिससे अनावश्यक तौर पर टकराव का वातावरण बन रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि प्रारंभ से ही पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की निजीकरण की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज प्रदेश भर में निजीकरण के विरोध में विरोध सभाओं और प्रदर्शन का दौर जारी रहा। लखनऊ में आज व्यापक जन जागरण अभियान चलाया गया और प्रदेश के अन्य जनपदों में कई विधायकों को ज्ञापन दिए गए।

# पर्यटन विभाग 14 करोड़ से करेगा पर्यटन सुविधाओं का विकास

» अमेठी में पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान, जायसी स्मारक बनेगा आकर्षण का केंद्र : जयवीर सिंह

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग ने अमेठी जिले में 14 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से विभिन्न स्थलों पर पर्यटन सुविधाओं के विकास का निर्णय लिया है।

विभाग द्वारा स्वीकृत राशि से धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का विकास किया जाएगा। यह जानकारी उ0प्र0 के पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का अमेठी जिला सूफी संस्कृति और इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां के कई स्थल सूफी संतों और उनकी शिक्षाओं से जुड़े रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग जनपद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 14 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से विभिन्न परियोजनाओं स्वीकृत की गयी हैं।श्री जयवीर सिंह ने बताया कि अमेठी जिले की पहचान संतों की भूमि के रूप में रही है। इसी कड़ी में परम संत सतगुरु कबीर साहेब के बैठका का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा, जिसके लिए 99.10 लाख रुपए की राशि विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, बाबा दूलभ दास ग्राम धर्म विकास खंड तिलोई का पर्यटन विकास 94.03 लाख रुपए की धनराशि से किया जाएगा।उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में सूफी संत, कवि और 'पद्मावत' के रचयिता मलिक मोहम्मद जायसी की स्मृति में एक भव्य स्मारक का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 10 करोड़ 86 लाख रुपए से अधिक की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है। स्मारक का उद्देश्य जायसी की साहित्यिक विरासत को संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ियों को उनके योगदान से अवगत कराना है। यह स्मारक न केवल सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा देने का कार्य करेगा।

# कपिल देव तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का करेंगे शुभारम्भ

» ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्यशाला 21 अप्रैल से

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक लखनऊ के होटल सेंटरम, अंसल, सुशांत गोल्फ सिटी में प्रातः 9 बजे से किया जा रहा है।

कार्यशाला का शुभारंभ 21 अप्रैल को प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में तथा प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम की अध्यक्षता में किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश में कौशल प्रशिक्षण संचालित कर रही संस्थाओं के संस्था प्रमुखों, मंडल स्तर पर तैनात संयुक्त निदेशकों, जनपदीय समन्वयकों, जिला कार्यक्रम प्रबंधकों एवं एमआईएस प्रबंधकों का क्षमता विकास कर उन्हें नवीन प्रशिक्षण अवधारणाओं से अवगत कराना है।

कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, संचालन में आ रही चुनौतियों के समाधान एवं सरकार द्वारा समय-समय पर किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। इस पहल से ग्रामीण युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण मिल सकेगा, जिससे वे न केवल रोजगार प्राप्त करेंगे बल्कि स्वरोजगार के माध्यम से प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में भी सहयोगी बनेंगे। कार्यशाला में कौशल, रोजगार, उद्योग एवं शिक्षा से जुड़े विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष सहित विभिन्न अधिकारी भाग लेंगे।

# तेज बारिश के बावजूद सीएम योगी ने जारी रखा जनता दर्शन कार्यक्रम

» मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं त्वरित स्तिारण के दिए निर्देश



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ/गोरखपुर।** शनिवार सुबह तेज बारिश के कारण एक बार यह लगा था कि शायद इतने प्रतिकूल मौसम में जनता दर्शन कार्यक्रम न हो पाए। पर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार ने ऐसी आशंका को निर्मूल सिद्ध कर दिया। तेज बारिश के बावजूद सीएम योगी ने जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा।

जनता दर्शन का आयोजन सुनिश्चित कराने के साथ ही उन्होंने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और इन समस्याओं के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर प्रवास पर होने के चलते शनिवार सुबह कई लोग जनता दर्शन में शामिल होने पहुंचे थे। पर, तेज बारिश के कारण उन्हें यह आशंका थी कि शायद उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से न हो पाए। पर, मुख्यमंत्री ने प्रतिकूल मौसम को देखते हुए लोगों के बैठने की व्यवस्था महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कराई। इस दौरान उन्होंने 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सभी को आश्वस्त किया सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सीएम ने लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर उसे अधिकारियों की इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें।

जनता दर्शन में सीएम योगी ने आत्मीयता से सभी लोगों को समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि किसी की चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। पुलिस और राजस्व के मामले शीघ्र करें निस्तारित उन्होंने पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों में कार्रवाई करने में अनावश्यक विलंब न होने की हिदायत दी तो जमीन कब्जा करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दबंग और भू माफिया पर नकेल कसने के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़े कुछ मामलों पर मुख्यमंत्री ने कहा प्राथमिकी दर्ज करने और उसके बाद विधिक कार्यवाही में कोताही नहीं होनी चाहिए। घरेलू विवाद के मामले में उन्होंने परस्पर संवाद से समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। हर बार की भांति इस बार भी जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें। इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। लोगों को आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा।समस्या निस्तारण कराओ, चाय भी पिलाओजनता दर्शन में समस्या लेकर आई आंशिक रूप से शारीरिक अक्षमता की शिकार कर महिला और उसके साथ बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इनकी समस्या का निस्तारण कराओ और इन्हें चाय भी पिलाओ। इस दौरान कुछ अन्य लोगों के साथ आए उनके बच्चों को सीएम योगी ने प्यार, दुलारकर आशीर्वाद दिया।

# कांग्रेस ने वक्फ संपत्तियों की लूट में दी छूट : राधा मोहन




» बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल ने शनिवार को पार्टी राज्य मुख्यालय में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कई विंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 2006 में सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में 4 लाख 50 हज़ार वक्फ की सम्पत्ति है जिसमें वक्फ जमींन का रकबा 6 लाख एकड़ है। अगर इस जमींन का उपयोग किया जाता है तो 10 प्रतिशत के हिसाब से 12 हजार करोड़ रूपये की वक्फ संपत्तियों से आय होती, लेकिन आय हुई केवल 163 करोड़ रूपये। वक्फ संपत्तियों के लिए अधिकांश मुतवल्ली जो बनाए गए थे मालिक बन गए। वक्फ संपत्तियां अल्लाह को दी गई है, जो कभी बेची नहीं जा सकती थी। ना उनके स्वरूप में बदलाव किया जा सकता था, लेकिन मुतवल्लियों ने वक्फ संपत्तियों पर या तो उनके परिवार का या नजदीकी लोगों का नाम चढ़ा दिया। जिन संपत्तियों का किराया एक लाख हो सकता था उन्हें 5000 के किराये पर दे दिया। कुछ धनराशि काले धन के रूप में चुपचाप ले ली गई। यह सब सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का हिस्सा है।

उन्होंने बताया कि सच्चर कमेटी ने सरकार से कहा कि मुतवल्लियों और भ्रष्ट अधिकारियों को निलंबित किया जाय। जिन्होंने वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा किया है उसे खाली कराइये। देश के स्तर पर एक कॉरपोरेशन बनाइए। वक्फ संपत्तियों का उपयोग करके गरीब मुसलमानों के जीवन को बेहतर बनाईये। 2006-2014 तक देश में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार रही। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट मानने की बात तो दूर कांग्रेस सरकार 2013 में इस वक्फ अधिनियम में एक नया संशोधन लाई और वक्फ संपत्तियों की लूट में और छूट दे दी। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। मैं अपनी योजनाएं गरीबों के हित में लागू करूगा। देश में 15 प्रतिशत मुस्लिम समाज की जनसंख्या थीं। प्रधानमंत्री आवास के 31 प्रतिशत आवास मुस्लिम समाज को मिले। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 37 प्रतिशत निःशुल्क गैस कनेक्शन मुस्लिम समाज को मिले। मुद्रा योजना में 36 प्रतिशत लाभ मुस्लिम समाज को मिला।

किसान सम्मान निधि के 33 प्रतिशत लाभ मुस्लिम समाज को मिले। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट को कांग्रेस गठबंधन वाली यूपीए सरकार ने कूडे के ढेर में फेंक दिया था। राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार जो कुछ सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में अपेक्षाए की गई थी, उनका वक्फ बिल में संशोधन कर दोनो सदनों में पारित कराया। बिल पर 12 घंटे लोकसभा व 14 राज्यसभा में बहस हुई। इससे पहले भारत के इतिहास में इतनी बड़ी बहस नहीं हुई थी। इसके बाद यह अधिनियम पास हुआ। इस अधिनियम की टैग लाइन है गरीबों का हक सिर्फ और सिर्फ गरीबों को मिले। जिन्होंने कब्जे किये उन्हें कब्जे खाली करने होगें। जो बिल्डिंग है उन्हें आज के हिसाब से किराया देना होगा। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट जो तत्कालीन कांग्रेस सरकार से अपेक्षा करती थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सच्चर कमेटी की रिपोर्ट को कूड़े से निकाला और अध्ययन किया। वक्फ बोर्ड के द्वारा जो लूट हुई है, उसे कांग्रेस ने किया है, मुस्लिम नेताओं ने किया है या ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के पदाधिकारियों ने किया है।

आज कब्जेदार यह महसूस करते हैं कि मोदी जी जिद्दी हैं उनके कब्जे को हटवाकर मानेंगे। आज वह विरोध कर रहें और मुसलमान को भड़का रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं अपने अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं के साथ कस्बे में घर-घर जाने वाली है। चार पेज का पत्रक बांटने वाली है जिन मुस्लिम रहनुमाओं ने जमीनों पर कब्जा किया है उनको बेनकाब करने वाली है। अपने कार्यकर्ताओं को अभी हम प्रशिक्षित कर रहे हैं। पूरे देश में बड़ी-बड़ी गोष्ठियां करेंगे, छोटी-छोटी बैठक करेंगे।

# कांग्रेस ने कभी प्रयास नहीं किया कि मुस्लिम आर्थिक रूप से मजबूत हो



» भारतीय जनता पार्टी का वक्फ सुधार जन जागरण अभियान कार्यक्रम

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के माध्यम से प्रदेश में वक्फ संसोधन विधेयक का सत्य लेकर जन संवाद करेगी। शनिवार को राजधानी के भागीदारी भवन में आयोजित कार्यशाला को पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने संबोधित किया।

कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अभियान के प्रदेश संयोजक त्रयम्बक त्रिपाठी, प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आजाद अंसारी, असीम अरूण, जसवंत सैनी, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह तथा अभियान के सहसंयोजक श्री अखिलेश बाजपेई उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने किया। कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, अभियान के जिला संयोजक व सहसंयोजक, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी, मीडिया सहप्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष, आईटी एवं सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक व सहसंयोजक सम्मिलित रहे।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस की शुरू से रणनीति रही कि देश का मुसलमान डरा रहे व हिन्दू विरोध में खड़ा रहे और वोट बैंक की तरह भाजपा के विरोध में कांग्रेस के लिए लगातार वोट करता रहे। कांग्रेस ने कभी प्रयास नही किया कि मुस्लिम आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत हो। उन्होंने कहा कि 2005 में कांग्रेस सरकार ने सच्चर कॅमेटी गठित की और 2006 में कॅमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। रिपोर्ट में आया कि देश का मुसलमान आर्थिक, शैक्षिक रूप से पिछड़ा है व सामाजिक रूप से अलग-थलग है, लेकिन कांग्रेस ने ऐसा कोई काम नही किया, जिससे मुसलमानों का आर्थिक, शैक्षिक व सामाजिक जीवन बेहतर हो सके। बस एक बयान दिया कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं मानता हूं कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीबों का है। यही काम मोदी जी ने करके दिखाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 31 फीसदी मकान मुस्लिमों को मिले। उज्जवला योजना में 37 प्रतिशत निःशुल्क गैस कनेक्शन मुस्लिम महिलाओं को मिले। मुद्रा योजना में 36 फीसदी लोन मुस्लिम परिवारों को मिला है।

# लू के प्रकोप से बचाएंगे रोचक हिंदी कार्टून

» सीएम योगी के निर्देश पर हीट वेव से बचने के लिए राज्य में व्यापक जनजागरूकता अभियान शुरू

» यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बनाई योजना



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप से बचाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर व्यापक जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपीएसडीएमए) ने एक विशेष योजना तैयार की है। जिसके तहत रोचक हिंदी कार्टून फिल्म, पोस्टर, पैम्फलेट और विनाइल बोर्ड के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाएगा।हीट वेव, आगजनी, वज्रपात जैसी आपदाओं से निपटने के लिए यह अभियान प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा।

विशेष रूप से तैयार की गई हिंदी कार्टून फिल्म लू से बचें और बचाएं के जरिए बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को सरल व मनोरंजक तरीके से सुरक्षा उपाय बताए जाएंगे।प्राधिकरण की ओर से प्रदेश के सभी जिलों में कार्यशालाएं आयोजित कर पोस्टर एवं पैम्फलेट के जरिए लोगों को लू से बचाव की जानकारी दी जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर लगातार संदेश साझा किए जाएंगे। जिससे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जानकारी पहुंचे।आपदा से बचाव के उपाय स्पष्ट रूप से बताए जाएंगे सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टैंड, मॉल, सिनेमा हॉल आदि पर प्लेटफॉर्म चस्पा किए जाएंगे और वीडियो फिल्में चलाई जाएंगी।

प्रदेश की सभी ग्राम पंचायत भवनों पर क्या करें, क्या न करें की जानकारी वाले विनाइल बोर्ड लगाए जाएंगे। जिनमें हीट वेव, अग्निकांड, वज्रपात व अन्य आपदा से बचाव के उपाय स्पष्ट रूप से बताए जाएंगे। यह जागरूकता अभियान न केवल लोगों को लू से बचाव के प्रति सतर्क करेगा, बल्कि उन्हें अन्य आपदा से निपटने में भी सक्षम बनाएगा।

**अधिवेशन** ऑल इण्डिया ओबीसी रेलवे कर्मचारी संगठन उत्तर रेलवे का 28वां वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

# संगठन को दृढ़ विचारों के साथ आगे बढ़ने की जरूरत : धर्मेन्द्र यादव

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऑल इण्डिया ओबीसी रेलवे कर्मचारी संगठन उत्तर रेलवे का 28वां वार्षिक अधिवेशन सामुदायिक केन्द्र आलमबाग में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन के मुख्य अतिथि सांसद धर्मेन्द्र यादव रहे। धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि ओबीसी एसोसिएशन रेलवे का मजबूत व सबसे अधिक संख्या वाला संगठन है। संगठन को दृढ़ विचारों के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। आपके अधिकारों के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन पहले से ही है और आवश्यकता पड़ने पर संसद में भी आपके अधिकारों के लिए चर्चा की जाएगी।

उन्होंने रिजर्वेशन पॉलिसी को मजबूत करने तथा प्रमोशन में रिजर्वेशन के लिए सरकार से बात करने का आश्वासन दिया। बैठक में उत्तर रेलवे के महामंत्री एसके यादव ने कहा कि यूपीएस पेंशन में ही ओपीएस पेंशन के सभी प्रावधान किए जाय। स्थायी वार्ता तंत्र पीएनएम तथा संयुक्त वार्ता तंत्र जेसीएम में ओबीसी संगठन की शाखास्तर पर भी कार्ड पास की मांग की तथा जोनल स्तर, मण्डल स्तर व शाखास्तर पर शासन के साथ अनौपचारिक बैठक 2 से बढ़ाकर 3 किया जाय। कहा कि डीए 50 प्रतिशत होने पर रनिंग कर्मचारियों का रनिंग भत्ता में 25 प्रतिशत जनवरी 2024 से बढ़ाया जाय तथा एरियर का भुगतान भी किया जाय।

वर्कशाप मण्डल के मण्डल सचिव जीएस यादव ने प्रशासन से मांग की कि जीडीसीई तथा एलडीसीई रेलवे के सभी कैटेगरी में चालू किया जाए। सहायक महासचिव विनोद कुमार सचान तथा लखनऊ मंडल के सचिव श्री अभिषेक यादव ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष केएस कुशवाहा ने की। उन्होंने रेल प्रशासन से जोरदार मांग की कि एलएआरएसजीईएस एस स्कीम को पुनः लागू किया जाए तथा रेलवे में निजीकरण को तत्काल रोका जाये एवं पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों का रिजर्वेशन के अनुसार बैकलॉग पूरा किया जाय।



कार्यक्रम में दिल्ली मण्डल से सत्यपाल सिंह मण्डल सचिव, राकेश सिंह मण्डल अध्यक्ष, फिरोजपुर मण्डल से ब्रजेश कुमार मण्डल सचिव, मुन्ना कुमार मण्डल अध्यक्ष, अम्बाला मण्डल से डीपी सिंह मण्डल सचिव, राकेश सिंह मण्डल अध्यक्ष, मुरादाबाद मण्डल से संजय यादव मण्डल सचिव संतराम यादव मण्डल अध्यक्ष, हेड क्वार्टर मण्डल से सहा. मण्डल सचिव राम विलास यादव, मण्डल अध्यक्ष रामलाल, ब्रिज वर्कशाप से शाखा सचिव त्रिलोकी यादव आदि ने उपस्थित होकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन बीके सिंह सहायक महासचिव उत्तरी क्षेत्र ने किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी, नगर महासचिव इरशाद अहमद 'गुड्डू', वरिष्ठ नेता भरत यादव, नागेन्द्र सिंह, धीरज यादव, कुलदीप यादव, जिला उपाध्यक्ष टी0बी0 सिंह, अनिल पासी, जिला कोषाध्यक्ष इस्तियाक अहमद, रामप्रकाश यादव, तानसेन यादव, अमित सक्सेना, प्रदीप कनौजिया, ज्ञानेन्द्र कुमार 'ज्ञानू', प्रदीप शर्मा, अरविन्द यादव, प्रमोद यादव पार्षद, शौकत अली एवं शिवम यादव 'गोलू' सहित तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया शुभारम्भ




**बरेली।** शासन के आदेशानुसार स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक 15 दिवस में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर पंद्रह दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील फरीदपुर के श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण तथा मॉ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी को संविधान का सम्मान करना चाहिए और बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी ने हर वर्ग को न्याय दिलाने का कार्य किया है। वह एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, प्रेरणादायक व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। उनका जीवन हमें सदैव सिखाता है कि हालात कितने भी मुश्किल क्यों न हो अगर हम अपने मन में आत्मविश्वास और लक्ष्य को पाने की जिद्द हो तो कुछ भी असम्भव नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा संस्कृति उत्सव-2024 के प्रतिभागियों को सम्मानित कर बच्चों को मौलिक कर्तव्यों के पालन के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मलिका नयन, प्रधानाचार्य दीप कला, विद्यालय की अध्यापिकाएं एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहीं।

### बाढ़ से पहले व्यवस्था यें चाकचौबंद कर रहा प्रशासन

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सिरौलीगौसपुर तराई क्षेत्र में सरयू नदी में आने वाली बाढ़ से पहले प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। तहसील के सिरौलीगुंग गांव के पास नदी की ड्रेजिंग करवा कर सफाई कार्य का कानपुर मंडल अधीक्षण अभियंता ने शनिवार को जायजा लिया। उन्होंने 3 किलोमीटर लंबे ड्रेजिंग कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। कार्यशाला मंडल के अधीक्षण अभियंता कन्हैया प्रसाद ने मौके पर मौजूद सहायक अभियंता सर्वेश पटेल और अवर अभियंता अनिल कुमार से विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने सभी संबंधित इंजीनियरों को निर्देश दिए कि वे ड्रेजिंग का काम जल्द से जल्द पूरा करें। यह काम बाढ़ से बचाव की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### गेहूं क्रय केंद्रों का प्रमुख सचिव ने किया निरीक्षण

**बाराबंकी।** प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद विभाग रणवीर प्रसाद और खाद्यायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी ने शनिवार को मंडी परिसर स्थित गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने मंडी में 5 क्रय केंद्र चालू पाए, लेकिन गेहूं की आवक अत्यंत कम रही। मौके पर केवल तीन ट्रॉलियों में करीब 100 कुंतल गेहूं ही आया था। इस स्थिति को देखते हुए प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि सभी क्रय केंद्रों को मोबाइल क्रय केंद्र के रूप में परिवर्तित किया जाए, ताकि गेहूं की खरीद सीधे किसानों के खेत या घर से की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मोबाइल केंद्रों से डिपो तक की वास्तविक दूरी के अनुसार परिवहन ठेकेदार को भुगतान किया जाए। जिला खाद्य विपणन अधिकारी रमेश कुमार ने जानकारी दी कि हाल की असमय वर्षा के कारण गेहूं में लस्चर और नमी बढ़ गई है, जिसके चलते खरीद में समस्या आ रही है। मानकों में शिथिलता के लिए पत्र भेजा गया है, अनुमति मिलते ही खरीद प्रक्रिया तेज होगी। निरीक्षण दौरान डीएम शशांक त्रिपाठी और एसडीएम नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी भी मौजूद रहे।

### हज यात्रा : 186 लोगों का हुआ टीकाकरण

**बाराबंकी।** इस साल जनपद से पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले 90 महिला, 96 पुरुष के साथ कुल 186 लोगो को ट्रेनिंग देकर डिप्टी सीएमओ की निगरानी में टीकाकरण कराया गया। कैम्प जनपदीय हज सेवा समिति के सहयोग से आयोजित किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बालेंदु कुमार और सदर विधायक सुरेश यादव ने हज यात्रियों से मिलकर उन्हें पवित्र यात्रा की शुभकामनाएं दी। डाक्टर राजीव कुमार ने हज पर जा रहे डाक्टर अकबाल अंसारी को ओरल ड्रॉप पिलाकर कैम्प का शुभारम्भ किया। इस प्रक्रिया के साथ ही हज यात्रा पर जाने वालों की सभी तैयारियां भी पूरी हो गई। शिविर के आयोजक हाजी इरफान अंसारी ने बताया कि सभी यात्रियों को मेडिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र भी दिया गया। हज यात्रियों को प्रशिक्षित किया हज सेवा समिति पदाधिकारियों ने बताया कि हज के लिए जाने वालों को हर अरकान जैसे अहराम बांधना तवाक करना उमरा करना सई रमीजमरात मीना अरफात मुज्दलफा अदा करने के तौर तरीके बताए व समझाए गए। हज यात्रियों के टीकारण शिविर में जनपद की फरजाना बेगम मेमोरियल ट्रस्ट की तरफ से आजमीन के लिए बतौर हदिया एहराम का कैम्प लगाकर सभी को वितरण किया। रसौली के काजी सफीक व तुफैल की तरफ से सफर बुक एहराम तस्वी मिस्वाक को नि:शुल्क बांटा गया। यूनानी डाक्टर एसोशिएसन की तरफ से कुल 14 यूनानी अंग्रेजी दवाइयों का मेडिसिन किट सभी को दिया गया। ट्रेनिंग तकरीर में मौलाना अरसद काशमी ने विस्तृत जानकारी दी।

### सावधानी बरतें, हीट वेव से बचे: श्रीवास्तव

**बाराबंकी।** जहाँ तक सम्भव हो दोपहर व तेज धूप में निकलने से बचना चाहिए, तापमान बढ़ने से शरीर को पानी की अधिक मात्रा की आवश्यकता होती है, इसलिए अधिक से अधिक पानी पीते रहना चाहिए। उक्त उद्गार पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज में संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 डी0 के0 श्रीवास्तव ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सावधानी बरतने से ही हीट वेव से बचा जा सकता है। मलेरिया नियन्त्रण अधिकारी डॉ0 सुजाता ठाकुर ने विस्तार से डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार आदि संचारी रोगों से बचने के उपाय छात्रों को बताये। उन्होने कहा कि कहीं पर भी अनावश्यक रूप से जल नहीं जमा होने देना चाहिए, इसलिए नियमित रूप से कूलर का पानी बदलते रहना चाहिए तथा गमले, टायर, खाली डिब्बों आदि की जॉच करते रहना चाहिए, फ्रिज के पीछे निकलने वाले पानी को इक्ट्ठा न रहने दें, क्योंकि मच्छर के लार्वा ऐसे स्थानों के पानी में ही पनपते हैं। हमें नियमित रूप से मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। शरीर एवं कपड़ों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना है। इसी अवसर पर सड़क सुरक्षा अभियान के नोडल शिक्षक गौतम चौधरी द्वारा छात्रों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए विशेष जानकारियां प्रदान करते हुए छात्रों को शपथ भी दिलायी गयी। कार्यक्रम में शिक्षक अनीश कुमार, उदयवीर सिंह, त्रिलोकीनाथ, राम सुरेश यादव, नीलम देवी, राम अधार भारती, आदि शिक्षक, शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

## बस की बाइक में टक्कर लगने से हुआ हादसा, चार अन्य लोग घायल, लगा लंबा जाम

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखीमपुर।** लखीमपुर खीरी में शारदानगर मार्ग पर तेतारपुर गांव के पास तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंद दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। वहीं बस भी पेड़ से टकरा गई, जिससे चार सवारियों चोटिल हो गईं। लखीमपुर खीरी में शारदानगर मार्ग पर तेतारपुर गांव के पास शनिवार दोपहर बस की टक्कर से अमरोहा निवासी बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। वहीं बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इससे चार यात्री चोटिल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

पुलिस के मुताबिक अमरोहा के निजामपुर सेनधरी निवासी बलवंत अपने पुत्र आनंद कुमार और साले विजय के साथ शनिवार को शारदानगर गए थे। दोपहर बाद पिता और पुत्र एक बाइक से और विजय दूसरी बाइक से वापस लखीमपुर जा रहे थे। फूलबेहड़ क्षेत्र में तेतारपुर गांव के पास मोड़ पर बाइक सवार पिता-पुत्र को तेज रफ्तार बस ने चपेट में ले लिया। हादसे में बलवंत (52 वर्ष) और उसके पुत्र आनंद (35वर्ष) की मौके पर मौत हो गई। दूसरी बाइक से चल रहे विजय बाल-बाल बचे। बाइक से भिड़ने के बाद बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इससे बस सवार यात्री निघासन के रकेहटी निवासी इनायत अली और बाराबंकी निवासी प्रहलाद, गीता देवी, सुनीता देवी और बुजुर्ग चेतरी देवी समेत चार सवारियां चोटिल हो गईं। प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने बताया कि अमरोहा निवासी मृतक पिता और पुत्र शहर के राजापुर चौराहे के पास जड़ी बूटी बेचने का काम करते थे। उनके परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं बस में कुछ सवारियों को मामूली चोट आई है। घायलों का उपचार कराया गया है।



### हाइवे पर तेज रफ्तार वैन ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक गंभीर

**निघासन खीरी।** लखीमपुर खीरी के निघासन-ढखेरवा हाईवे पर स्थित सूरजपुर धर्म कांटे के पास शनिवार को तेज रफ्तार मारुति वैन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार सामने से आ रही मैजिक गाड़ी से भी टकरा गए। हादसे में दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को निघासन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, सिंगाही थाना क्षेत्र के सिंगहा गांव निवासी नन्हू पुत्र तौले अपने रिश्तेदारी में रकेहटी देहात के चिड़ीमारन गांव जा रहे थे। उनके साथ बाइक पर चिड़ीमारन गांव निवासी धनीराम पुत्र चंद्रिका भी सवार थे। जैसे ही उनकी बाइक सूरजपुर धर्म कांटे के पास पहुंची, पीछे से आ रही तेज रफ्तार मारुति वैन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक बाइक से गिरकर सामने से आ रही मैजिक गाड़ी की चपेट में भी आ गए। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर दोनों को अस्पताल पहुंचाया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची निघासन पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वाहन को कब्जे में लेकर अज्ञात मारुति वैन की तलाश शुरू कर दी।

## मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियां तोड़ीं सांप्रदायिक तनाव, पुलिस बल तैनात




**गोला खीरी।** लखीमपुर के थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव बिलवा में एक गंभीर घटना सामने आई है। कुछ असामाजिक तत्वों ने देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हैदराबाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दो थानों की पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। एसडीएम भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। पुलिस का मानना है कि यह क्षेत्र में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश हो सकती है। इस संवेदनशील मामले की जांच शुरू कर दी गई है।लोगों से शांति रखने की अपील।पुलिस और प्रशासन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हैं। स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। पुलिस दोषियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि माहौल बिगड़ने की कोशिश करने वालों की तलाश कराई जा रही है। पुजारी और ग्रामीण के सहयोग से खंडित मूर्तियों को विसर्जित किया जाएगा। शीघ्र ही नई मूर्तियां की स्थापना की जाएगी। अज्ञात अराजकतत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच में जुटी है। दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है। पूरे क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है।

**बाइक ने महिला को मारी टक्कर, आरोपी बाइक छोड़कर फरार**

**फूलबेहड़ खीरी।** लखीमपुर जनपद के ब्लॉक फूलबेहड़ के फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के दाउदपुर गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई।मृतका की पहचान राजेंद्र की पत्नी रामश्री के रूप में हुई है। आज 19 अप्रैल 2025 दिन शनिवार दोपहर करीब 3 बजे मृतका महिला के पति राजेंद्र ने बताया दरअसल उनकी पत्नी 18 अप्रैल की शाम को खेत से पैदल घर लौट रही थी। इसी दौरान दाउदपुर गांव के पास एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई आनन-फानन में उनका इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ लाया गया जहां के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया था जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उनकी पत्नी को मृत घोषित कर दिया।हादसे के बाद बाइक चालक अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। फूलबेहड़ थाना प्रभारी आलोक कुमार धीमान ने बताया कि पुलिस आरोपी बाइक चालक की तलाश कर रही है।

## हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में जोरदार प्रदर्शन कर विहिप ने सौंपा ज्ञापन, नाराजगी

विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर वक्फ कानून की आड़ में किए गए अत्याचार के विरोध में शनिवार को शहर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर लाजपत नगर से पटेल तिराहे तक विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। बंगाल में हिंदुओं की हत्या और उनके घरों प्रतिष्ठानों में हो रही आगजनी को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता के द्वारा एक विशेष समुदाय को खुलेआम संरक्षण दिए जाने के विरोध में विहिप के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल सरकार व ममता बनर्जी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि को सौंपकर पश्चिम बंगाल सरकार बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। जिलाधिकारी प्रतिनिधि एसडीएम आनंद तिवारी और सीओ सुमित त्रिपाठी ने पटेल तिराहे पर विरोध प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं से ज्ञापन लिया। एसडीएम सदर आनंद तिवारी ने कहा कि ज्ञापन की प्रति उचित माध्यम से आवश्यक कार्यवाही के लिए महामहिम राष्ट्रपति को भेज दिया जाएगा। भेजे गए ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद ने बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाए जाने, बंगाल हिंसा की जांच छप्। द्वारा करवाए जाने, दोषियों को अविलंब दंडित किये जाने के साथ ही बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको निष्कासित किए जाने की भी मांग की गई। विरोध प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य जिला मंत्री राहुल कुमार, अमित कुमार गुप्ता, राहुल विक्रम, नेहा मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव, विद्या प्रसाद वर्मा, ब्रह्म प्रकाश दीक्षित, दयाशंकर, सचिन प्रताप, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## 325 नई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में से 121 को वितरित हुए नियुक्ति पत्र



विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा डीआरडीए सभागार में आयोजित समारोह में जिले की 16 बाल विकास परियोजनाओं के तहत नवचयनित 325 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में से 121 को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (खाद्य एवं रसद) सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र गर्भावस्था से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं और नवचयनित कार्यकत्रियों से इस व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया। विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने नई पीढ़ी की कार्यकत्रियों को जोश के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी, वहीं एमएलसी अंगद सिंह ने चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता की सराहना की। विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत ने सभी कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नवचयनितों को बधाई दी। डीपीओ भूषण कुमार ने बताया कि शेष कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र कार्यालय से वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में चयनित कार्यकत्रियों के चेहरों पर खुशी देखते ही बन रही थी।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता गोष्ठी छात्राओं ने बनाई पेंटिंग

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के पांचवें दिन फायर स्टेशन रामसनेहीघाट पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सुमेरगंज के छात्रों ने अग्नि सुरक्षा पर विचार साझा किए और पेंटिंग के माध्यम से जागरूकता फैलाई।

बीएनसी एकेडमी के बच्चों ने भी बेहतरीन पेंटिंग बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फायर प्रभारी चंद्र भूषण शुक्ला ने बताया कि 14 से 20 अप्रैल तक चलने वाले इस सप्ताह में करीब 100 विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्रों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर फायर टीम ने आग बुझाने का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार भोलानाथ मिश्र ने की। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान राकेश चंद्र वर्मा, तेज बहादुर सिंह, गुरु राज नारायण मिश्र, पत्रकार देव प्रकाश तिवारी, राम नारायण मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कहा गया सभी को जागरूक करने की जरूरत है।

## 311 शिकायते प्राप्त, 74 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया

विश्ववार्ता संवाददाता



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशन में जनपद की सभी छह तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। नवाबगंज तहसील में आयोजित मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें एवं शिकायतकर्ताओं से नम्रता से व्यवहार कर संतुष्टिपरक समाधान करें।

जनपद भर में प्राप्त कुल 311 शिकायतों में से 74 का निस्तारण मौके पर किया गया। नवाबगंज तहसील में कुल 86 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 20 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। डीएम ने भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता देने तथा निस्तारण की पुष्टि शिकायतकर्ता से सीधे फोन पर करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में सभी विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

फतेहपुर 39 शिकायतें, 27 का मौके पर निस्तारण, रामसनेहीघाट 47 शिकायतें, 2 का मौके पर निस्तारण, रामनगर 56 शिकायतें, 10 का मौके पर निस्तारण, सिरौलीगौसपुर 23 शिकायतें, 3 का मौके पर निस्तारण, हैदरगढ़ 65 शिकायतें, 12 का मौके पर निस्तारण किया गया।

## तेज आंधी से गिरा छप्पर तीन महिलाएं घायल

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** शुक्रवार देर रात तुरकानी गांव में तेज आंधी के कारण एक छप्पर गिर गया। हादसे में तीन महिलाएं घायल हो गईं।

घटना में बाबादेई (65), उनकी बहू रामरति (45) और पोती रामवती (20) घायल हुईं। तीनों महिलाएं छप्पर नुमा मकान में रहती थीं। हादसे के समय वे छप्पर के नीचे सो रही थीं। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तुरंत मदद की। उन्होंने तीनों महिलाओं को मलबे से बाहर निकाला। घायलों को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया गया। तहसीलदार शरद सिंह के निर्देश पर लेखपाल रविकांत ने घर का निरीक्षण किया। चिकित्सकों के अनुसार तीनों महिलाएं अब खतरे से बाहर हैं। उनका इलाज जारी है। लोगों का कहना है कि अचानक हादसे से लोगों में भगदड़ मच गई। सभी लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

## देश के मुसलमानों की भलाई के लिए है कानून

विश्ववार्ता संवाददाता



**बाराबंकी।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा है कि, नये वक्फ कानून को लेकर जो हंगामा मचाया जा रहा है, वह असल में देश के मुसलमानों की भलाई के लिए नहीं, बल्कि कुछ राजनीतिक दलों और स्वार्थी तत्वों की साजिश है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और ओवैसी जैसे नेता इस कानून का विरोध कर केवल और केवल वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। ये सभी लोग अपने को धर्मनिरपेक्ष कहते हैं, लेकिन इनकी धर्मनिरपेक्षता केवल दिखावा है। एक बनावटी मुखौटा, जिसके पीछे छिपकर ये मुस्लिम समाज को बरगलाने और भड़काने का काम करते हैं। असल में, ये वही लोग हैं जिन्होंने सालों-साल मुसलमानों को झूठे वादों में उलझा कर रखा। शिक्षा, रोज़गार, सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, सिर्फ भावनाओं के नाम पर वोट बटोरते रहे। अब जब सरकार वक्फ की सम्पत्तियों के दुरुपयोग पर लगाम लगाने और पारदर्शिता लाने के लिए कानून बना रही है, तब इनकी नींव हिलती नजर आ रही है। मुसलमानो के सबसे बड़े पैरोकार खुद को मानने वाले अखिलेश यादव अब आजम खान का नाम नहीं लेते, जो इस दल के जन्म से अब तक अपनी सेवाए देते रहे। वसीम राईन ने कहा कि यही नहीं, जो लोग खुद को कौम के रहनुमा कहते हैं, वे भी इस कानून का विरोध कर रहे हैं। वजह साफ है अब तक जिन जमीनों और सम्पत्तियों का वे मनमाना इस्तेमाल कर रहे थे, वो सब उनके हाथ से निकलने वाला है। ये रहनुमा मुसलमानों के हितैषी नहीं, बल्कि वक्फ सम्पत्तियों के ठेकेदार बन बैठे थे। आज जब उनकी खुद की जमीन खिसक रही है, तो वे मुसलमानों के कंधे पर बंदूक रखकर सरकार पर निशाना साध रहे हैं।

अपील करते हुए वसीम ने कहा कि मुसलमान भाइयों को समझना होगा कि यह कानून उनके हितों की रक्षा के लिए है, न कि उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए। वक्फ सम्पत्तियाँ कौम की अमानत होती हैं और उनका सही उपयोग सुनिश्चित करना ज़रूरी है। अब समय आ गया है कि हम इन बनावटी रहनुमाओं और राजनीतिक बहुरूपियों की सच्चाई पहचानें और देशहित में लिए गए निर्णयों का समर्थन करें।

## महाराणा प्रताप के शौर्य पर गोष्ठी आयोजित

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** भिटरिया स्थित राजपूत मार्केट में शनिवार को पूर्व प्रमुख दिनेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में महाराणा प्रताप के शौर्य, संघर्ष और बलिदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने राजपूतों की वीरता, उच्च सभ्यता और बलिदान पर प्रकाश डाला।

जिस समाज में शूरवीरों का सम्मान नहीं होता, वहाँ शौर्य का जन्म भी बंद हो जाता है। इस अवसर पर प्रतिभागियों को महाराणा प्रताप पर लिखी पुस्तक भेंट की गई। पूर्व प्रमुख दिनेश सिंह, सुरेश सिंह, टीबी सिंह, एडवोकेट वीरेंद्र सिंह, देव प्रकाश तिवारी, शनि सिंह सिसोदिया, समर बहादुर सिंह, अरुणेंद्र सिंह, पंकज सिंह, विजय सिंह उपस्थित रहे।

**समाधान** दिव्यांग बच्चों को मिला सहारा, डीएम-एसपी ने बांटी एमआर किट, एमआर किट पाकर खिले नन्हें चेहरों पर मुस्कान

# शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील मितौली के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

इस अवसर पर डीएम ने एसपी संकल्प शर्मा व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 46 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 21, पुलिस 06, विकास, विद्युत और आपूर्ति 04-04, चकबंदी के 02 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया। इस दौरान एसडीएम रेणु मिश्र, सीओ शमशेर बहादुर सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, तहसीलदार भीमसेन सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने 15 मानसिक मंदित बच्चों को एमआर किट वितरित कर न सिर्फ उन्हें संसाधन दिए, बल्कि उनकी खामोश दुनिया में उम्मीद की रोशनी भी जगाई।

इस पहल का उद्देश्य विशेष बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करना और समाज में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।जिला प्रशासन की इस संवेदनशील पहल की अभिभावकों ने सराहना की और बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखर गई।





## बाइक सवारों को कैन्टर ने रौंदा, दो की मौके पर मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** गलत साइड से जा रहे मोटरसाइकिल सवारों को सामने से आ रहे कैन्टर ने जोरदार ठोकर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

शुक्रवार शाम भोजपुर मजरे सादुल्लापुर निवासी राकेश चंद्र का एकलौता पुत्र प्रिंस वर्मा (15) गांव के ही अमित वर्मा (16) पुत्र मनोज वर्मा और बबुई (18) पुत्र दिलकू के साथ एक मोटरसाइकिल से वीर गांव में एक तेरहवीं में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में मोटरसाइकिल में पेट्रोल लेने के लिए यह लोग मोहम्मदपुर कीरत स्थित एचपी पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेकर रॉन्ग साइड से मोहम्मदपुर चौराहे की ओर आ रहे थे तभी उनकी मोटरसाइकिल में अयोध्या की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार कैन्टर ने जोरदार ठोकर मार दी।

# मुर्शिदाबाद हिंसा के खिलाफ हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

» राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा

» पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** विश्व हिंदू परिषद ने वक्फ कानून की आड़ में समूचे पश्चिम बंगाल में जिस तरह से हिंसा करके हिंदुओं को प्रताड़ति किया जा रहा है और राज्य सरकार द्वारा राष्ट्र विरोधी तथा हिंदू विरोधी तत्वों को अपने षड्यंत्र को क्रियान्वित करने की जिस तरह से खुली छूट दी जा रही है वह निश्चित ही चिंता की बात है और इस पर लगाम लगाए जाने के साथ ही राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को कड़ी सजा दिलाने के लिए कठोर कदम उठाए जाए।



जुलूस निकालते हिंदू संगठनों के लोग।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता।

विहिप के जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन बेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में संगठन के सदस्यों व पदाधिकारियों जिनमें भाजपा के लोग भी शामिल रहे, ने कलेक्ट्रेट परिसर में पश्चिम बंगाल में हिंदू विरोधी हिंसा के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को नामित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। उन्होंने कहा कि हिंदू विरोधी हिंसा को लेकर समूचा बंगाल प्रभावित है। यह हिंसा मुर्शिदाबाद से प्रारंभ हुई जो पूरे बंगाल में फैलती जा रही है। पश्चिम बंगाल का शासकीय तंत्र दंगाईयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नहीं, बल्कि कई स्थानों पर यह दंगाइयों के सहयोगी भी बने रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए इसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार को चाहिए कि बंगाल के राज्य शासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके दुष्कृत्यों के लिए कड़ी सजा दिलवाई जाए। श्री बेदी ने कहा कि पिछली 11 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध के नाम पर किया गया हिंसक प्रदर्शन सरकार के विरोध में नहीं, अपितु हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण था। इस उम्मादी जेहादी भीड़ ने 200 से अधिक हिंदुओं के घरों, व्यवसायिक दुकानों को लूटकर जलाया गया और तमाम हिंदुओं को घायल कर दिया और तीन की निर्मम हत्या कर दी गई। यहां तक कि दर्जनों महिलाओं के साथ अश्लीलता की गई, जिसके परिणाम स्वरूप 500 से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा है।

इतना सब कुछ होते हुए भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जेहादियों के सामने पूरी तरह खामोश हैं। उन्होंने मांग की है कि हिंसा की एनआईए द्वारा जांच कराई जाए और दोषियों को दंडित कराए। बंगलादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों को निष्कासित करा जाए। ज्ञापन देने में भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, अमित सेठ भोलू, बलदेव सिंह, अरविंद कुमार, चंद्रपाल, लालाराम, अर्जित अग्रवाल, श्रीकांत गुप्ता, दीपू दीक्षित, प्रभाकर सिंह, नमन शिवहरे, पप्पू शर्मा, दिनेश गुप्ता देवेंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### 4 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**माधौगढ़ जालौन।** माधौगढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा 04 वारण्टी अभियुक्त गणों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल रामप्रकाश शाक्यवार पुत्र मथुरी शाक्यवार निवासी कस्बा व थाना माधौगढ़ जनपद जालौन , रामप्रताप सिंह पुत्र कप्तान सिंह निवासी ग्राम मिहोनी थाना माधौगढ़ जनपद जालौन, . मेहरवान सिंह पुत्र प्रताप सिंह, कल्लन सिंह पुत्र मेहरवान सिंह निवासी ग्राम सिरसादोगढ़ी थाना माधौगढ़ जनपद जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

### भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च

**उरई जालौन।** अपर पुलिस अधीक्षक जालौन प्रदीप कुमार वर्मा द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर अर्चना सिंह एवं कोतवाली प्रभारी उरई अरुण कुमार राय व पुलिस बल के साथ शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु नगर उरई में भीड़भाड़, संवेदनशील स्थानों, बाजार, आदि जगहों पर फ्लैग मार्च/पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं आमजनमानस में कराया सुरक्षा का एहसास।

### निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया



**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गल्ला मंडी जालौन में क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी में किसानों की उपस्थिति, अनाज की खरीद-बिक्री की प्रक्रिया, साफ-सफाई, तौल प्रक्रिया, अनाज भंडारण एवं क्रय केन्द्रों की व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी में प्रतिदिन नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गल्ला मंडी किसानों के लिए एक प्रमुख स्थल है, जहां वे अपनी मेहनत का फल लेकर आते हैं। अतः यह हमारी जिम्मेदारी है कि उन्हें एक स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करें। जिलाधिकारी ने मंडी में किसानों से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने किसानों से उनकी समस्याएं जानीं और यह भी पूछा कि मंडी में उन्हें फसल बेचने में कोई कठिनाई तो नहीं हो रही है। अधिकांश किसानों ने मंडी की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन कुछ किसानों ने तौल प्रक्रिया में देरी और कुछ कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि तौल प्रक्रिया को और समयबद्ध बनाया जाए और यदि किसी कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने मंडी में क्रय केंद्रों पर हो रही फसल की खरीद प्रक्रिया की निगरानी करने वाले अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य समय पर मिले और भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी न हो। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विनय मौर्य, खाद्य विपणन अधिकारी गोविंद उपाध्याय, ए आर कोऑपरेटिव आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### 24 को आएंगी राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष

**बांदा।** राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया रहाटकर 24 अप्रैल (गुरुवार) को जिले में आएंगी। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अभिताभ यादव ने बताया कि महिला आयोग अध्यक्ष दोपहर 2 बजे सर्किट हाउस सभागार में महिलाओं को सशक्त बनाने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं से संबंधित समस्याओं, घरेलू हिंसा एवं अन्य प्रकार की समस्याओं के निस्तारण के लिए जनसुनवाई करेंगी। जबकि इसके पहले महिला आयोग की अध्यक्ष 9 .30 बजे जिला जेल में निरीक्षण और 10 .30 बजे बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में और 12 बजे महिला डिग्री कालेज में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। इस दौरान पुलिस व प्रशासन तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### दुकानदार के ऊपर कांच से हमला

**बांदा।** सड़क किनारे पानी पूरी की दुकान लगाने को लेकर दो दुकानदार आप में भिड़ गए। एक दुकानदार ने दूसरे दुकानदार पर कांच से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहर के कांशी राम कालोनी निवासी अमित (22) पुत्र मनफूल पुराने आरटीओ आफिस के पास पानी पूरी का ठेला लगाता है। वही दूसरे दुकानदार ने अमित की जगह पर अपना ठेला लगा दिया। ठेला हटाने को लेकर दोनो दुकानदारो मे विवाद हो गया। एक दुकानदार ने अपना शीशे का काउटंर तोड़ कर अमित के ऊपर कांच से हमला कर दिया। जिससे उसकी दाहिने हाथ की नस कट गई। जिससे वह लहूलुहान हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

### सर्प दंश से किसान की मौत

**बांदा।** खेत में काम कर रहे किसान को सर्प ने डस लिया। उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिसंडा थाना क्षेत्र के कोर्रा खुर्द गांव निवासी उमेश (41) पुत्र राजाभइया शनिवार की सुबह खेत में काम कर रहा था। तभी सर्प ने उसके दाहिने पैर के अगूठे में डस लिया। हालत खराब होने पर घरवालों ने उसका घरेलू उपचार किया। ओझाओं को बुला कर उसकी झाड़ फूक करवाई, लेकिन हालत में सुधार नही हुआ। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल आ रहे थे। तभी रास्ते में दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे भाई प्रकाश ने बताया कि उमेश किसानी करता था। उसके पास चार बीघा जमीन है।

### बाइक से गिर कर जीजा साली घायल

**बांदा।** तेज रफ्तार बाइक आनियंत्रित होकर गिर पड़ी। जिससे जीजा साली घायल हो गए। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। छतरपुर जिला के गहबरा गांव निवासी गिरधारी (30) पुत्र अयोध्या प्रसाद की भतीजी सपना की रविवार को शादी है। वह शनिवार की दोपहर अपनी साली मीना (15) पुत्र बालूलाल बाइक में बैठाकर इलाज करवाने मध्य प्रदेश लवकुश नगर जा रहा था। तभी बरइया गांव के पास तेज रफ्तार बाइक आनियंत्रित होकर गिर पड़ी। जिससे दोनो लोग घायल हो गए। दो को जिला अस्पताल मेंभर्ती कराया गया।

### भाकियू की किसान महापंचायत कल

**बांदा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तत्वावधान में 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे से संकटमोचन मंदिर के पास किसान महापंचायत का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह पटेल ने बताया कि मासिक किसान पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष मनरूप सिंह परिहार, जोन अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी, मंडल अध्यक्ष कमल नयन पटेल समेत सभी पदाधिकारियों समेत प्रकोष्ठों व तहसील, ब्लाक इकाईयों के पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

बांदा। बिंसडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी अनिल (36) पुत्र शिवपूजन ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हुई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## गुणवत्ता और समय के साथ करें जन शिकायतों का निस्तारण : एडीएम

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** पैलानी सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी ने जनता की फरियादें सुनीं। इस दौरान पेश हुईं 78 शिकायती पत्रों में आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायती पत्र संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए सौंपते हुए एडीएम ने शिकायतों का समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ प्राथमिक के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। खबरदार किया कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार की मौजूदगी में शनिवार को पैलानी तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में आमजन की फरियादें सुनीं। इस दौरान 78 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को



» समाधान दिवस में 78 शिकायतों में 8 का मौके पर हुआ निस्तारण

गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश के साथ सौंपा गया। समाधान दिवस में मुख्यतरू राजस्व, पुलिस, आपूर्ति, जल निगम व विद्युत विभाग से संबंधित मामले ज्यादा रहे। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी पैलानी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेधावी बच्चों के लिए उपलब्ध कराई ट्राफी व शैक्षिक सामग्री

**नरैनी।** संकल्प टीम मेधावी एवं सुविधाविहीन छात्रों के हितार्थ संवेदनशील लोगों की सामाजिक पहल है। टीम द्वारा प्रतिवर्ष विद्यालयों में नवोदय एवं यूपी एनएमएमएसई परीक्षा की तैयारी के लिए शैक्षिक सामग्री एवं पुस्तकें उपलब्ध कराती है। इस तरह टीम प्रति वर्ष वार्षिक परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 2 छात्रों को स्टूडेंट ऑफ द ईयर शील्ड एवं शैक्षिक सामग्री भी उपलब्ध कराती है। तहसील सभागार में तहसीलदार चरखारी रामानंद, नायब तहसीलदार डॉ. आशीष शुक्ला एवं प्रबंधक पार्वती महिला महाविद्यालय के राजेश पांडे की उपस्थिति में टीम संकल्प की कार्यशाला आयोजित की गयी, जिसमें विगत शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के मेधावी बच्चों के लिए स्टूडेंट ऑफ द ईयर ट्रॉफी एवं शैक्षिक सामग्री उनके विद्यालय के अध्यापकों को उपलब्ध कराई गयी। इस कार्यशाला में शिक्षक गोविन्द, कालीचरण, अभय, अमोद, रोहित, योगेंद्र देव, देवीदयाल आदि रहे।

## कुशाग्र ने जेईई मेन में हासिल की सातवीं रैंक

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** कभी पिछड़ेपन और गरीबी के विख्यात रहे बुंदेलखंड क्षेत्र में अब सभी क्षेत्रों में प्रतिभाएं निखर कर सामने आ रही हैं।

शहर के प्रतिष्ठित गल्ला व्यापारी के मेधावी पुत्र ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए जेईई मेन परीक्षा में ऑल इंडिया में सातवीं रैंक हासिल की। मेधावी की इस बड़ी कामयाबी पर परिवार समेत पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा जिलाध्यक्ष, नगर पालिका चेयरमैन व सदर विधायक प्रतिनिधि समेत तमाम व्यापारियों और अन्य लोगों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शहर के छाबी तालाब निवासी एवं व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष तथा प्रतिष्ठित गल्ला व्यापारी अशोक गुप्ता बैंगहा और कंचन गुप्ता के मेधावी पुत्र कुशाग्र बैंगहा ने अपनी मेहनत और



» छात्र के परिवार के साथ पूरे जिले में दौड़ी खुशी की लहर

लगन के दम पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा घोषित किए गए परिणाम में ऑल इंडिया में सातवीं रैंक हासिल की है। मेधावी कुशाग्र कानपुर स्थित एक इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी हैं। उनकी बड़ी बहन रुड़की इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा है।

छात्र ने बताया कि बहन से प्रेरणा लेकर उन्होंने यह उपब्धि हासिल की है। खुशखबरी से परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों के बीच जश्न का माहौल है। सभी ने उन्हें और उनके माता-पिता को बधाइयां और शुभकामनाएं दीं। अपनी सफलता का श्रेय कुशाग्र ने माता-पिता, शिक्षकों और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। उनकी इस उपलब्धि ने जिले का नाम शिक्षा क्षेत्र में पूरे देश में रोशन कर दिया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, अमित सेठ भोलू, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष राजकुमार राज समेत व्यापारी पन्नालाल धुरिया, रवि रूपौलिहा, ममता मिश्रा, संतोष गुप्ता, राज्य महिला आयोग पूर्व सदस्य प्रभा गुप्ता, अरुण पटेल, अनिल प्रजापति, लखन सिंह राजपूत, दुर्गा चैरसिया, नईम नेता, राजकुमार गुप्ता राजू, रमेश त्रिपाठी, अभिषेक पांडेय आदि ने घर पहुंचकर इस सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आधा दर्जन परियोजनों पर शासन की मुहर, होगा पर्यटन स्थलों का विकास

पर्यटन विभाग करा रहा कुरसेजाधाम मंदिर का कराया जा रहा विकास कार्य

बांदा। जनपद में पर्यटन विभाग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में छह परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिसका कार्य पूरी प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में पर्यटन विकास की जो छह परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। जिनमें नरैनी ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदौरा स्थित कारूबाबा मंदिर का पर्यटन विकास का प्रस्ताव क्षेत्रीय विधायक ओममणी वर्मा द्वारा राज्य सेक्टर पर स्वीकृत कराया गया है। वहीं जसपुरा ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लसड़ा वसधरी स्थित महर्षि वेदव्यास की जन्मस्थली का पर्यटन विकास जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद द्वारा स्वीकृत कराया गया है। विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर द्वारा ब्लाक कमासिन अंतर्गत ग्राम

## अंबेडकर जयंती सम्मान सभा में मंच पर 'निद्रा सभा', देखने को मिली




विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई।** जालौन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सम्मान सभा उस वक्त सुर्खियों में आ गई, जब मंच पर बैठे वरिष्ठ भाजपा नेता सोते हुए नजर आए। उरई नगर के रघुवीरधाम में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष/एमएलसी सलिल बिश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान, कानपुर-बुंदेलखंड के पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष मनोज राजपूत मंच पर ही खर्राटे लेते हुए सोते रहे। सदर

» भाजपा नेताओं का सोते हुए वीडियो वायरल...

विधायक गौरीशंकर वर्मा को उन्हें जगाने के लिए पेपर का सहारा लेना पड़ा। वहीं, मंच के नीचे पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका उरई अनिल बहुगुणा भी गहरी नींद में डूबे रहे।

जब एमएलसी सलिल बिश्नोई सभा को संबोधित करते हुए बाबा साहब अंबेडकर के योगदान और विचारों पर प्रकाश डाल रहे थे, तब इन नेताओं का सोना कैमरे में कैद हो गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है!!

## युवक का शव खेत पर मिला हत्या की आशंका

**बांदा।** युवक को शव घर से कुछ दूर स्थित बेरी के पेड़ के नीचे पड़ा पाया गया। घरवालों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दो डॉक्टरों के पैनल ने वीडियो ग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे उसके गले में फांसी का निशान बताया गया है।

कमासिन थाना क्षेत्र के भीती गांव निवासी रोहित (22) पुत्र हीरालाल शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद कमरे में लेट गया। भोर में उसकी मां कल्ली लघु शंका के लिए घर से बाहर निकली देखा तो उसका शव घर के नजदीक स्थित जलील और मुस्ताक के खेतो की मेड़ में लगे बेरी के पेड़ के नीचे पड़ा था। शव देखते ही वह चीख पड़ी शोर गुल सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

## ट्रैक्टर ट्राली समेत खाई में पलटा, बालक की मौत

विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** रामपुरा थाना क्षेत्र के जगम्मनपुर, में खेत पर हार्वेस्टर से कतरे गए गेहूं को भरने के लिए जा रहा ट्रैक्टर ट्राली समेत रास्ते में खाई में गिरकर पलट गया जिससे ट्रैक्टर पर बैठे नौ वर्षीय बालक की दबकर ठौर मौत हो गई है। रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लिड़ऊपुरा निवासी अवनीश सिंह सेंगर उर्फ गप्पू सेंगर के खेतों पर हार्वेस्टर से गेहूं की फसल की कटाई मड़ाई हो रही थी तभी हार्वेस्टर से निकले गेहूं भरने के लिए वह अपने निजी सोनालिका ट्रैक्टर को ट्राली समेत लेकर खेत पर जा रहे थे इससे पूर्व भी एक दो चक्कर लगा ट्राली भरकर घर पर गेहूं लेकर पलट गई । शनिवार को पूर्वान्ह समय करीब 11:00 बजे जब वह खेत से गेहूं भरने के लिए ट्रैक्टर लेकर जा रहे थे उसी समय लिटावली के हार में अचानक



अनियंत्रित होकर तकनीकी खराबी के कारण ट्रैक्टर असंतुलित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जाकर पलट गया जिससे ट्रैक्टर क्षति ग्रस्त हो गया ऑर बोनट पर बैठा गौरव उर्फ गोलू पुत्र अवनीश उर्फ गप्पू उम्र लगभग नौ वर्ष निवासी लिड़ऊपुरा बोनट और स्टेरिंग के बीच में फंसकर बुरी तरह से घायल हो गया घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की सहायता से ट्रैक्टर को सीधा किया गया और उसमें दबे मासूम नौ वर्षीय बच्चे गौरव को बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में आयोजित

विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** शासन की मंशानुरूप जनपद की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने तहसील जालौन के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 09 का निस्तारण जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व संहिता की धारा 24 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण आगामी 15 दिनों में अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही पत्थर गड़ी की प्रक्रिया भी समयबद्ध तरीके से पूरी कराई



» संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 9 का निस्तारण

जाए। धारा 34 के अंतर्गत नामांतरण से जुड़े तीन वर्ष से अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि गर्मी के मौसम में किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न न हो, इसके लिए ठोस व्यवस्था की जाए।

## दस बकायेदारों को थमाई गई अंतिम नोटिस

**बांदा।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सिंह प्रताप देव ने जानकारी देते हुए बताया है कि उप्र अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम के माध्यम से संचालित टर्मलोन योजना के तहत दस बड़े बकायेदारों की सूची तैयार की गई। सभी बकायेदारों को 15 दिन का अंतिम नोटिस देकर आगाह किया गया है कि निर्धारित समय पर ऋण की अदायगी कर दें, अन्यथा उनके खिलाफ आरसी जारी करने की कार्रवाई की जाएगी। बताया है कि सभी बकायेदारों को कई बार नोटिस दी जा चुकी है, लेकिन किसी ने अभी तक ऋण की अदायगी नहीं की है। जानकारी के अनुसार बड़े बकायेदारों में नफीस अहमद पुत्र स्व.जमील अहमद, परवेज खान पुत्र शमीउल्ला, हमीदुल्ला पुत्र हकीमुल्ला, नजमुद्दीन पुत्र एनुद्दीन, रफत उल्ला पुत्र फरहत उल्ला, रफत उल्ला खान पुत्र रहमत उल्ला खान, नीलम परवीन पत्नी अनवर हुसैन, मो.नसीम पुत्र रईस अहमद, मो.माजिद अंसारी पुत्र स्व.शाकिर अली और मुबीन अहमद पुत्र मुन्ना खान आदि के नाम शामिल हैं।

## विहिप व बजरंग दल का प्रदर्शन राष्ट्रपति शासन की मांग

विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** जालौन में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बंगाल में हिंदुओं के साथ बर्बरता की जा रही है। ममता सरकार इन मामलों को जानबूझकर नजरअंदाज कर रही है। उनका आरोप है कि सरकारी संरक्षण में हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है।



कार्यकर्ताओं ने बैनर-पोस्टर के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई है। इससे वहां की कानून-व्यवस्था में सुधार और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण पर रोक लगाने की बात कही गई है। बजरंग दल के जिला संयोजक ने कहा कि बंगाल में हिंदुओं की सुरक्षा खतरे में है। राज्य सरकार पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रही है। उन्होंने केंद्र से हस्तक्षेप की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि मांगें न मानने पर वे प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन तेज करेंगे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

**जागरुकता शिविर** छात्राओं को दी महिलाओं व बालिकाओं से संबंधित कानूनों की जानकारी

# हरेक बच्चे का अच्छी शिक्षा हासिल करना मौलिक अधिकार: एडीजे

» कस्तूरबा गांधी विद्यालय आयोजित हुआ विधिक जागरुकता शिविर

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग के दिशा निर्देशन पर ग्राम बड़ोखर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें यौन अपराधों से बालिकाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाले यौन शोषण से बचाव तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए छात्राओं को जागरुक किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज श्रीपाल सिंह ने शिविर को संबोधित करते हुए शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत बताया कि शिक्षा का अधिकार प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है, बल्कि प्रत्येक बच्चे को प्राथमिक शिक्षा निरूशुल्क प्राप्त करने का अधिकार है। चाहे उसकी जाति, लिंग, राष्ट्रीयता कुछ भी हो। इस अधिनियम के तहत प्राइवेट स्कूलों में 25 फीसदी सीटे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के बच्चों के लिए आरक्षित की गई हैं। इसका उद्देश्य सभी वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, ताकि उन्हें समाज में समान अवसर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि यह कानून सभी विद्यालयों के लिए एक समान पाठ्यक्रम निर्धारित करता है। अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए बुनियादी शिक्षा में प्रवेश सुनिश्चित करने का दायित्व सक्षम सरकार और स्थानीय प्राधिकारियों पर है।


बालिकाओं को संबोधित करतीं सुमन शुक्ला।

विधिक जागरुकता शिविर में शिविर को पराविधिक स्वयंसेवक सुमन शुक्ला ने महिला अथवा बालिका के यौन शोषण के मुद्दे पर विधिक जानकारी देते हुए उन्हें जागरुक किया और कहा कि ऐसी परिस्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी बताया कि बालिकाओं के साथ होने वाले लैंगिंग शोषण के बचाव के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा जनपद न्यायालय में गठित समिति के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। अंत में प्रभारी वार्डन कविता गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रज्ञा सिंह, रोशिनी सिंह, सुमन निगम, प्रियंका पांडेय, राशिद अहमद आदि के अलावा छात्राएं मौजूद रहीं।

## 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में हुए संस्कार महोत्सव आयोजन

» यज्ञोपवीत संस्कार के साथ लोगों ने गायत्री परिवार की ली दीक्षा

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** चार दिवसीय 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन यज्ञ शाला मे भव्य गायत्री यज्ञ के साथ यगोपवित संस्कार आयोजित हुए। तमाम लोगों ने गायत्री परिवार की दीक्षा ली। अन्य संस्कार भी कराये गये। सायंकालीन सत्र में भव्य अलौकिक दीपोत्सव से पांडाल जगमगा उठा।

बांदा-टांडा नेशनल हाईवे स्थित संत तुलसीदास उपवन में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन शनिवार को गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन किया गया। संस्कार महोत्सव एवं गायत्री महायज्ञ में टोलीनायक सुरेंद्र वर्मा ने सबसे पहले यज्ञ की शुरुआत की। मां गायत्री, परम पूज्य गुरुदेव और


गायत्री महायज्ञ में शामिल श्रद्धालु।

वंदनीय माता का पूजन किया। आरती की गई। इस मौके पर नामकरण, पुंसवन, यज्ञोपवीत, दीक्षा, विद्यारंभ सहित कई संस्कार हुए। तमाम लोगों ने गायत्री शक्ति पीठ की दीक्षा ग्रहण की। टोलीनायक ने कहा धरती पर नवयुग आ रहा है।

गायत्री परिवार का हर आयोजन पवित्र उद्देश्य को लेकर चल रहा। बताया कि रविवार को सुबह पूर्णाहुति के साथ मंडल कारागार में युग साहित्य की स्थापना होगी। जिसे पढ़ने से बंदियों के जीवन में बदलाव आएंगे। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से वरिष्ठ आईपीएस जुगुल किशोर तिवारी, चित्रकूट गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ.रामनारायण त्रिपाठी, प्रेमलाल कुशवाहा भोपाल तथा जनपद के गायत्री परिजन उपस्थिति रहे।

## संपादकीय

# क्या यह न्याय है?

यह खबर नहीं, एक हृदयविदारक चीख है—भारत के लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था की आत्मा को झकझोरने वाली, असहाय करुण पुकार। जब देश के उपराष्ट्रपति को यह सवाल उठाना पड़े कि एक हाई कोर्ट के न्यायाधीश के आवास से नगदी की बेशर्म और खुलेआम बरामदगी जैसे जघन्य, विश्वासघाती मामले में प्राथमिकी तक दर्ज क्यों नहीं हुई, तो यह महज एक घटना नहीं है। यह हमारी व्यवस्था की उन गहरी, डरावनी और शर्मनाक दरारों का नंगा आईना है, जो भ्रष्टाचार की जड़ों, जवाबदेही की घोर कमी और जनता के विश्वास के क्षरण को उजागर करता है। यह एक ऐसा दंश है, जो हमें न केवल आत्ममंथन के लिए मजबूर करता है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करता है कि क्या हमारी न्यायिक और लोकतांत्रिक संस्थाएं अब भी उस नैतिकता और पारदर्शिता का दम रखती हैं, जिसकी नींव पर यह देश खड़ा है। सोचिए, अगर यही घटना किसी आम आदमी के घर पर हुई होती तो पुलिस और प्रशासन तुरंत कार्रवाई करते, पुलिस रातोंरात छापा मारती, घर की तलाशी लेती, और कुछ ही घंटों में वह शख्स सलाखों के पीछे होता। मीडिया उसकी जिंदगी के हर कोने को उधेड़ देता, और समाज उसे अपराधी ठहराने में देर न करता। लेकिन जब बात सत्ता और पद के करीब पहुंचने वालों की होती है, तो वही व्यवस्था मौन हो जाती है। न कोई प्राथमिकी, न कोई जांच, न कोई जवाब। यह खामोशी सिर्फ चिंताजनक नहीं, बल्कि खतरनाक है। यह उस सोच को पोषित करती है, जो मानती है कि कुछ लोग कानून से ऊपर हैं, कि कुछ पद इतने ऊंचे हैं कि उन तक न तो सवाल पहुंच सकते हैं, न ही सजा। यह सवाल सिर्फ कानून की किताबों का नहीं, बल्कि उस विश्वास का है, जो हर नागरिक अपनी न्यायपालिका और संविधान में रखता है। यह चुप्पी, यह निष्क्रियता, यह दोहरा मापदंड—क्या यही हमारा लोकतंत्र है? क्या यही वह भारत है, जहां संविधान की प्रस्तावना में समानता और न्याय का वादा किया गया था? उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का यह सवाल सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि हर उस नागरिक का है, जो इस व्यवस्था में अपने लिए न्याय की उम्मीद रखता है। उन्होंने पूछा, और ठीक ही पूछा, कि आखिर क्यों एक 'संरक्षित श्रेणी' को अभियोजन से छूट मिले? यह सवाल इसलिए और भी गहरा है, क्योंकि यह देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद से उठा है। यह सवाल उस आम आदमी की आवाज है, जो रोजाना छोटे-छोटे मामलों में व्यवस्था की जटिलताओं से जूझता है, फिर भी उम्मीद करता है कि शायद एक दिन उसे निष्पक्ष न्याय मिलेगा। लेकिन जब न्याय देने वाले पर ही सवाल उठें, और फिर भी कोई कार्रवाई न हो, तो वह उम्मीद धीरे-धीरे मरने लगती है। यह मामला सिर्फ नगदी का नहीं है। यह उस गहरी खाई का प्रतीक है, जो हमारे समाज में समानता और विशेषाधिकार के बीच खिंच चुकी है। एक तरफ आम नागरिक है, जिसके लिए कानून की तलवार हमेशा तैयार रहती है। दूसरी तरफ वे लोग हैं, जिनके पद और रसूख उन्हें हर बार बचा लेते हैं। यह दोहरा मापदंड न सिर्फ संविधान की भावना के खिलाफ है, बल्कि लोकतंत्र के मूल आधार को भी खोखला करता है। अगर कानून सबके लिए बराबर नहीं है, तो फिर वह कानून नहीं, बल्कि सत्ता का हथियार है। और जब यह धारणा समाज में जड़ें जमाने लगती है, तो लोग व्यवस्था से भरोसा उठाने लगते हैं। वे न्याय को सिर्फ किताबों और भाषणों की बात समझने लगते हैं, क्योंकि हकीकत में उन्हें कुछ और ही दिखता है। न्यायपालिका हमेशा से लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ रही है। यह वह संस्था है, जो संविधान की रक्षा करती है, जो कमजोर को ताकत देती है, और जो गलत को सजा देती है। लेकिन जब उसी न्यायपालिका की जवाबदेही पर सवाल उठने लगें, तो हम किसके पास जाएं? क्या हमारे पास कोई ऐसी व्यवस्था है, जो न्यायपालिका के भीतर की खामियों को ठीक कर सके? क्या हम सचमुच यह मान सकते हैं कि न्यायपालिका आलोचना से परे है? अगर हम ऐसा करते हैं, तो हम अनजाने में एक ऐसी व्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं, जो धीरे-धीरे अपने ही मूल्यों से दूर होती जा रही है। न्यायपालिका की स्वायत्तता जरूरी है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है उसकी पारदर्शिता और जवाबदेही।

## कटाक्ष
हसन जैदी




# शिव संकल्प से भरा हो हमारा मन



हृदयनारायण दीक्षित

> मन के अध्ययन की कठिनाई है। यह हमारे शरीर का प्रत्यक्ष अंग नहीं है। लेकिन इसका प्रभाव व्यापक है। गीता में शरीर के परे मन बताया गया है। मन के परे बुद्धि और बुद्धि के परे आत्मा। दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्मक मानव दर्शन में व्यक्ति को शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा-बॉडी, माइंड, इंटेलिजेंस और सोल कहा है। उन्होंने भूमि और जन को राष्ट्र का शरीर बताया है। इस भूमि के सभी जनों के साथ-साथ रहने की इच्छा भारत का मन है। धर्म राष्ट्र की बुद्धि है और राष्ट्र व विश्व को परिवार जानने की जिजीविषा भारत की आत्मा है।

मनुष्य का अंतःकरण महत्वपूर्ण है। अंतःकरण में मन, बुद्धि, चेतन और अहंकार 4 घटक हैं। अंतःकरण अनुभव में आता है। उसके प्रपंच शरीर के माध्यम से बाहर प्रकट होते हैं। अंतःकरण विशेष परिस्थितियों में मन कहलाता है। शंकराचार्य के अनुसार, "अंतःकरण की चार आकृतियां होती हैं-संदेह, निश्चय, चेतना और स्मरण। संदेह की स्थिति में इसे मन कहते हैं। निश्चय की स्थिति में इसे बुद्धि कहते हैं। आत्म चैतन्य की स्थिति में इसे अहंकार कहते हैं। एकाग्रता और स्मरण की स्थिति में इसे चित्त कहते हैं।" श्रीकृष्ण ने अर्जुन को मन की चंचलता दूर करने और नियंत्रित करने के उपदेश दिए थे। अर्जुन ने प्रतिप्रश्न पूछा था कि, "मन बड़ा चंचल है। उसे केन्द्रीभूत करना कठिन है- चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम्‌ तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम्"। मन का निग्रह वायु को पकड़ने जैसा कठिन काम है। शरीर और मन अलग नहीं हैं। शरीर प्रत्यक्ष है, इसी का सूक्ष्म हिस्सा मन है। दोनों एक हैं। साइको सुमेटिक हैं। मन को एक केन्द्र पर लाना भारतीय दार्शनिकों का प्रिय विषय रहा है। ऋग्वेद के ऋषियों ने सीधे मन से ही प्रार्थना की थी, "हे मन तुम यहां वहां, वन, पर्वत और आकाश तक विचरण करते हो। यहां आओ। यहीं रुको। यहीं तुम्हारा जीवन है।" यजुर्वेद में मन को लोक कल्याण से भरने की स्तुतियां हैं, "हमारा जो मन यत्र तत्र सर्वत्र विचरण करता है। वह शिव संकल्प से भरा पूरा हो। लगातार 6 मंत्रों के अंत में तन्मे मनः शिव संकल्पमस्तु की टेक है।" सभी 6 मंत्रों को अलग से शिव संकल्प सूत्र कहा जाता है। सारांश है कि मन की गति असीम है। समय की छोटी इकाई पल होती है। आंख खोलने में जितना समय लगता है उसे पल कहते हैं। मन पल से भी कम समय में आकाश पहुंचता है। मैं सोचता हूं कि क्या हमारा मन समूचे दिक्काल का भी अतिक्रमण करता है? संसार दिक्काल के भीतर है और मन मनुष्य के भीतर। मन के अध्ययन की कठिनाई है। यह हमारे शरीर का प्रत्यक्ष अंग नहीं है। लेकिन इसका प्रभाव व्यापक है। गीता में शरीर के परे मन बताया गया है। मन के परे बुद्धि और बुद्धि के परे आत्मा। दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्मक मानव दर्शन में व्यक्ति को शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा-बॉडी, माइंड, इंटेलिजेंस और सोल कहा है। उन्होंने भूमि और जन को राष्ट्र का शरीर बताया है। इस भूमि के सभी जनों के साथ-साथ रहने की इच्छा भारत का मन है। धर्म राष्ट्र की बुद्धि है और राष्ट्र व विश्व को परिवार जानने की जिजीविषा भारत की आत्मा है। मन का अध्ययन बड़ा प्यारा है। मन का स्वभाव मनमानी है। मन रसिक है। अभिलाषा से भरा पूरा है, इसीलिए वह मर्यादा तोड़कर मनमानी करता है। बुद्धि के पास रस नहीं होता। बुद्धि रूखी होती है। उसे तर्क चाहिए। प्रश्न, तर्क और प्रत्यक्ष बोध उसके उपकरण हैं। रस न हो तो मनुष्य रूखा हो जाता है। भारतीय दर्शन और साहित्य में रस की व्यापक चर्चा है। रस प्रवाह में ही जीवन की गति है। तैत्तिरीय उपनिषद में ब्रह्म को रस कहा गया है-रसो वै सः। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया, "रस महत्वपूर्ण है। रसों में जल मैं हूं।" श्रीकृष्ण संसार की सभी विभूतियों में परम सत्ता की ही उपस्थिति बता रहे थे। रस महत्वपूर्ण है। शरीर की नाड़ियों में रक्त रस का संचार चला करता है। वैज्ञानिक दृष्टि से रक्त लाल और श्वेत अणुओं का संगम है। श्वेत रक्त कणिकाओं में स्नोफिल, बैसिमर आदि अनेक रक्त घटक भी हैं। मन में आता है कि क्या रक्त के सभी घटक जान लिए गए हैं। अगर जान लिए गए होते तो वैज्ञानिक कृत्रिम रक्त बना सकते थे। कृत्रिम रक्त अभी उपलब्ध नहीं है। रक्त के अध्ययन में कोई घटक पकड़ से बाहर चला गया है। शरीर की आंतरिक गतिविधियों में ही ऐसा कारखाना है जहां रक्त निर्माण होता है। प्रश्न है कि रक्त घटकों में छूट गए अज्ञात अंश को क्या नाम दें? बुद्धि के प्रपंच जान लिए गए हैं। इसीलिए कृत्रिम बुद्धि-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का आविष्कार हो गया है। इसका सदुपयोग और दुरुपयोग जारी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मनुष्य की बुद्धि से ही पैदा हुई। पता नहीं इसे आर्टिफिशियल क्यों कहते हैं। इसे मनुष्य की ही बुद्धि का एक विकास कहा जाना चाहिए। मनुष्य शरीर रहस्यपूर्ण है। मनुष्य मस्तिष्क में पूरा ब्रह्माण्ड भरा हुआ है। प्रेम और प्यार मस्तिष्क में हैं। प्रसन्नता और आनंद के केन्द्र मस्तिष्क में है। ईर्ष्या, द्वेष और राग मानव बुद्धि का हिस्सा हैं, लेकिन इस सबके लिए प्रसन्न मन के साथ स्वस्थ शरीर भी आवश्यक है। अपने मन को सब लोग निर्णायक और सही मानते हैं। कहते हैं कि सुनो सबकी और करो अपने मन की। ऐसा करते भी हैं। शरीर भी अपनी सुनाता है। हम शरीर की नहीं सुनते। हम पान मसाला और तंबाकू खाते हैं। शरीर विद्रोह करता है। शरीर के विद्रोह से ही थूक निकलता है। शरीर इनकार करता है कि उसे यह स्वीकार्य नहीं है। लेकिन हम शरीर की नहीं सुनते। शरीर अपने लिए उपयोगी और नुकसानदेह का निवारण खुद तैयार करता है। किसी कारणवश मुंह में छोटा सा कीड़ा या भुनगा चला जाता है, शरीर विद्रोह करता है। शराब और दारू भी शरीर स्वीकार नहीं करता। लती पियक्कड़ भी पहले घूंट से ही मुंह टेढ़ा करने लगते हैं। हम शरीर की बात नहीं सुनते। अपने मन की करते हैं। मन यूरोपीय विद्वानों के लिए भी गहन अध्ययन का विषय रहा है। दुनिया के मनोवैज्ञानिकों में अग्रणी सिगमंड फ्रायड ने मन का गहन विश्लेषण किया था। 'साइको एनालिसिस' उसकी महत्वपूर्ण किताब है। सपनों पर उसका महत्वपूर्ण ग्रंथ-'दि इंटरप्रेटेशन ऑफ ड्रीम्स' है। यह विश्लेषण भी बड़ा प्यारा है। उसने मन के कई तलों की व्याख्या की है। लिखा है कि रोगों का सम्बंध भी मनोविकारों से है और सपनों से भी। प्रतिभा और प्रतिष्ठा को भी फ्रायड ने मन की लिविडो की ही करामात बताया है। फ्रायड (1856-1939) अभी-अभी 19वीं व 20वीं सदी में हुए हैं। अथर्ववेद उससे पुराना है। अथर्ववेद में काव्य सृजन और स्वप्नों को काम भावना से जोड़ा गया है। ऋषि कहते हैं कि, "हे काम, कविता तुम्हारी पुत्री है और तुम हमारे पास स्वप्न भी भेजते हो। दुःस्वप्न न भेजा करो।" पतंजलि का मनोविश्लेषण ज्यादा वैज्ञानिक है। योगसूत्र पतंजलि की लिखी ऐतिहासिक पुस्तक है। इसकी शुरुआत का श्लोक दो शब्दों का है-'अथ योगानुशासन'- अब हम योग के अनुशासन में जाते हैं। योग की परिभाषा करते हैं योगश्चित्तवृत्ति निरोधः-चित्त की वृत्तियों को समाप्त करना योग है। तुलसीदास भी मनोविकारों के प्रभाव से परिचित थे। रामचरितमानस में लिखा था, "काम वात कफ लोभ अपारा/क्रोध पित्त नित छाती जारा अर्थात काम भावना से वायु, लोभ से खांसी, क्रोध से पित्त खराब होता है। सीने में जलन होने लगती है। आगे कहते हैं, "प्रीति करहि जो तीनों भाई/उपजहि सन्निपात दुखदायी। काम, क्रोध व लोभ तीनों मनोविकारों के एक साथ होने से सन्निपात हो जाता है। हम शरीर की सुनें। मन की सुना ही करते हैं। बुद्धि की सुनें। पिता, माता और आचार्य की सुनें। सबको सुनें। मनमानी न करें।" तन्मे मनः शिवसंकल्पम् अस्तु।

**(लेखक के अपने विचार हैं)**

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com

# भीषण गर्मी में नहीं थम रहे आग लगने के मामले



अशोक भाटिया

प्रयागराज में आज भयंकर आग लग गई। देखते ही देखते ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। गोदाम में रखे लाखों की बल्लियां, टेंट और फर्नीचर जल गए। आग बुझाने में मुख्य अग्निशमन अधिकारी समेत छह लोग आंशिक रूप से झुलस गए। भीषण आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और आग की ऊँची ऊँची लपटे और काले धुएं का गुबार दूर से दिखाई देने लगा , इसमें भरी नुक्सान भी हुआ , टेंट , फर्नीचर , सब आग के चपेट में आने से तहस-नहस हो गया । वैसे आज की झुलसती गर्मी में यह आग लगना कोई नै बात नहीं थी । देश में प्रचंड गर्मी के बीच हर दूसरे दिन कहीं ना कही से आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आग लगने की यह समस्या इतनी विकराल है, इसका अंदाज इन घटनाओं को अलग-अलग देखने से पता नहीं चलता है। इसलिए हमनें सात राज्यों का ब्योरा एक जगह जमा किया है। ब्यौरा चौंकाने और डराने वाला है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पंजाब और देश की राजधानी दिल्ली में पिछले छह महीने में 38 हजार आग लगने की घटनाएं हुई हैं, आग की इन घटनाओं से बड़े पैमाने पर जान और माल का नुकसान हुआ है। जाहिर है हमारे सिस्टम में कहीं न कहीं कमी है। इस संदर्भ में, निम्नलिखित बिंदु उत्पन्न होते हैं।पहला इमारतों के चारों ओर खुली जगह और क्षेत्र की संरचनाः आवासीय भवन और वाणिज्यिक दुकानों का हिस्सा पूरी तरह से अलग होना चाहिए। झुग्गियों में एक मंजिला या दो मंजिला झोपड़ियों में भूतल पर वाणिज्यिक दुकानें स्थापित की गई हैं और अधिकांश परिवार इस पर उप-मंजिल पर रहते हैं। जो लोग सामने की तरफ दुकानों और विभाजन के साथ पीछे रहते हैं, उनके पास दुकान के मुख्य द्वार के बिना बाहर निकलने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। क्या नगर निगम प्रभारी का लाइसेंस विभाग सख्ती से जांच करने की भूमिका निभा रहा है? कई मामलों में, भूतल पर वाणिज्यिक दुकानें, पहली और दूसरी मंजिल पर वाहनों की पार्किंग और कार्यालयों/दुकानों को नगर निगम और फायर ब्रिगेड द्वारा लाइसेंस दिया जाता है। आवासीय भवन में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, दुकानों और प्रबंधन की अनुमति देते समय, प्रत्येक भवन में विपरीत दिशा में दो अलग-अलग सीढ़ियां होना बहुत महत्वपूर्ण है। सुरक्षित स्थान पर जाना संभव होगा। साथ ही सामाजिक जागरूकता रखते हुए अनावश्यक रूप से भवन के खुले स्थान पर वाहन पार्क न करें तथा आसपास के क्षेत्र (6 मीटर) को पूर्णतः खुला रखा जाए ताकि अग्नि गाड़ियां दुर्घटना स्थल पर आसानी से एवं बिना किसी बाधा के पहुंचकर तुरंत आग एवं बचाव कार्य प्रारंभ कर सकें, जिससे जनहानि से बचा जा सके एवं क्षति को कम करने में सहायता मिले। यह तभी संभव है जब भवन के निवासी इस सामाजिक प्रतिबद्धता का सख्ती से पालन करें। दूसरा भवन के इंटीरियर में बालकनी, गलियारे, लिफ्ट लॉबी और सीढ़ियां: ये खुले स्थान ज्यादातर सभी आवासीय और वाणिज्यिक भवनों में देखे जाते हैं कि प्रत्येक मंजिल पर आम गलियारा, मार्ग और लिफ्ट लॉबी यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि उस मंजिल के निवासियों को अपने घर की अतिरिक्त या बेकार वस्तुओं को स्टोर करने का अधिकार है।अगर किसी घर में आग लगती है, अगर आग घर के बाहर फैल जाती है तो गलियारा, पैसेज में रखा लकड़ी का सामान, चप्पल स्टैंड, असुविधाजनक फर्नीचर आदि रास्ते से आग फैलाने में मदद करते हैं।धातु के तारों या रस्सियों को मार्ग से बांधा जाता है और क्षेत्र का उपयोग कपड़े सुखाने के लिए किया जाता है। इन कपड़ों में छत या दीवार से गुजरने वाले बिजली के तार या केबल होते हैं जो मुख्य रूप से आग के प्रसार में योगदान देते हैं। हालांकि, मैं सभी निवासियों से अपील करना चाहूंगा कि वे अतिरिक्त घरेलू सामानों को गलियारों, मार्गों, लिफ्ट लॉबी और सीढ़ियों में रखकर बाधा न डालें। तीसरा अग्निशमन प्रणाली और इमारतों में उनकी दक्षताः पिछले कुछ वर्षों में जमीन के समानांतर मुंबई का विकास पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले निवासियों को अपनी, अपने परिवार और अन्य लोगों की सुरक्षा और सुरक्षा के बारे में सामाजिक जागरूकता की कमी की कोई चिंता नहीं है। तो, क्या बहुमंजिला इमारतों के अंदर अग्नि सुरक्षा उपकरण ठीक से काम कर रहे हैं? क्या भवन के विद्युत नलिकाएं/शाफ्ट प्रत्येक मंजिल पर सील हैं या नहीं? फायर पंप काम कर रहे हैं या नहीं? इस बात में पूरी तरह से उदासीनता है कि प्रत्येक मंजिल पर हाइड्रेंट पॉइंट, होज़रिल, फायर अलार्म चालू हैं या नहीं। इसके पीछे के जोखिमों को गंभीरता से क्यों नहीं लेते हैं जब हम सोचते हैं कि इमारत की प्रत्येक मंजिल पर बिजली की नलिका घरेलू सामानों को स्टोर करने के लिए हर किसी की सही जगह है? गलियारे से प्रत्येक मंजिल पर सीढ़ी तक स्थापित आग प्रतिरोधी लकड़ी के दरवाजे अक्सर हटाए जाते हैं या उनकी स्वचालित समापन प्रणाली अव्यवस्था की स्थिति में होती है। चौथा है छतों और शरण क्षेत्रों: आजकल हाउसिंग सोसाइटियों के लिए खुली छतों और शरण क्षेत्रों का उपयोग सामुदायिक हॉल या हाउसिंग सोसाइटी के मनोरंजन केंद्रों के रूप में करने के लिए प्रथागत हो गया है। इमारत में आग जैसी दुर्घटनाओं के मामले में, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि छत और शरण क्षेत्र बिना किसी बाधा के पहुंचने के लिए खुला और सुरक्षित हो; लेकिन भवन के पदाधिकारी और कार्यकारी बोर्ड ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे कि उस स्थान पर कब्जा करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है और उनके दिलों को जरा भी इस भावना से नहीं छूते हैं कि उनका मूर्खतापूर्ण व्यवहार हर निवासी के जीवन को खतरे में डाल रहा है। अतः प्रत्येक नागरिक का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वह घर में पोर्टेबल अग्निशामक, स्मोक डिटेक्टर, स्प्रिंकलर स्थापित करने में सावधानी बरतें, जिस प्रकार अपनी प्रतिष्ठा प्रदर्शित करने के लिए आंतरिक सजावट और फर्नीचर पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। आग लगने की 90% घटनाएं इस शॉर्ट सर्किट के कारण होती हैं। इमारत में हर घर में आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते समय बिजली का भार कितना होता है? जो लोग खुद को शिक्षित और संभ्रांत मानते हैं, उन्हें दस साल में रिवायरिंग जैसी सरल चीजों के बारे में भी पता होना चाहिए। शहरी विकास विभाग और लोक निर्माण विभाग के समन्वय से हर 6 महीने में फ्यूचर ऑडिट और हर एक साल में इलेक्ट्रिकल ऑडिट कराने के नियमों का सख्ती से पालन किया जाए।

**(लेखक के अपने विचार हैं)**

## कविता



तुलसी पिल्लई

### पैगाम

अकारण ही जो खुशहाली
अपने मार्ग से
भटक गई थी मेरी ओर आते-आते
और मैं हो गई बैचेन
मुझे कागा का पैगाम मिला है
अभी-अभी उसने सीधा रास्ता
पकड़ा है
जिस वृक्ष की जड़ो को
प्रेम-जल से सींचा न हो
और वो भीतर से ढूँठ बना हो
भला वह छाया क्या देगा?
अकारण ही उसकी स्नेहिल छाया
अपने मार्ग से भटक गई थी
मेरी ओर आते-आते
और मैं हो गई बैचेन मुझे कागा का
पैगाम मिला है अभी-अभी
प्रेममय-सावन ने
उस वृक्ष को
पोषित किया है
और उसकी छाया ने
सीधा रास्ता पकड़ा है।

# बिहार के अति पिछड़ा वोट बैंक पर सभी की नजर



क्रांति कुमार पाठक

बिहार विधानसभा चुनाव में अभी तकरीबन छह महीने से का समय बाकी है। लेकिन राज्य में सभी दलों ने जातीय समीकरणों को साधने के लिए अपनी-अपनी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। खासकर अति पिछड़ा वर्ग के वोटों को लेकर होड़ शुरू हो गई है। एक ओर जहां राज्य सत्ता में काबिज नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड दलित समुदाय के वोटर्स को रिझाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है, वहीं भाजपा, कांग्रेस और प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी बिहार के इस मजबूत वोट बैंक पर नजरें गड़ाए हुए हैं। क्योंकि चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की इस वर्ग की क्षमता ने ही अभी तक नीतीश कुमार को बिहार की राजनीति में सबसे आगे रखा था। यही वजह थी कि दलित वोटर्स से कनेक्ट करने के प्रयास में जनता दल यूनाइटेड ने पिछले साल नवंबर-दिसंबर में 'भीम संसद' की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते 13 अप्रैल को पटना में 'भीम संवाद' को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओं से अनूसूचित जातियों के बीच सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। इसके एक दिन बाद अंबेडकर जयंती पर नीतीश कुमार ने 'अंबेडकर समग्र योजना' का ऐलान किया। इस योजना के जरिए सरकार अगले 100 दिनों में 40 लाख दलित परिवारों तक पहुंचने का प्रयास करेगी। बिहार सरकार का प्रयास है कि दलित समुदाय को लगभग एक दर्जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। जनता दल यूनाइटेड के एकमात्र दलित एमएलसी अशोक चौधरी का कहना है कि नीतीश कुमार इस बात पर जोर देते रहे हैं कि दलित केंद्रित योजनाओं का लाभ अनूसूचित जाति समुदायों तक पहुंचना चाहिए। भीम संसद राज्य के 38 जिलों में से 19 जिलों तक पहुंची, वहीं भीम संवाद ने हाशिए पर पड़े लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया है। दरअसल, नीतीश की सरकार द्वारा 2023 में कराई गई जाति जनगणना के अनुसार अति पिछड़ा वर्ग बिहार की कुल आबादी का लगभग 36 प्रतिशत हैं। वे तब से नीतीश कुमार के लिए मजबूत वोट बैंक रहे हैं, जब से उन्होंने 113 अति पिछड़ा जातियों की एक विशेष श्रेणी बनाने के लिए मंडल-ओबीसी ब्लॉक को तोड़ा। इसके बाद नीतीश ने टारगेटेड कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक लाभों को सफलतापूर्वक इस वर्ग तक पहुंचाया। बिहार की राजनीति 2006 से ही नीतीश कुमार द्वारा तैयार किए गए खांचे में जड़ी हुई है। लेकिन अब राजनीति शतरंज की बिसात पर मोहरे तेजी से घूम रहे हैं और संभवतः अक्टूबर-नवंबर में होने वाले चुनावों में इस परिदृश्य में खासा बदलाव देखने को मिल सकता है। यह तो जगजाहिर है कि नीतीश कुमार का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में तेजी से गिरावट आ रहा है। गिरावट इतनी तेज है कि भाजपा ने न केवल उन्हें विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में पेश करने से परहेज करने लगा है, बल्कि वह खुले तौर पर उनके जनाधार पर भी कब्जा करने की कोशिश कर रही है। इसकी एक झलक हाल ही में हुए मंत्रिमंडल विस्तार के समय भाजपा ने दिया। सात नए मंत्री शामिल किए गए। नीतीश कुमार ने भी भाजपा को अपनी स्थिति को जूनियर पार्टनर से बदलकर प्रमुख साझेदार बनने की कोशिश का कोई प्रतिरोध नहीं किया। सबसे खास बात यह है कि नए मंत्रिमंडल विस्तार में 4 मंत्री नीतीश कुमार के मुख्य वोट बैंक का ही प्रतिनिधित्व करते हैं। उनमें से 2 अति पिछड़ा वर्ग से तो 2 नीतीश कुमार के अपने बिरादरी कुर्मी-कोइरी समुदाय से हैं। हालांकि भारतीय जनता पार्टी अकेली पार्टी नहीं है, जो नीतीश कुमार के वोटबैंक पर नजरें गड़ाए हुए है। कांग्रेस भी इसमें घुसपैठ की कोशिश कर रही है और अति पिछड़ा, गैर-पासवान दलितों और मुसलमानों का सामाजिक गठबंधन बना रही है। नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी इन समुदायों के साथ रैलियों और बैठकों के लिए पहले ही बिहार की तीन यात्राएं कर चुके हैं। वहीं हाल ही में कांग्रेस ने नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में राजेश राम को नियुक्त किया है, जो रविदास समुदाय से हैं। दरअसल यह कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल द्वारा 2015 के विजयी सामाजिक गठबंधन को फिर से बनाने के लिए तैयार की गई संयुक्त रणनीति का हिस्सा लगता है। 2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार और लालू यादव ने भाजपा के खिलाफ एक ताकतवर गठजोड़ बनाकर मंडल-ताकतों को फिर से लामबंद कर दिया था। बिहार के जटिल जातिगत समीकरण में विभिन्न सामाजिक समूह स्पष्ट रूप से परिभाषित ब्लॉकों में ध्रुवीकृत हैं। यही कारण है कि नीतीश कुमार को अति पिछड़ा वर्ग का समर्थन प्राप्त है, तो भाजपा के पास उच्च जातियों का प्रतिबद्ध मतदाता-आधार है, वहीं राष्ट्रीय जनता दल के पास यादवों व मुसलमानों का गठजोड़ है। कांग्रेस भी कभी बिहार में बड़ी राजनीतिक ताकत हुआ करती थी, लेकिन मंडल राजनीति द्वारा पारंपरिक पैटर्न को उलटने के बाद से वह इस राज्य में हाशिए पर चली गई। अब वह भी नीतीश कुमार के बाद खाली हो रहे स्थान को भरने की आस में खुद को फिर से प्रासंगिक बनाने की बेताबी से कोशिश कर रही है। जबकि प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी नीतीश कुमार के वोटबैंक पर दावा ठोक रही है। विगत दो वर्षों में प्रशांत किशोर ने बिहार के कोने-कोने का दौरा कर अति पिछड़ा वर्ग में पैठ बनाने की भरसक प्रयत्न किया है। प्रशांत किशोर ने इस दौरान घर-घर जाकर लोगों से मिले और नीतीश कुमार की क्षमताओं के क्षीण होने से बिहार में आई सुशासन की कमी को जबर्दस्त ढंग से उजागर करने का काम किया है। फिर उन्होंने नीतीश कुमार के गिरते शारीरिक और मानसिक सेहत के बारे में भी अपनी बात बड़ी बेबाकी से लगातार रख रहे हैं। ऐसे में जाहिर है कि बिहार में 2025 के विधानसभा चुनावों में अति पिछड़ा वर्ग के वोटों को अपने पाले में करने की राजनीतिक दलों में होड़ देखने को मिलेगी और कुर्सी के दावेदार अपनी क्षमताओं को नीतीश कुमार के वोटबैंक में सेंध लगाने पर केंद्रित करेंगे। जबकि नतीजे ही बताएगा कि इसमें किस दल को सबसे ज्यादा कामयाबी मिलती है, या फिर एक बार फिर नीतीश कुमार कोई आखिरी चाल चल बैठें।

**(लेखक के अपने विचार हैं)**

# जौन रहत हय बिजी वहिका खैय्यस मा नाई होत हय रुची



डॉ. आकांक्षा दीक्षित

## आखिन देखी-कानन सुनी

सब जने जनतैय हौ कि चाचा ग्यानचंद बहुतय ग्यानी हय। चाचा केर ग्यान पाय के बिवाहातुर युवा नेता सोनू तेवारी केरौ बिहाव हुई गा। इनकेरे बिहाव मा फूफा रिसाय गए, जीजा बिगरि गे, बुआ थ्वारा फैन मचाइन ई टाइप केर छोट-मोट खैय्यस भे मुला आखिर मा बिहाव हुई गा औउर दुलहिन घरै आय गै। दुलहिन बबली द्याखय मा नीक रही, यहे मारे सोनू तेवारी लट्टू रहे। माड़ौ सेरवाय कै ढोलक पूजि दीन गै। सोनू इकलौते रहे तौ गुलगुलव लुटाय गे। सोनू नीक मेहरिया पाय कै नाचे-नाचे घूमत रहे। बबली जेतना कहती रहैय सोनू वहिते जादा करत रहे। नई दुलहिन पाय के जौन लरिका अम्मा-अम्मा कहत नाई अघात रहा उ अम्मा कहबै भूलि गा। तेवारिन यहिका दोसी बहुरिया का मानि कै ताना फैक्टरी खोल दिहिन। कौउनी तिना दुई महीना बीति गे। याक दिन तेवारिन सीनियर तेवारी का हुसकाइन तौ वुई सोनू का बुलाइन औ कहिन कि, 'सोनू ! तुम्हार नाव सोनू हय, यहिका मतलब यहु नाई कि तुम हमेसा छोट केर बने रहियो। ना भूलौ कि तुम्हार पूर नाव सोमेसर प्रसाद तेवारी वल्द गयाप्रसाद तेवारी हय। अब बिहाव हुई गा हय थ्वारा काम-काजु पर धियान देव।' सोनू कहिन, 'बाबू ! तुम तनिको चिंता ना करौ। अबकिल परधानी केर चुनाव लड़ब, फिर विधायकी केर वहिके बादि को जानै कहौव मंतरी बनि जाई।' गयाप्रसाद कहिन, 'द्याखव हमका यू सब सेखचिल्ली केर सपन ना देखाव, तुम मंतरी का परधानमंतरी बनौ मुला अबै खेती-बाड़ी मा धियान देव, गोहू कटवायकै धराओ फिरि थरेसर ते दाना अलग करवाय कै बोरियन मा भरवाय कै रखवाव फिर मंडी चला जाई। अबकिल गोहू औउर सरसों दूनौ बढ़िया भै हय।' सोनू केर मन तो ना रहा मुला बाप-बाप होत हय ई मारे बात नाई काटि पाय। महीना भरि मिहनत कै के फिचकुर निकरि गा तौ ग्यानचंद चाचा तीर फिर पहुँचि गे। ग्यानचंद उनका देखिन तौ कहिन ,'का बात हय सोनू, दुबराय गए हौ, का बहुरिया खाना-वाना नाई दै रही।' सोनू कहिन, 'चाचा ! दुई महीना ते बाबू साथे ख्यातन मा खड़े हुइकै काम करवावै मा सब दुरदसा हुई गे। पहिले बाबू कौउनौ कामु नाई कहत रहे। बिहाव कै के फंसि गयेन। अब कहत हय कि घर-गिरस्ती वाले हौ तौ कामौ करौ। बिहाव बड़ा महंग परा हमका। अब तुमहिन बताव का करि।' ग्यानचंद चाचा कहिन, 'हम पहिलनै कहा रहा कि हमार जरुरत तुमका आगे जादा परी। यहे का कहत हय कि मौज के लेव औउर समय रहत कामु-काज सीख लेव नाई तौ आटा-दालि का भाव पता चलि जाई। चलौ अब आय गे हौ तौ कुछ तौ करैका परी। औउरौ कौउनौ समसिया हय कि यहैय हय?' सोनू कहिन, 'कहि तौ रहेन हय,बिहाव कै के फंसि गयेन। बबली मतलब तुम्हार बहुरिया कहत हय कि हम बीए पास हन,कंपूटर जानित हय कुछु काम करब घर मा खाली ना बैठबे। अब बताव बाबू औउर अम्मा ते कहब तो बवालय हुई जाई।' चाचा मुसकाय कै कहिन, 'बसि अतनी बात मा बिल्लाय गयेव' सोनू चाचा का टोकि कै कहिन, 'नाई यहैय थ्वारय हमार तौ किसमतै खराब हय। हम परधानी लड़ैया रहन मुला महिला सीट घोसित हुई गै,बताव का करी। चौगिरदा समसिया आय गई हय। इ परधानी के चक्कर मा अम्मा के दुलारे सोनू यानी हम कबौ घरु मा कौउनौ कामु नाई कीना। अपने घरे याक गिलास पानी उठाय के नाई पिया, मुला चंदिका काका केर गैया तक नहुवावा। फूला बुआ का सैकिल ते दुई दाय दूसरे गांव केरी बैंक तक लै के गयेन। गांव के सब मुरहा लरिकन के साथे गिल्ली-डंडा,सियर सब ख्याला औउर तौ औउर याक दाय रजेन्दर केर मोटरसैकिल पंचर हुई गै रही तौ अपने पैइसन ते पंचर बनवावा। गांव भरे केरे लरिकन का ना जाने कतनी दाय खसता,जिलेबी खवावा, मंगुरवा जुआ मा हारि गा रहा वहिका पांच सै रुपा दीना। सब किया-धरा बेकार हुई गा। अब हम परधान बने - बनाए रहन तौ सरकार महिला सीट कै दिहिस, ई जनम मा महिला कइसे बनि सकित हय।' चाचा तनिक गंभीर भे औ कहिन, 'जब समसिया आवत हय तौ समाधानौ होत हय। याक -याक केर समाधान सुनौ। सब याक-दुसरे ते जुरे हय। ग्यानचंद चाचा आगे कहिन, 'सोनू एकदम बौड़मै हो का। दुलहिन कुछु करा चहत हय तौ करै देव। तुम्हरी तौ समसियै मा समाधान हय।' सोनू चाचा केर गोड़ पकर लिहिन, 'चाचा ! हाली बताव, दिमागु भन्नाय गा हय। अबै गोहू,सरसो, अरहर निपटा पावा हय, बाबू कहत हय दूसरकी बोली खातिन ख्यात तैय्यार करवाव। हम तौ करिया हुई जाब औ युवा नेता ते जरा नेता बनि जाब।' चाचा कहिन, 'पहिले बहुरिया केर याक बढ़िया पल्ला लिहे, हाथ जोरे फोटू केर पोस्टर बनवाय लेव।' सोनू यकदम भड़क गए, 'का चाचा तुमहूं। अम्मा वहिके पाछे रासन-पानी लिहे परी रहती हय, तुम औउर जरे पै नमक छिरिक देव। याक तौ हम परधानी गये के सदमा मा हन तुम औउर खरचा बताय रहे हौ।' चाचा कहिन, 'तुम आजुकाल्हि के लरिकन केरे पास धीरज नाव केर चीज़ नाई हय। पहिले सुनि लेव तब मुँह ख्वालव।

**(लेखक के अपने विचार हैं)**

## एक नजर

### शांति भंग की आशंका में 19 लोग गिरफ्तार

**मऊ।** जनपद के थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा शनिवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान श्याम सुन्दर राजभर पुत्र स्व0 रुपा राजभर, रामप्रवेश राजभर पुत्र सुरेन्द्र राजभर, मीरा राजभर पत्नी जग्गी राजभर, सरिता राजभर पुत्री बब्बन राजभर, सरिता पत्नी रामप्रवेश राजभर, समस्त निवासीगण सनेगपुर थाना दक्षिणटोला, कृष्णा साहनी पुत्र बचनू साहनी, रोहित साहनी पुत्र बचनू साहनी, दिलीप साहनी पुत्र विनोद साहनी, महेश साहनी पुत्र दूधनाथ साहनी, धर्मशीला पत्नी महेश साहनी, राजेश साहनी पुत्र दूधनाथ साहनी, बन्दना साहनी पत्नी अभिलाश , कमली साहनी पत्नी बचनू साहनी ,कंचन साहनी पुत्री दीपक साहनी, सीता साहनी पत्नी हरिन्दर साहनी , रबडी साहनी पत्नी रमेश साहनी , सावित्री साहनी पत्नी राजेश साहनी , बचनू साहनी पुत्र हरिहर साहनी , बिद्दा देवी पत्नी स्व0 विनोद साहनी समस्त निवासीगण सनेगपुर थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।

### पुलिस ने तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मऊ।** जनपद की कोपागंज पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास से संबंधित मामले में 03 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है तथा कब्जे से तमन्चा व कारतूस, लाठी डण्डा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज शनिवार को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर काछीकला अण्डर पास के पास से हत्या के प्रयास मामले से संबंधित वांछित अभियुक्तगण रामप्रकाश यादव पुत्र रिखदेव यादव, तेजबहादुर यादव उर्फ तेजू यादव पुत्र हरिवंश यादव , सूर्यभान यादव पुत्र फौजदार यादव निवासीगण सोड़सर थाना कोपागंज जनपद मऊ के कब्जे से 01 अदद तमन्चा, एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 02 अदद लाठी डण्डा व टूटे हुए भाले का फल बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उल्लेखनीय है किं दिनांक 17 .04 .2025 को दो पक्षो में गेहू की कटाई को लेकर विवाद हुआ जिसमें फायरिंग की गयी तमन्चा व खोखा कारतूस को बरामद किया गया जिसमें कन्धे पर गोली लगने से हुए घायल का इलाज चल रहा है। जो संबंधित मु0अ0सं0 109/25 धारा 3( 5), 109( 1) 115( 2), 125 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के से संबंधित गिरफ्तार अभियुक्तो का चालान न्यायालय किया गया ।

### हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का प्रशिक्षण आज

**मऊ।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निकष सिंह ने बताया कि हज 2025 की पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले जनपद के कुल 206 हज यात्रियों को प्रशिक्षण एवं टीकाकरण किये जाने हेतु दिनांक 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार को प्रातः 10 :00 बजे से प्रशिक्षण एंव टीकाकरण कार्यक्रम तालीमुद्दी निस्वाँ डिग्री कालेज, पहाड़पुरा, मऊ में निर्धारित है। जनपद के समस्त हज यात्री दिनांक 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार को प्रातः 10 :00 बजे से प्रशिक्षण एंव टीकाकरण कार्यक्रम तालीमुद्दी निस्वाँ डिग्री कालेज, पहाड़पुरा, मऊ में ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं टीका लगवा लें। हज यात्रियों को बैठने एवं पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था टीकाकरण केन्द्र पर उपलब्ध है साथ ही समस्त हज ट्रेनरों एवं चिकित्सा विभाग की टीकाकरण टीम के कार्मिक निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित रह कर प्रशिक्षण देंगे एवं टीका लगाएंगे।

### सेवा भाव से जनता की सेवा सराहनीय



**कसया, कुशीनगर।** बुद्धा एडवांस इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल इंस्टीट्यूट एंड क्लिनिक रिसर्च सेंटर और नव सृजन ट्रस्ट के तत्वाधान में नपा कुशीनगर के महंथ वैद्यनाथ नगर (सिसवा – महंथ) में आयोजित नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर सलाह और दवा दी गई। शनिवार को आयोजित शिविर के शुभारंभ अवसर पर प्रधानाचार्य राम प्रवेश यादव ने कहा कि सेवा भाव से जनता की सेवा सराहनीय है। ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा शिविर सराहनीय है। शिविर में आयोजक/प्रबंधक डा. राघवेंद्र सिंह और डा. राम गोपाल पटेल, डा. नीतू वर्मा, डा. प्रिया सिंह, डा. आकांक्षा सुमन ने मरीजों की बीपी, दर्द, सर्वाइकल, साईटिका, गैस, शुगर, सूजन, लिवर आदि बीमारियों की जांच की। डा. सिंह ने मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छ परिवेश के लिए सफाई पर ध्यान दें। गर्मी से बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी का सेवन करें। आवश्यक होने पर चिकित्सक की सलाह लें। डा सिंह ने बताया कि सेवा भाव से मेरे द्वारा पिछले दस वर्षों से नि :शुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया जाता है। आगे भी कैंप संचालित होता रहेगा। इस दौरान रामप्रीत सिंह, उदित वर्मा, जयराम सिंह, संजय सिंह, विनायक यादव, सत्येंद्र मिश्रा, उदय सिंह, अजय सिंह, राम प्रवेश शर्मा, राजू भारती, मुक्ति नाथ पाण्डेय, केदार सिंह, तेज प्रताप सिंह पटेल, रतन गोंड सहित भारी संख्या में मरीज मौजूद थे।

### बीस लोग निकले पश्चिम बंगाल के प्रवासी मजदूर

**कुशीनगर ।** पडरौना शहर के जमालपुर मोहल्ले में रह रहे कुछ लोगों पर हिन्दु संगठन से जड़े कुछ लोगों ने कल रोहिंग्या मुसलमान होने का संदेह जताया था , तो पुलिस वाले बीती रात संदिग्ध बताये गए बीस लोगों को पकड़ कर कोतवाली उठा ले गए थे । इसके बाद जांच – पडताल और पूछताछ की गयी है , तो ज्ञात हुआ है कि सभी पश्चिम बंगाल से आये प्रवासी मजदूर हैं । इसके पश्चात ने आज सभी को मुक्त कर दिया है । पडरौना कोतवाली के प्रभारी पुलिस निरीक्षक रवि कुमार राय ने अनुसार कुछ संगठनों के लोगों ने शिकायत की थी कि पडरौना शहर के जमालपुर मोहल्ले में कई घरों में किराए राह रहे लोग रोहिंग्या मुसलमान हैं । इस शिकायत के आधार पर तस्दीक के लिए 20 लोगों को कोतवाली लाया गया था । उनकी पहचान और दस्तावेज की जांच की गई और उनके आधार कार्ड की फोटोकॉपी ली गयी । पुलिस ने सभी से काफी देर तक पूछताछ भी की । यह स्पष्ट होने पर की ये लोग मूलतः पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं और मजदूरी करने के साथ ही फेरी लगाकर विभिन्न सामान बेच कर गुजारा करते हैं । सभी को आज सायं थाने से जाने की अनुमति दे दी गई है । श्री राय ने कहा है कि फिलहाल इन प्रवासी मजदूरों के कब्जे से कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है।

### तहसील बेल्थरारोड़ में सुनी पीड़ितों की फरियाद

**बलिया।** जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने तहसील बेल्थरारोड़ में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभ के लिए प्राप्त प्रार्थना–पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

» डीएम व एसपी ने सुनी जनता की फरियाद

» कुल 67 दरख्वास्तों में से छः का हुआ निस्तारण , शेष 61 मामले किये गये संबंधित विभागों के अधिकारियों के हवाले



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा आज हाटा तहसील कार्यालय के परिसर में किये गये ₹सम्पूर्ण समाधान दिवस₹ के आयोजन में पहुँचे फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की । इस आयोजन में कुल 67 दरख्वास्तें बटोरी गयीं , जिनमें से 44 राजस्व विभाग से संबंधित थीं । इनमें से पाँच दरख्वास्तों का तत्काल निस्तारण करा दिया गया । शेष 39 दरख्वास्तें गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निस्तारण कराने की हिदायत के साथ संबंधित अधिकारियों को सौंप दी गयीं । 12 दरख्वास्तें पुलिस से संबंधित थीं , तो छः मामले विकास विभाग से संबंधित थे । जबकि 5 मामले अन्य विभागों से संबंधित रहे , जिनमें से मात्र एक का निस्तारण हो पाया। इन सभी दरख्वास्तों को भी संबंधित अधिकारियों के हवाले कर दिया गया।

इस तरह 67 प्रकरणों को समय वद्ध निस्तारण हेतु विभिन्न अधिकारियों को सौंप दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने आयोजन में मौजूद रहे अपने मातहतों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए और जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी के स्तर से किया जाना हो , उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने में देर न लगाई जाए , ताकि समय से उनका भी निस्तारण हो सके।

इस आयोजन में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, हाटा के उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह, डीआरडीए के परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, कसया के पुलिस क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह , उप कृषि निदेशक आशीष कुमार, हाटा के तहसीलदार नरेंद्र राम, जिला पंचायत अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी भारत लाल गोंड , अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, हाटा तहसील क्षेत्र में स्थित विकास खंडों के खंड विकास अधिकारीगण एवं हाटा थाने के प्रभारी पुलिस निरीक्षक , तहसील के सभी राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालगण उपस्थित रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस तहसील मोहम्मदाबाद गोहना में संपन्न

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» कुल 121 शिकायतों में से 9 का हुआ तत्काल निस्तारण, 6 टीमें मौके पर भेजी गई

**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील मोहम्मदाबाद गोहना में संपन्न हुआ। जनपद के अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मोहम्मदाबाद गोहना में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 121 शिकायतें आई, जिनमें से 09 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं 06 शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर टीमों को भेजा गया।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक राजस्व विभाग से 83 ,पुलिस विभाग से 18 तथा 20 अन्य विभागों से संबंधित थी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। जन शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करे।लापरवाही करने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## चंदा की संदिग्ध मौत के मामले में पति समेत चार पर मुकदमा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» चंदा को आए दिन ससुराल वाले दहेज के लिए मारपीट कर प्रताड़ित करते थे

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के ग्रामसभा रुद्रपुर बगहीं निवासी मोहन उर्फ मंटू यादव की पत्नी चंदा की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को मिली तहरीर के आधार पर थाना बैरिया के ग्रामसभा बकुल्हा निवासी छोटेलाल यादव पुत्र वीरेंद्र यादव की बहन चंदा की शादी वर्ष 2023 में हल्दी थाना क्षेत्र की ग्राम सभा रुद्रपुर बगही के मोहन उर्फ मंटू यादव पुत्र सुखदेव यादव के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के बाद चंदा को आए दिन ससुराल वाले दहेज के लिए मारपीट कर प्रताड़ित करते थे।

बीते दिनों चंदा की मृत्यु की सूचना मिलने के बाद पहुंचे चंदा के भाई की तहरीर पर पति मोहन उर्फ मंटू यादव, देवर गोलू यादव, ससुर सुखदेव यादव, सास देवरतीया देवी के खिलाफ हल्दी पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार न्यायालय भेज दिया।

थानाध्यक्ष हल्दी विश्वदीप सिंह ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसमें तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है गोलू यादव फरार है। उसकी भी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।पुलिस लगातार दबिश दे रही हैं।

## कुचिया मठिया के नेशार को जेईई 97 पर्सेंटाइल अंक

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित जेईई मेन परीक्षा के शनिवार को आए परिणाम में सेंट जोसेफ स्कूल के पूर्व छात्र नेशार अली ने जिले का नाम रोशन किया है। कुचिया मठिया (मठ) निवासी नेशार को 97 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त हुए हैं। यह सफलता उसने लखनऊ में रहकर कठिन परिश्रम से अर्जित की है।

नेशार का लक्ष्य कंप्यूटर साइंस स्ट्रीम के साथ आईआईटी में दाखिला लेना है। उसने बताया कि तैयारी के शुरुआती दौर में कोटा में दो बार परीक्षा दी, परंतु केवल 38 पर्सेंटाइल अंक ही मिल सके। इसके बावजूद उसने हिम्मत नहीं हारी। फिर लखनऊ में मामा के पास रहकर पढ़ाई की और इस बार न केवल 97 पर्सेंटाइल प्राप्त किए, बल्कि सेंट्रल ओबीसी लिस्ट में लगभग 9 हजार रैंक भी हासिल किया। पूर्व में असफलता मिलने के बावजूद नेशार ने हार नहीं मानी।

## सलेमपुर तहसील में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर की उपस्थिति में सलेमपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में कुल 103 प्रकरण आये, जिसमें से 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकांश प्रकरण भूमि विवाद से संबंधित आये। डीएम ने कहा कि राजस्वकर्मी सभी पक्षों को सुनने के बाद निष्पक्षता से कार्य करते हुए इन विवादों का समाधान कराये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका निर्धारित समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपरक निस्तारण करें। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तीन पात्र आवेदकों को मौके पर ही राशनकार्ड प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान ऑपरेशन कब्जामुक्ति में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान एवं राजस्व विभाग के कार्मिकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरी निष्पक्षता के साथ चला इसीलिए इसे व्यापक जनसमर्थन मिला। जनसहयोग से सलेमपुर तहसील में ऑपरेशन कब्जामुक्ति के अंतर्गत 210 स्थलों से अतिक्रमण को हटाया गया है। डीएम ने जिन ग्राम प्रधानों एवं कार्मिकों को सम्मानित किया है उनमें डॉ राम मनोहर त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, अतुल यादव, संगीता देवी, प्रियंका विश्वकर्मा, अजय चौधरी, संजय यादव, राजा रामदेव, धर्म प्रकाश सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, जयनाथ गुप्ता, चंद्रप्रकाश, कृष्णमोहन कांत, अनिरुद्ध, श्यामनाथ, प्रशांत व अभिजीत शामिल है।

## लोनिवि के कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» चुनाव के समय जो 16 कार्यों का वादा किया था वो तो पूरा होगा : दयाशंकर

**बलिया।** लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत प्रगतिशील पूर्ण कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण शनिवार की शाम स्थानीय चट्टी पर मुख्य अतिथि नगर विधायक व उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने चुनाव के समय जो 16 कार्यों का वादा किया था वो तो पूरा होगा ही, उसके अतिरिक्त और 16 महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।जो बाईपास फोर लेन सड़क बैना से हल्दी तक बनने वाली है। वह करीब एक हजार करोड़ का प्रोजेक्ट है। जिसमें कुछ जमीन खरीदी जा चुकी है और बाकी जमीन खरीदनी है यह कार्य कई फेज में होगा। इसमें पहला बैना से बांसडीह रोड और दूसरे फेज में बांसडीह से हल्दी तक होगा। जिले में पानी की समस्या को दूर करने के लिए 4200 करोड़ के प्रोजेक्ट पर कार्य हो रहा है। क्षेत्रीय लोगों के मांग पर उन्होंने वादा किया कि भरसौता से भड़सर तक रिंग बंधा बनेगा। इसको मैं केंद्र सरकार से स्वीकृत करने का प्रयास करूंगा। जो दो फेज में होगा पहला फेज भड़सर से रेपुरा व दूसरा रेपुरा से भरसौता तक होगा। जिले में मेडिकल कालेज के बारे में बताते हुए श्री सिंह ने कहा कि जल्द ही जिले में मंगल पांडेय के नाम से इंजीनियरिंग कॉलेज तथा पानी वाली बड़ी बड़ी जहाजों को चलाने व बनाने का काम सीखने के लिए जिले में दूसरा इंजीनियरिंग कॉलेज भी बनेगा। जिले में जमीन नहीं मिल पा रही है अगर जमीन मिले तो मैं आप से वादा करता हूं कि जिले में सारी सुविधाएं उपलब्ध होगी।और जिले का सर्वांगीण विकास होगा।

उन्होंने हल्दी के लोगों से कहा कि आप लोगों का हल्दी भी एक वर्ष के अंदर नगर पालिका बन जाएगा इस पर कार्य हो रहा है।उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि सड़क, पानी, बिजली आदि की कोई भी समस्या हो तो बताए। मैं उसे पूरा करूंगा। इस मौके पर पूर्व विधायक सिकंदरपुर भगवान पाठक, योगेन्द्र ओझा, मनोज चतुर्वेदी, अजय पांडेय, विक्रमादित्य चौबे, छोटे चौबे, प्रकाश चौबे, धर्मेंद्र सिंह, मंटू सिंह, डब्लू ओझा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुबहर मंडल अध्यक्ष बृजेश दुबे रिंकू व संचालन श्रीप्रकाश राय पप्पू ने किया।

## वरासत के लिये कुनबा परेशान लेखपाल की जांच अभी भी लंबित

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के मोगलपुरा निवासी एक व्यक्ति ने संपूर्ण समाधान दिवस में एक गम्भीर शिकायत करके सभी को अचम्भित कर दिया । पीड़ति के दादा व पिता की मृत्यु हुए 23 वर्ष पूरा हो गए।लेकिन वह वरासत के लिये अभी भी दौड़ रहा है ।आरोप है कि 23 वर्ष से लेखपाल उसे जांच नाम पर दौड़ा रहे है।हर बार वह शिकायत पत्र देता है।फिर भी उसका वरासत नही हो पाता है।जिससे पूरा कुनबा परेशान है।

पीड़ति मैनुदीन शाह पुत्र स्व.साहब हुसैन ने संपूर्ण समाधन दिवस में दिए शिकायत पत्र में कहा है कि उसके पिता की मृत्यु 2002 में हो गई और दादा हनीफ की मृत्यु भी हो चुकी है।लेकिन उसके बाद भी क्षेत्रीय लेखपाल से जब भी वरासत चढ़ाने की बात कही तो वह यही कहते रहे कि जांच के बाद वरासत चढ़ेगा।

## तहसीलदार के साथ प्री–ट्रॉयल की बैठक, दिये गये आवश्यक निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» ग्रामीण स्तर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित कर आमजनमानस जागरूक करें

**देवरिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के आदेशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त तहसीलदार के साथ न्यायालय परिसर में प्री-ट्रॉयल बैठक आहूत की गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने समस्त तहसीलदार को निर्देशित किया कि आप अपने स्तर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार में सहयोग करें तथा ग्रामीण स्तर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित कर आमजनमानस जागरूक करें। सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता के लिऐ अधिक से अधिक सुलहनीय मामलो को चिन्हित कर निस्तारित करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार बैनर, पम्पलेट तथा मोबाईल वैन के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से आमजनमानस को जागरूक करे।

## गड़हिया चिंतामणि की मस्जिद को फिलहाल कोई खतरा नहीं

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» निचली अदालत करेगी सुनवाई, तहसीलदार ने चस्पा किया था नोटिस

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** उच्च न्यायालय ने तमकुहीराज के गड़हिया चिंतामणि में स्थित मस्जिद और ईदगाह को हटाने की कार्रवाई पर 6 महीने की रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई निचली अदालत में करने का आदेश दिया है।

तमकुहीराज तहसील प्रशासन ने मस्जिद पक्ष को 8 अप्रैल तक मस्जिद खाली करने का नोटिस दिया था। प्रशासन का कहना था कि मस्जिद और ईदगाह सार्वजनिक भूमि पर बना हैं। नोटिस में यह भी कहा गया था कि समय सीमा के बाद प्रशासन बुलडोजर की कार्रवाई करेगा और इसका खर्च पक्षकारों से वसूला जाएगा।

गांव के हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने करीब 20 साल पुरानी इस मस्जिद और ईदगाह को हटाने की मांग की थी। इसके बाद मुस्लिम समाज और सपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल तहसील प्रशासन से मिला था।

गांव के पूर्व प्रधान इस्लाम अंसारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जब तक मामले का निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री के चयन में खेल, शिकायत

**फतेहपुर।** शहर के मुराइनटोला निवासी संगीता कुशवाहा पत्नी अरविन्द कुमार मौर्य ने तहसील दिवस में शिकायत करते हुए बताया कि उसने महाजरी वार्ड के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद के लिए आवेदन किया था। उसके मूल अभिलेखों का सत्यापन 23 फरवरी को विकास भवन में हो चुका है। उसके वार्ड में सुरेखा देवी पत्नी विनोद कुमार मौर्य कार्यकत्री का नाम चयन सूची में जारी किया गया है। वह महाजरी वार्ड की निवासिनी नहीं है। सुरेखा देवी मोहल्ला रानी कालोनी की रहने वाली है। सुरेखा देवी के पति विनोद कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संविदा के आधार पर कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत है। जिनका मासिक मानेदय बारह हजार प्रतिमाह है जो वार्षिक एक लाख चवालीस हजार रूपए हो जाता है। सुरेखा देवी ने जो भी निवास व आय प्रमाण पत्र लगाए हैं वे पूर्णतः फर्जी व गलत है।

## शिक्षक पर लगा नाबालिग छात्रा से शारीरिक शोषण का आरोप

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» परिजनों ने शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर विद्यालय के शिक्षक द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री का शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की है।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को दिये तहरीर में बताया है कि मेरी 14 वर्ष की पुत्री स्थानीय विद्यालय में कक्षा सात की छात्रा है। वहां पढ़ा रहा पश्चिम बंगाल का एक शिक्षक से कोचिंग करती थी। उक्त शिक्षक ने मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर कर विद्यालय के एक कमरे में ले जाकर उसका शारीरिक शोषण किया और उसका फोटो और वीडियो बना लिया। उसको वायरल करने की धमकी देकर उसका लगातार शोषण करता रहा। जब वह मेरी बेटी पर शादी करने का दबाव बनाने लगा तब उसने हमें बताया तो हम सब लडकी से फोन कराकर उसे बुलाए और पकड़ कर विशुनपुरा पुलिस के हवाले कर दिया। मगर पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में जब थानाध्यक्ष राजू सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पिता के तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है आरोपी से पूछताछ की जा रही है लड़की का मेडिकल परीक्षण व बयान करा कर उसके आधार पर अग्रीम कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जब विद्यालय से संपर्क किया गया तो प्रधानाचार्य ने बताया कि उक्त शिक्षक को नवंबर में ही विद्यालय से निकाल दिया गया था । कुछ दिन पूर्व कसया थाना क्षेत्र के मलूडीह स्थित एक विद्यालय के शिक्षक ने अपने ही शिष्या के साथ शारीरिक शोषण करने का वीडियो वायरल हुआ था।

## मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ही कराएं पाल्यों का प्रवेश

**फतेहपुर।** खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र फतेहपुर/बिंदकी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु जनपद के परिषदीय, मान्यता प्राप्त एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के नवीन नामांकन की कार्यवाही गतिमान है। जिसमें प्रायः यह देखा जाता है कि कतिपय अभिभावकों द्वारा बिना सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये अमान्य विद्यालयों में अपने पाल्य का दाखिला करा देते हैं और बाद में उनके द्वारा अनेक प्रकार की शिकायतें की जाती है। इसलिए अभिभावको से विशेष अपील की जाती है कि अपने पाल्य के दाखिला से पूर्व पहले संबंधित विद्यालय की भली भांति जानकारी प्राप्त कर ले कि वह विद्यालय मान्यता प्राप्त है अथवा नहीं, तदोपरान्त ही दाखिला आदि की कार्यवाही करें। जनपद में बहुतायत मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित है। अपनी सुविधानुसार परिषदीय, सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ही अपने पाल्या का दाखिला दिलाये।

**समारोह** खेल मंत्री गिरीश यादव ने प्रथम विजेता को दिया एक लाख का पुरस्कार व ट्राफी

# मुजफ्फरनगर के अक्षय कुमार ने जीती चंद्रशेखर हाफ मैराथन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलिया।** पूर्व पीएम जननायक चंद्रशेखर की 98वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रनायक चंद्रशेखर मैराथन समिति की ओर से शनिवार को 21.1 किमी की चन्द्रशेखर हॉफ मैराथन कराई गई। पचखोरा से वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम तक हुए दौड़ में देश के साथ ही विदशी धावकों ने भी हिस्सा लिया। पहले से 25वें स्थान पर रहे धावकों को गंगा बहुद्देशीय सभागार में आयोजित समारोह में पुरस्कार दिया गया।

पचखोरा स्थित शारदा पेट्रोल पम्प पटपर से स्टार्टिंग प्वाइंट पर प्रदेश के खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश यादव, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने हरी झंडी दिखाई। इसके बाद खिलाड़ी दौड़ पड़े। इसमें मुजफ्फरनगर के अक्षय कुमार ने बाजी मारी। उन्होंने निर्धारित दूरी 58 मिनट 39 सेकेण्ड में दौड़ पूरी की। दूसरे स्थान पर जैसलमेर राजस्थान के मुकेश कुमार रहे। धावक ने एक घंटा 29 सेकेंड में दौड़ पूरी की। तीसरे स्थान पर वाराणसी जिले के रंजीत कुमार पटेल रहे, जिन्होंने एक घंटा छप्पन सेकेंड में निर्धारित दूरी तय किया।

वाराणसी के जुगनू कुमार चौथे, केन्या के स्टेफन कासगोई पांचवें व बलिया के नीतीश कुमार छठवें व राजस्थान के मुकेश सातवें स्थान पर रहे। आठ से 15वें स्थान तक क्रमशः प्रदीप कुमार पाल (प्रयागराज), हरीश (मुजफ्फरनगर), रोहित सरोज (प्रयागराज), जान एकिरु (केन्या), प्रतीक दीक्षित (वाराणसी), सिंह मन्नू जगत (महाराष्ट्र), रोहित कुमार (गोरखपुर) व सुनील कुमार पटेल (वाराणसी) रहे।

वहीं, सुभाष सोनकर (मिर्जापुर), किशन कुमार बिन्द (वाराणसी), शिवप्रताप प्रजापति (प्रयागराज), साहब सिंह (बलिया) किशन राजभर (मऊ) व शिवनारायण राजभर (बलिया), गौरव निषाद (सुल्तानपुर), उमेश प्रजापति (अमेठी), वीर कुमार (गाजीपुर) व अभिषेक (बलिया) क्रमशः 16 से 25 वें स्थान पर रहे। सभी धावकों ने स्टेडियन पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद गंगा सभागार में विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुरू किए गए कार्यक्रम में खेल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश यादव, परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्र, पूर्व मंत्री नारद राय ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रथम स्थान पर आने वाले अक्षय कुमार को एक लाख व द्वितीय विजेता को 51 हजार का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर बीएसए मनीष सिंह, सुनीता श्रीवास्तव, रुस्तम खान, रामाश्रय यादव, देवी प्रसाद सिंह, मिथिलेश श्रीवास्तव, डा. पीके सिंह, जवाहर यादव, बब्बन सिंह रघुवंशी, जितेंद्र सिंह, अरुण सिंह बंटू, सोनी तिवारी, राघव सिंह, अरुण सिंह, धर्मवीर सिंह, अनुराग सिंह आदि थे। राष्ट्र नायक चंद्रशेखर मैराथन समिति के अध्यक्ष बीएसए डा. राकेश सिंह ने आभार जताया। अध्यक्षता डा. देवेंद्र सिंह व संचालन सुरजीत सिंह परमार ने किया।

*दृढ़ इच्छाशक्ति के व्यक्ति थे चंद्रशेखर : दयाशंकर

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर जी दृढ़ इच्छाशक्ति के व्यक्ति थे। उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। कहा कि उनके नाम पर हो रही मैराथन दौड़ देश में महत्वपूर्ण स्थान हासिल करने जा रहा है। इसे हमारी सरकार आगे बढ़ाएगी। खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि खेलकूद के आयोजनों को प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कहा कि स्पोर्ट्स कालेज के लिए 120 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। बलिया में खेलो इण्डिया के तहत तीन मिनी स्टेडियम बनने जा रहे हैं। इन कार्यों के लिए खेल मंत्री का आभार जताया।

*खेल कैलेंडर में शामिल होगा चंद्रशेखर हॉफ मैराथन : खेल मंत्री

मैराथन पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि चंद्रशेखर के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने वसूलों से कभी समझौता नहीं किया। चंद्रशेखर देश के पहले राजनीतिज्ञ हैं, जिन्होंने पदयात्रा की। वे अपनी बात न सिर्फ बेबाकी से कहते थे, बल्कि मनवाते भी थे। मंत्री गिरीश यादव ने कहा कि बलिया के लिए पूरी यूपी सरकार खड़ी है।

## शनि महाराज मूर्ति का हुआ प्राणप्रतिष्ठा, भंडारा आज

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» गजहा बाबा मंदिर परिसर में पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय फीता काट कर किया शुभारंभ

**कसया कुशीनगर।** कस्बा स्थित गजहा बाबा मंदिर प्रांगण में भगवान शनिदेव की मूर्ति का स्थापना पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय के द्वारा फीता काट कर किया गया नगरवासी भगवान शनिदेव की मूर्ति के साथ ढोल नगाड़ों तथा भक्ति गीतों पर थिरकते दिखे। भक्तों तथा शनिदेव महाराज की जयकारों से पूरा क्षेत्र व नगर गूजता रहा। कस्बा स्थित गजहा बाबा के मंदिर प्रांगण में भगवान शनिदेव के भव्य मंदिर का निर्माण सभी भक्त तथा नगरवासियों के सहयोग द्वारा कराया गया है। मूर्ति की नगर परिक्रमा के बाद शनिवार को पूरे विधिविधान के साथ मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय के द्वारा पूरे विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया गया और मंदिर परिसर में फीता काट कर शुभारंभ किया गया रविवार को भव्य महाभंडारे का आयोजन भी किया गया है। मंदिर परिसर में हो रहे अनुष्ठान के मुख्य यजमान ज्ञानेश्वर उर्फ ज्ञानी जयसवाल पत्नी कुंती देवी व पारसनाथ वर्मा पत्नी आरती वर्मा के द्वारा पूरे विधि-विधान पूर्वक से अनुष्ठान किया गया मंदिर के पुजारी पुजारी लल्लन मिश्र ने बताया कि रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

# डीएम ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

● गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों के निस्तारण का दिया निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलरामपुर।** जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ।

इस दौरान डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया।

भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि शिकायतें के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।




उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिशाषी अभियंता विद्युत का एक दिन का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम बलरामपुर सदर, सीओ बलरामपुर, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना अधिकारी ग्राम्य विकास विभाग,तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# आज होगा निर्धन कन्याओं का सामूहिक भव्य विवाह समारोह

● 14 वर-वधू लेंगे आज लेंगे अग्नि के फेरे

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा** रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर में निर्धन कन्याओं हेतु सामूहिक भव्य विवाह समारोह का आयोजन रविवार को किया जायेगा। जिसमें हिंदू रीति रिवाज एवं पूरे वैदिक मंत्रोचार के सायं 3:00 बजे से 14 वर वधू एक दूसरे को जयमाल पहनते हुए परिणय सूत्र में बंधे गे। यह जानकारी विवाह समारोह के आयोजक और श्री राम जानकी धर्मादा समिति के महामंत्री संजय अग्रवाल ने दी।

उन्होंने बताया कि जनपद के निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से वर एवं वधू पक्ष के परिवारजन दोपहर 12:00 तक विवाह स्थल पर पहुंचे गे। और 3:00 बजे जयमाल, 5:00 बजे भंवर (अग्नि फेरा) एवं 7:00 बजे तक विदाई संपन्न होगी। विवाह समारोह की प्रमुख सहयोगी मारवाड़ी युवा मंच देवी पाटन महिला शाखा की अध्यक्ष अनीता मनीरामका ने बताया की सभी जोड़ों को नई गृहस्थी एवं खुशहाल जीवन के लिए आवश्यक सामान दिए जाएंगे जिसमें लोहे का बॉक्स, अटैची, एयर बैग,पलंग, गद्दा, चादर, प्रत्येक कन्या को 7 साड़ी, ब्लाउज व पेटिकोट, पायल, बिछिया व मंगलसूत्र, प्रेशर कुकर, टेबल पंखा, कंबल, बर्तन व मिठाई आदि सामान समिति द्वारा देकर विदा किया जाएगा।

विवाह संयोजक अनिल अग्रवाल ने बताया की सभी मेहमानों के लिए जलपान व भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। श्री राम जानकी धर्मादा समिति के अध्यक्ष अनिल मित्तल ने बताया कि इस आयोजन में सभी मारवाड़ी महिलाओं के विभिन्न संगठनों की प्रमुख भूमिका रहेगी।

# बिना डॉक्टर, बिना सुविधा रसूलाबाद पीएचसी की बदहाल तस्वीर

● डाक्टर न होने पर मरीज इस केंद्र पर कम आते हैं

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद में वर्षो से डाक्टर की तैनाती नहीं है। डाक्टर न होने पर इस केंद्र पर आए मरीजों का इलाज फार्मेसिस्ट के सहारे है। डाक्टर न होने पर मरीज इस केंद्र पर कम आते हैं। अधिकाश मरीज अपना इलाज कराने जनपद सिद्धार्थ नगर अथवा जनपद बलरामपुर मुख्यालय पर जाना पड़ता है।

विकास खण्ड गैडास बुजुर्ग का प्रमुख प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ बाजार क्षेत्र के मरीज का इलाज इस केंद्र पर होता है। इस केंद्र पर डाक्टर के दो पद होने पर एक भी डाक्टर की तैनाती विभाग ने नहीं कर रखी है। इस केंद्र पर एक फार्मेसिस्ट, एक स्टाफ नर्स, हेल्थ सुपरवाइजर तैनात हैं। इस केंद्र पर महिला डाक्टर की तैनाती आज तक विभाग ने नहीं कर रखी है। लैब टेक्नीशियन की तैनाती न होने पर मरीजों के खून आदि की जांच नहीं हो पाती है। इस केंद्र पर लगे सोलर प्लांट एक वर्ष से खराब पड़ा है। वर्षों से खराब पड़ी सोलर प्लांट को ठीक कराने की रुचि विभाग ने नहीं की है।

इस केंद्र पर पचासों लाख से बने अधिकारी व कर्मचारी आवास प्रतिवर्ष राप्ती नदी में आने वाली बाढ़ से जगह जगह टूट गई है। खण्डहर हो जाने से आवास में कोई कर्मचारी नहीं रहता है। मजबूरन कर्मचारी व अधिकारी समीप के बाजार में किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य केंद्र की खराब दशा व चिकित्सीय सुविधा न मिलने पर क्षेत्र के मरीज अपना इलाज कराने जनपद सिद्धार्थ नगर के डुमरियागंज मुख्यालय अथवा उतरौला तहसील क्षेत्र में आने को जाते हैं।

## एक नजर

### लोगों को जागरुक करने के लिए चलाएं अभियान

**गोण्डा।** लोक अदालत के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए अभियान चलाकर पात्रों को लोक अदालत का लाभ दिलाया जाये। जिससे इसका उद्देश्य पूरा हो सके। ये निर्देश राष्ट्रीय लोक अदालत की नोडल अधिकारी अपर जिला जज नम्रता अग्रवाल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज दानिश हसनैन ने सिविल कोर्ट के वीडियो कांफ्रेसिंग कक्ष में आयोजित बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को दिये। नोडल अधिकारी व सचिव ने सभी अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा मामले चिन्हित करने एवं उनके निस्तारण के लिए हर प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया है। बैठक में एडीएम आलोक कुमार, एएसपी राधेश्याम राय, सीएमओ डा. रश्मि वर्मा, एसडीएम सदर अशोक कुमार गुप्ता, बीएसए अतुल कुमार तिवारी व डीपीआरओ लालजी दूबे सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। ज्ञात हो आगामी 10 मई को वर्ष 2025 की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है।

### जल भराव की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**कैसरगंज, बहराइच।** तहसील कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम हिन्दू पुरवा गांव के ग्रामीण जल भराव की समस्या से परेशान है।जिसको लेकर आज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में जल भराव की समस्या हमेशा बनी रहती है। जिससे आने-जाने में लोगों को काफी दिक्कत होती है। परेशानी का सबक झेलना पड़ता है। आए दिन तो छोड़ दीजिए रोज-रोज दुर्घटनाएं होती रहती है। गांव का पानी निकास न होने की वजह से लोगों के घरों का पानी सड़क पर ही जमा रहता है। जिससे सड़क पर जल भराव की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। आम जनमानस को काफी परेशानी हो रही है हिंदू पुरवा गांव से गोदहिया नंबर 4 तक जाने का संपर्क मार्ग है। जिससे कई हजारों की आबादी का आवागमन रोज़ होता है। हिंदू पुरवा ग्रामीणों का आरोप है कि अगर इस समस्या से निजात नहीं मिली तो हम लोग रास्ता बंद कर देंगे। जब तक इस समस्या का हमेशा के लिए निजात नहीं हो जाता है।



### 33 ग्राम स्मैक सहित नेपाली युवक गिरफ्तार

**रुपईडीहा, बहराइच।** शुक्रवार की शाम 4 बजे एक नेपाली युवक को नेपाली जिला बांके की पुलिस व मादकपदार्थ नियंत्रण ब्यूरो नेपालगंज के जवानों ने 33 ग्राम 4 सौ मिलीग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी देते हुए बांके जिले के पुलिस प्रवक्ता व डीएसपी दीपक पातली ने बताया कि यह युवक रुपईडीहा से नेपालगंज की ओर जा रहा था। संदेह के आधार पर इसकी रोककर तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान उक्त स्मैक बरामद हुई है। युवक की पहचान 22 वर्षीय प्रवेश सुनार निवासी वार्ड नं 5 नगर पंचायत चंदन नाथ जिला जुम्ला के रूप में हुई है। युवक को स्मैक सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु नेपालगंज स्थित जिला पुलिस मुख्यालय भेज दिया।

### दर्जनों ई रिक्शो को मिला यूनिक नम्बर

**रुपईडीहा, बहराइच।** थाना क्षेत्र में चलने वाले ई रिक्शों व टेम्पो पर यूनिक पहचान पत्र संख्या दर्ज करने का अभियान पुलिस ने चलाया है। शुक्रवार को चलाये गए इस अभियान के बारे में पूछने पर एसएचओ ने बताया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने व अवैध वाहनों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिना नम्बर, बीमा, लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन आदि की पड़ताल कर इन वाहनों पर यूनिक पहचान संख्या अंकित की जा रही है। शुक्रवार की सुबह से रुपईडीहा के प्रमुख मार्गों व चौराहों पर चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि नेपाली ई रिक्शे भी यहां चल रहे थे। उनपर भी अंकुश लगाया गया है। इस अभियान के दौरान चालकों को बताया गया है कि जिसके नाम से ई रिक्शे का रजिस्ट्रेशन है। वही रिक्शा व टेम्पो चलेगा। नाबालिग चलाते मिले तो चालान किया जाएगा। उन्होंने यह भी हिदायत दी है। ई रिक्शों पर सिर्फ सवारियां ही बैठाएंगे, माल नही ढोया जाएगा।

# उतरौला तहसील कार्यालय बना कुत्तों का अड्डा, उपजिलाधिकारी कोर्ट में पसरा सन्नाटा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** जहां आम नागरिकों को न्याय की उम्मीद होती है, वही स्थान जब अव्यवस्था और उपेक्षा का प्रतीक बन जाए, तो व्यवस्था पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। कुछ ऐसा ही दृश्य बलरामपुर जिले की उतरौला तहसील के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कोर्ट में देखने को मिला, जहां न्याय की प्रतीक्षा करने वाले नागरिकों की बजाय फर्श पर आवारा कुत्ते आराम फरमाते नज़र आए।



वायरल हो रही तस्वीर में देखा जा सकता है कि तहसील परिसर में एक व्यक्ति बेंच पर सोया हुआ है, जबकि कोर्ट कक्ष के भीतर कम से कम चार आवारा कुत्ते जमीन पर पसरे हुए हैं। वहीं खुले दरवाज़े और खाली पड़ी कुर्सियाँ प्रशासनिक लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गवाही दे रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कोर्ट परिसर में अक्सर आवारा कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे न सिर्फ कर्मचारियों बल्कि फरियादियों को भी डर बना रहता है। कई बार कुत्ते आपस में लड़ते हैं या परिसर में गंदगी फैलाते हैं, लेकिन प्रशासनिक अमला आंखें मूंदे बैठा है। यह स्थिति न केवल तहसील की गरिमा को ठेस पहुंचा रही है, बल्कि आम जनता के बीच भी सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा रही है।

# सिपाहियों ने डॉक्टर से की अभद्रता, जूता से मारने की दी धमकी का आरोप

**बहराइच।** जिले के थाना मोतीपुर अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहीपुरवा में कार्यरत एक चिकित्सक द्वारा इमरजेंसी ड्यूटी के समय मोतीपुर के एक सिपाही पर उन्हें जूता निकाल कर गाली देते हुए पीटने की धमकी का आरोप लगाया है। घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा में कार्यरत डॉ आरपी सिंह ने बताया कि 17 अप्रैल की रात लगभग 8 बजे वे इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे थे, उसी समय थाना मोतीपुर के तीन सिपाही तथा एक होमगार्ड धारा 151 के चार अभियुक्तों को लेकर मेडिकल कराने आए। उन्होंने सिपाहियों से थोड़ी देर रुकने को कहा। इस पर क्रोधित होकर राम आशीष चौरसिया सिपाही गाली देते हुए जूता निकाल कर उन्हें पीटने की धमकी देने लगा।

# हाजियों के टीकाकरण कैंप का चेयरमैन ने किया उद्घाटन

● हज 2025 के लिए मदरसा नूरिया ऐनी, कैसरगंज में हुआ आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कैसरगंज, बहराइच।** हज 2025 पर जाने वाले हुज्जाजे किराम के लिए आज शनिवार को मदरसा नूरिया ऐनी कैसरगंज में टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चेयरमैन यूसुफ अली सोनू ने फीता काटकर किया।

कैंप में हाजियों को आवश्यक टीकाकरण के साथ-साथ हज से जुड़ी अहम जानकारियाँ, स्वास्थ्य संबंधी सुझाव, और यात्रा के दौरान अपनाए जाने वाले नियमों का प्रशिक्षण दिया गया। कैसरगंज क्षेत्र के सभी हाजियों को सुबह 9:00 बजे से व्यवस्थित प्रक्रिया के तहत वैक्सीनेशन किया गया। कैंप में स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही, जिसने सभी का चेकअप कर जरूरी वैक्सीनेशन लगाया गया।



इस मौके पर मदरसा के प्रबंधक शमसुद्दीन बरकाती और कार्यक्रम आयोजक हाजी शब्बीर अली कादरी ने हाजियों को संबोधित करते हुए हज यात्रा के महत्व और सावधानियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस तरह के कैंप हाजियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम में अब्दुल नबी सैफी, इरशाद अली मोहम्मद हाजी राशिद अमीन एडीटर हाजी शेर अली हाजी नब्बन मौलाना अब्दुल सुभआन, मो समशुद्दीन, मो रिजवान, मो फरीद, कारीसद्दम, कारी अहमद हुसैन, कारी अरसद और बड़ी संख्या में हाजियों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रहे।

# बजाज चीनी मिल इंटई मैदा में छ: दिवसीय स्थापत्य वास्तु कथा ज्ञान यज्ञ का विशाल भण्डारे के साथ हुआ समापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उतरौला, (बलरामपुर)।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, चीनी मिल में स्थित बजाज देवालय में छः दिवसीय स्थापत्य वास्तु कथा ज्ञान यज्ञ के पूर्ण दिवस के उपरांत हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान एवं आसपास के लोग उपस्थित हुए। आचार्य हिमांशु ने विधवक पूजा पाठ के बाद यज्ञ कार्यक्रम संपन्न कराया।



उद्बोधन में आचार्य सुशील बलूनी ने मनु, ध्रुव,राजा अंग, महराज पृथु, दुराचारी राजकुमार बेन तथा महाराज पृथु की कथाएं विस्तार पूर्वक सुनाई। आज आचार्य जी ने उत्तर भारत में क्यो गणपति जी की मूर्ति विसर्जित नहीं करनी चाहिये। श्री बलूनी ने कहा भारत में जन्मी वास्तु विद्या को आज समाज ने भुला सा दिया है। यह विद्या मनुष्य के जीवन में सुख समृद्धि शांति यश एवं कीर्ति प्रदान करती है, यदि जन सामान्य को सुखी रहना है तो हमें वास्तविक विज्ञान के नियम सिद्धांतों का बारीकी से अध्ययन कर आत्मसात करना होगा।

कथा के अंत में आचार्य बलूनी ने सुधी श्रोताओं से एकत्रित भेंट तथा स्वयं से भी एक धनराशि बजाज पब्लिक स्कूल उतरौला के बच्चों के कल्याणार्थ सामूहिक रूप से नन्हे-मुन्हों को आशीर्वाद सहित भेंट कर दिया। कथा पूर्ण होने पर उन सभी बच्चों को जिन्होंने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। युनिट हेड शुगर, युनिट हेड पावर व आचार्य सुशील बलूनी जी को स्मृति चिन्ह भी भेंट किये गये।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में महाकुंभ को बताया गया राष्ट्रीय एकता का जीवंत प्रतीक

**गोण्डा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, गोंडा के हिन्दी विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में "वसुधैव कुटुम्बकम का महाविज्ञान : राष्ट्रीय एकता का प्रतिबिंब" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। संगोष्ठी की अध्यक्षता माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के प्रथम कुलपति प्रोफेसर रविशंकर सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी एवं पत्रकारिता विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध साहित्यकार प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई।

# रहमतपुर चौराहे से तिन्नहवा घाट तक जाने वाली सड़क की हालत बदहाल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सादुल्लानगर, बलरामपुर।** रेहरा बाजार ब्लॉक के अंतर्गत रहमतपुर चौराहे से तिन्नहवा घाट तक जाने वाली सड़क की हालत बद से बदतर हो चुकी है। एक दशक से अधिक समय से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है, जिसके चलते यह मार्ग अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है।



स्थानीय निवासियों के अनुसार यह मार्ग न सिर्फ आवागमन का मुख्य जरिया है, बल्कि गोंडा-बलरामपुर सीमा पर बनी बिसुही नदी के पुल से जुड़ाव का भी महत्वपूर्ण साधन है। करीब दस साल पहले इस पुल के साथ ही इस सड़क का निर्माण हुआ था, लेकिन तब से आज तक इसमें किसी भी प्रकार की मरम्मत नहीं की गई।

ग्रामीण क्षेत्र पंचायत सदस्य राम अवध शर्मा, ननकन, दिनेश, संदीप, प्रदीप, शिवा, रामजी वर्मा, आकाश, महेश निषाद और प्रमोद कुमार आदि ने बताया कि खराब सड़क के कारण रोजाना हादसे हो रहे हैं। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं और वाहन चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव की शोभा गुप्ता, दुलारे गुप्त, बजरंगी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं, लेकिन सड़क की खस्ता हालत उन्हें जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर कर रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

# 2027 विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने कसी कमर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बहराइच में जनपदस्तरीय संगठन सृजन कार्यक्रम को गतिशीलता प्रदान करने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन स्थानीय कांग्रेस भवन के सभागार में सम्पन्न हुआ।

उक्त बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री शिवेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के आगामी 2027 के विस चुनावों से पूर्व बूथ स्तर तक कांग्रेस पार्टी को सशक्त करने के क्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पुनर्गठन हेतु ब्लाकवार प्रभारियों की नियुक्ति की जा रही है। जिलाध्यक्ष ने समस्त प्रभारियों को तय समय सीमा के भीतर ब्लॉक मीटिंग कर रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में प्रस्तुत करने की अपील की। इसी क्रम में जरवल ब्लाक व नगर पंचायत के प्रभारी मो शाहनवाज, कैसरगंज ब्लॉक व नगर पंचायत से जियाउद्दीन वारसी, फखरपुर से प्रभारी आशुतोष मिश्र व सह-प्रभारी राधेश्याम गुप्ता,महसी से शेख जकारिया शेखू, तेजवापुर से हमजा शफीक, शिवपुर से ब्लॉक प्रभारी रामसुंदर तिवारी व सह-प्रभारी रवि श्रीवास्तव, बलहा ब्लॉक व नानपारा नगर पालिका परिषद से धर्मराज वर्मा, मिहींपुरवा ब्लॉक व नगर पंचायत से मो. शरीफ नेता,नवाबगंज ब्लॉक व नगर पंचायत रूपईडीहा से धर्मेंद्र चौधरी, रिसिया ब्लॉक व नगर पंचायत से दीनानाथ पाण्डेय प्रभारी, विशेश्वरगंज से विनय सिंह प्रभारी के साथ गिरजा दत्त झा सह-प्रभारी, पयागपुर ब्लाक व नगर पंचायत से रमाकांत त्रिपाठी, हुज़ूरपुर से प्रभारी स्वदेश सिंह के साथ जगदीश सिंह सहित श्रीमती सोनम सैनीको चित्तौरा ब्लाक के साथ नगर पालिका परिषद का प्रभारी नियुक्त किया गया।

# सेवानिवृत शिक्षक की निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**गोण्डा।** सेवानिवृत शिक्षक राम सुन्दर सोनी का इलाज के दौरान लखनऊ में निधन हो गया वह 76 वर्ष के थे। शिक्षक के निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी लोगो ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

कस्बा इटियाथोक के पारासराय के रहने वाले शिक्षक राम सुन्दर सोनी बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत थे सेवा पूर्ण होने के बाद वह अपने पैतृक आवास पर परिवार के साथ रहते थे। शिक्षक राम सुन्दर सोनी का समाज के सभी धर्म के लोगों पर उनकी एक अमिट छाप थी। सादा जीवन उच्च विचार के प्रति उनका एक लग रुझान था। क्षेत्र के लोगो को हमेशा अपनी मधुर वाणी से शिक्षा के प्रति जागरूक करते रहते थे। बीते कई दिनों से वह गंभीर बीमारी से ग्रसित हुए और परिवार के लोगों ने लखनऊ में इलाज के लिए भर्ती किया। शुक्रवार की देर रात इलाज के दौरान शिक्षक राम सुन्दर सोनी का निधन हो गया।

# जिलाधिकारी ने परसपुर भूमि प्रकरण की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** नगर पंचायत परसपुर अंतर्गत गाटा संख्या 559 एवं 743 से संबंधित एक गंभीर शिकायत के परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए शनिवार को एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है।

अनिल कुमार पुत्र मोतीलाल, मुस्तफा व इब्राहीम पुत्रगण वाजिद अली आदि की ओर से प्राप्त शिकायती पत्र में आरोपित किया गया है कि विपक्षीगण द्वारा कूटरचित इकरारनामा तैयार कर उपर्युक्त गाटों का विक्रय फर्जी एवं अवैध तरीके से किया गया है। साथ ही यह भी आरोप है कि विपक्षी पक्ष द्वारा संगठित रूप से विद्यालय, कब्रिस्तान, पुरानी आबादी तथा अन्य व्यक्तियों की स्वामित्वाधीन भूमि पर भी अनधिकृत रूप से कब्जा कर फर्जी विक्रय किया जा रहा है। शिकायत में कुछ बाहरी जनपदों के व्यक्तियों की संलिप्तता का भी उल्लेख किया गया है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों नगर पंचायत परसपुर क्षेत्र में भूमि क्रय-विक्रय से संबंधित जालसाजी एवं धोखाधड़ी की घटनाएं सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से भी प्रशासन के संज्ञान में आई हैं। उक्त प्रकरण प्रथम दृष्टया अत्यंत गंभीर प्रकृति का प्रतीत होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति गठित कर विस्तृत जांच कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

गठित समिति निम्नवत् है-

1. अपर जिलाधिकारी, गोंडा – अध्यक्ष, 2. उप जिलाधिकारी, करनैलगंज – सदस्य, 3. सहायक महानिरीक्षक निबंधन, गोंडा – सदस्य, 4. बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, गोंडा – सदस्य। उक्त समिति को निर्देशित किया गया है कि वह संपूर्ण प्रकरण की गहनता से जांच कर शिकायती पत्र में वर्णित बिंदुओं पर तथ्यात्मक रूप से परीक्षण करते हुए दिनांक 22 अप्रैल 2025 तक जांच आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### जनहित से जुड़े मामलों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं : नेहा शर्मा

जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कूटरचना अथवा अवैध क्रियाकलापों को प्रशासनिक स्तर पर किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा पीड़ितों को विधिसम्मत न्याय प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता होगी।

# उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं तकनीकी उन्नयन योजना हेतु करें आवेदन

● केवल प्लांट मशीनरी एवं उपकरण खरीद पर ही दिया जायेगा पूंजी उपादान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलरामपुर।** उपयुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडे ने बताया कि उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं तकनीकी उन्नयन योजनान्तर्गत तीन वर्ष से संचालित एवं कार्यरत सूक्ष्म एवं लघु औद्योगिक इकाईयां जो तकनीकी उन्नयन हेतु इच्छुक हों. को उत्पाद गृणवत्ता सुधार, पर्यावारण सुधार, श्रम सुरक्षा, उर्जा दक्षता गुणवत्ता पैकेजिंग सुविधायें एवं कम्प्यूट्रीकृत गुणवता नियंत्रण हेतु वांछित अतिरिक्त मशीनों आदि की व्यवस्था हेतु 50 प्रतिशत पूंजी उपादान देय होगा, जिसकी अधिकतम सीमा रू0 5.0 लाख तक अनुमन्य होगी। पूंजी उपादान केवल प्लांट मशीनरी एवं उपकरण खरीद पर ही दिया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत ब्याज उपादान सहायता दिये जाने का भी प्रावधान है, जिसकी अधिकतम सीमा रू0 1.0 लाख प्रति वर्ष है। योजनान्तर्गत मानक, प्रक्रिया अनुरूपता एवं प्रमाणीकरण सहायता प्रदान किया जाने का प्रावधान है। योजनान्तर्गत शर्तें निम्नवत हैं:-

1. कम से कम 03 वर्ष से संचालित एवं कार्यरत सूक्ष्म एवं लघु औद्योगिक इकाईयां ही आवेदन हेतु पात्र होंगी।

2. योजनान्तर्गत प्राप्त सुविधा अथवा अनुदान प्रदान करने के 05 वर्ष के अवधि के अन्दर यदि इकाई बन्द होती है तो योजनान्तर्गत समस्त प्रदत्त सुविधा एवं अनुदान इकाई को वापस करने होंगे।

3. योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर चुकी इकाई 05 वर्ष के उपरान्त उक्त मद में तकनीकी उन्नयन करने की स्थिति में अनुदान हेतु पुनः आवेदन कर सकते हैं।

4. एक से अधिक मदों में आवेदन करने वाली सूक्ष्म व लघु इकाईयों हेतु अनुदान की अधिकतम सीमा कमशः रुपये 7.50 व 15 लाख होगी।

उक्त योजनान्तर्गत आनलाईन आवेदन विभाग की वेबसाइट https://msme.up.gov.in/ पर किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में समय पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक कार्यालय-उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, उतरौला रोड़, धर्मपुर, बलरामपुर में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा कार्यालय के सहायक प्रबन्धक (मो० नं. 9125703354 एवं 8287007994) से सम्पर्क किया जा सकता है ।

**अभियान** सीओ लाइन ने अभियान चलाकर बिना हेलमेट सैकड़ो दो पहिया वाहन चालकों का किया चालान

# बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों पर आई शामत

● खुद लगाये पीछे बैठे वाले साथी को भी लगवाए हेलमेट : पालीवाल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ चालान की कार्यवाही की जा रही सीओ लाइन उदित नारायन पाल ने दो टूक शब्दों में कहा है कि दो पहिया वाहन चालक अपने साथ ही पीछे बैठे साथी को भी हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाएं बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों को किसी भी दशा में बक्शा नहीं जाएगा।

गुरुवार की देर शाम गुरु नानक चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान सीओ लाइन उदित नारायन पाल ने कहां की हेलमेट लगा कर वाहन चलाने से दुर्घटना से पूरी तरह से बचा जा सकता है बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के अधिकतर मामलों में बिना हेलमेट के वाहन चालक सर में गंभीर चोट खाने की वजह से असमय मौत का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चालक अपनी गाड़ियों में मानक के अनुसार स्पष्ट नंबर प्लेट लगा कर चले और यातायात नियमों का पूर्णतया पालन करें। उन्होंने चार पहिया वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि बाजारों में खरीदारी के दौरान अपने वाहन को पार्किंग कर खड़ा करें शहर भ्रमण के दौरान तमाम जगहों पर लोग सड़क की पटरिया पर बेतरकीब ढंग से अपना चार पहिया वाहन खड़ा कर देते हैं जिसकी वजह से जाम की समस्या पैदा होती है उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी।


गुरु नानक चौक पर बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों पर कार्यवाही करते सीओ लाइन।

**हेलमेट लगाओ जान बचाओ :** उन्होंने बताया कि हेलमेट लगाओ जान बचाओ अभियान के तहत दो पहिया वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है जिसके तहत वाहन चेकिंग अभियान के दौरान जो लोग बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाते हुए पाए जाते हैं उनका चालान किया जा रहा है उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय अपना व पीछे बैठे साथी को हेलमेट जरूर लगवाएं जिससे आपकी यात्रा सुरक्षित रहेगी।

### भौकाल बनाने वालों का भी कट गया चालान

गुरुवार को गुरु नानक चौक पर अपनी पूरी टीम के साथ बिना हेलमेट के वाहन चालकों की चेकिंग के दौरान सैकड़ो लोगों का चालान काटा इस दौरान कुछ वाहन चालकों ने सीधे अपने नेता जी को फोन लगाकर चालान से बचने के लिए जुगत लगाई मगर उनके प्रयास पर पानी फिर गया सीओ लाइन उदित नारायन पाल ने नेताजी से बात उन्हें भी मुस्कुरा कर यातायात नियमों का पाठ पढ़ाकर दरोगा जी से पकड़ी गई गाड़ी का डबल चालान करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट के दोपहिया चालकों के खिलाफ यह अभियान निरंतर चलेगा।

### अब तक 10000 वाहनों का हुआ चालान

सीओ लाइन उदित नरायन पाल ने बताया कि एक मार्च से लेकर अब तक मुख परिवर्तन कार्यवाही के दौरान बिना हेलमेट के 90004 लोगों का तीन सवारी 945 सीज वाहन की संख्या 196 इसके अलावा वाहन सत्यापन ई-रिक्शा बस ऑटो कुल मिलाकर 1506 वाहन स्वामियों पर कार्यवाही की गई है।

## एक नजर

### दुकानदार से मारपीट करने वाले तीन गिरफ्तार

**हरदोई।** शुक्रवार देर परचून दुकानदार दो भाइयों के साथ मारपीट कर दुकान की चाबी व मोबाइल छीनने वाले तीन व्यक्तियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त विवरण के अनुसार, रणधीर राठौर पुत्र सुरेन्द्र कुमार राठौर निवासी ग्राम फूलबेहटा कोतवाली शहर जनपद हरदोई द्वारा शनिवार को कोतवाली शहर पर तहरीर दी गयी कि विगत रात्रि में अपने भाई के साथ दुकान बंद करके घर जा रहे थे, जहाँ रास्ते में अल्लीपुर मार्ग पर काशीपुर मोड़ के निकट अज्ञात तीन व्यक्तियों ने दोनों भाइयों के साथ गाली–गलौज/मारपीट कर दुकान की चाबी व मोबाइल फोन छीन लिये गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने घटना को संज्ञान में लेकर घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को गठित कर लगाया। चौबीस घंटे के अंदर कोतवाली शहर पुलिस ने विपिन पुत्र शिवशरण, मुनीम पुत्र सुरेश व सुनील पुत्र रामकुमार सर्व निवासी ग्राम बन्नई थाना कोतवाली देहात हरदोई को घटना में प्रयुक्त एक बाइक,2 मोबाइल फोन, दुकान की चाबी व 45 सौ रूपये नगदी सहित गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।

### चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**हरदोई।** थाना कोतवाली शहर पुलिस ने शनिवार को चेकिंग के दौरान दो युवकों को चोरी की अपाचे बाइक के साथ गिरफ्तार किया। जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली शहर पुलिस द्वारा शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक अपाचे बाइक पर तीन सवारी होने के कारण रोका गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन के कागजात न मिलने पर वाहन संख्या को ई–चालान एप से चेक किया तो उपरोक्त बाइक सौरभ सिंह पुत्र परशुराम निवासी ग्राम नरसिघौली पोस्ट बिटौली थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर के नाम पर पंजीकृत पायी गयी, तथा एप में दिये गये मोबाइल नम्बर से बात की गयी तो वाहन स्वामी सौरभ सिंह द्वारा बताया गया की उसकी अपाचे बाइक बीती 18 फरवरी की रात सीतापुर सचिवालय के पास से चोरी हो गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना नैमिसारणय जनपद सीतापुर में अभियोग दर्ज है। इसके बाद पुलिस ने शिवम गौतम पुत्र सुभाषचंद्र निवासी ग्राम जिगिनियापुर व अभिमन्यू उर्फ अभि पुत्र जगरूप निवासी कट्टा गौठा थाना टड़ियावां हरदोई को गिरफ्तार कर लिया, तथा एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया। उनके कब्जे से चोरी की गई अपाचे बाइक बरामद कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### अम्बेडकर की जयन्ती पर कार्यक्रम का आयोजन

**हरदोई।** जिला पूर्ती अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया है कि मे शासन के आदेशानुसार व जिलाधिकारी के निर्देशन मे आज जिला पूर्ती विभाग द्वारा नगर पालिका हरदोई के सभागार मे जनपद के सभी कोटेदारों को बुलाकर बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे बाबा भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया, तथा समस्त कोटेदारों को भारत का संविधान उद्देशिका की शपथ दिलायी गयी। इस कार्यक्रम मे जिला पूर्ती कार्यालय से रजत शर्मा, रजनीश सिंह, मान सिंह, अजय प्रताप सिंह व मनोज कुमार उपस्थित रहें।

### डीएम ने किया आरआरसी सेंटर का निरीक्षण

**हरदोई।** तहसील समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बेगमगंज संडीला स्थित आरआरसी सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक संग्रह यूनिट, पृथक्करण यूनिट, प्रोसेसिंग यूनिट आदि को देखा। उन्होंने कहा कि सेंटर के संचालन को पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कदम उठाये जाएं। इस सम्बन्ध में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं से समन्वय स्थापित किया जाये। जिन ग्रामों से ठोस प्लास्टिक अपशिष्ट प्राप्त नहीं हो रहा है, वहाँ के सम्बंधित कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अरूणिमा श्रीवास्तव व डीपीआरओ विनय सिंह उपस्थित रहें।

### वाद विवाद प्रतियोगिता में यासमीन अव्वल

**हरदोई।** डायट में शनिवार को स्वतंत्रता के अमृत कल के अवसर पर संविधान दिवस के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के अवसर पर डायट प्राचार्य योगेंद्र सिंह ने डॉ . बाबासाहेब अंबेडकर के द्वारा किए गए समाज में सुधार, महिला सशक्तिकरण लैंगिक समानता में योगदान के बारे में बताया।। इस प्रतियोगिता में निर्णायक समिति के सदस्य के रूप में डायट प्रवक्ता पीतांबर चौरसिया, मुनीश मोहम्मद और अनीता कुमारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सानिया यासमीन ने प्रथम, देश दीपक ने द्वितीय स्थान और पारुल राजवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में प्रवक्ता उमेश चंद्र, सौरभ मौर्य, युवराज सिंह व आनंद कुमार उपस्थित रहे।

### नवीन मण्डी का निर्माण कराने की मांग

**मिर्जापुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल नेमुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ को पत्र लिख कर कृषि आधारित राज्य की अर्थव्यवस्था एवं किसानों की आयवृद्धि सुनिश्चित करनेके लिए नवीन एवंअत्याधुनिक मण्डी स्थल का निर्माण कराए जानेका अनुरोध किया है।कहा हैकि कृषकों के कृषि उत्पादों का उचित मूल्य सुनिश्चित कराने, उन्नत भंडारण एवं संरक्षण सुविधा उपलब्ध करानेके लिएराजगढ़ या नरायनपुर मेंनवीन मण्डी की जरूरत है। नवीन मण्डी मेंआधुनिक उपकरणों एवं परीक्षण प्रयोगशालाओं की सुलभव्यवस्था के साथ ही कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन के लिए उपयुक्त वातावरण सृजित करनेएवं कृषक कल्याण योजनाओं केप्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत है।

### समस्याओं को सुनकर करें निष्पक्ष निस्तारण

**मिर्जापुर।** जनता को त्वरित और मौके पर न्याय दिलानेके लिए शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों मेंसंपूर्णसमाधानआयोजित किया गया। तहसील चुनार मेंजिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मानेआए हुएफरियादियों की समस्याएं सुनी। कुछ का मौके पर तो अन्य शिकायतीपत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपतेहुए मौके परजाकर दोनों पक्षो को सुननेके बाद निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसीतरह सदर तहसील मेंअपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्वशिव प्रताप शुक्ल में लोगों की समस्याएं सुनी।इस मौके पर सदर मेंएसडीएम गुलाब चंद व अन्य अधिकारी रहे।

### युवक ने किया कीटनाशक का सेवन, गंभीर

**मिर्जापुर।** जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक मामा के घर से शादी का निमंत्रण न मिलने पर शुक्रवार को नाराज कीटनाशक का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।थाना क्षेत्र के गांव के निवासी युवक के मामा के पुत्र की शादी 20 अप्रैल को है। जिसमें मामा ने पुत्र की शादी का निमंत्रण भांजे को नहीं दिया। युवक पूरे जोर–शोर से शादी की तैयारी में सहयोग में लगा। लेकिन किसी बात को लेकर मामा ने भांजे को अपने पुत्र के शादी में निमंत्रण नहीं दिया। जिससे नाराज 20 वर्षीय भांजे ने शुक्रवार की शाम को निमंत्रण न मिलने की नाराजगी व्यक्त करते हुए घर में रखा कीटनाशक पी लिया। देर शाम उल्टी होने व मुंह से झाग निकलने पर वह घर में बेहोश हो गया। उल्टी होने के बाद बेहोश हो जाने पर परिजनों को युवक के जहर पी लेने की जानकारी हुई।परिजनों ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां पर युवक का इलाज चल रहा है। डॉक्टर महेंद्र चैधरी ने बताया कि युवक गंभीर हालत में आया था। उपचार के बाद स्थिति सामान्य हो गई है। अभी भी इलाज चल रहा है।

### कढ़ाई में गिरकर मासूम झुलसा

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम ऐझी में शनिवार की सुबह सीढ़ियों से उतरते समय कढ़ाई में पक रही सब्जी में गिरकर ढाई वर्षीय मासूम बच्चा बुरी तरह झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार ऐझी गांव निवासी संजय का पुत्र अंश शनिवार की सुबह सीढ़ियों से उतर रहा था। वहीं पास में कढ़ाई में सब्जी पक रही थी। तभी अचानक पैर फिसल जाने से कढ़ाई में गिरकर बुरी तरह झुलस गया। जिसे परिजन तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### विक्रम पलटने से चालक समेत बालक घायल

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के विजयीपुर के समीप शनिवार की सुबह सब्जी से लदा विक्रम पलट जाने से चालक सहित नौ वर्षीय बालक घायल हो गया। जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाने के डोलीपर गांव निवासी स्व0 शिवमंगल का 50 वर्षीय पुत्र राममिलन विक्रम चालक है। बताते हैं कि वह अपने साथ बालक गोविंद पुत्र शिव प्रकाश निवासी झुरहापुर मजरे गढ़ा को बैठाकर सब्जी लेने गया था। वापस आते समय जैसे ही वह लोग विजयीपुर के पास पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर विक्रम पलट जाने से दोनों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# यकृत की विकृति से बचाएगा प्रकृति प्रदत्त आहार: डा राजेश मिश्र

» विश्व यकृत दिवस पर चिकित्सकों ने कहा कि भोजन ही सर्वश्रेष्ठ औषधि




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरदोई।** 'विश्व यकृत दिवस' प्रत्येक वर्ष १९ अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है ₹भोजन ही औषधि है₹। यह थीम लिवर के स्वास्थ्य को बनाए रखने और संतुलित आहार के माध्यम से लिवर की बीमारियों को रोकने में पोषण की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है।

शहीद उद्यान स्थित कायाकल्पकेन्द्रम् में शनिवार को 'विश्व यकृत दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में सीनियर नेचरोपैथ डॉ० राजेश मिश्र ने कहा कि प्रकृति प्रदत्त सात्विक आहार, यकृत की विकृति से बचाएगा। उन्होंने कहा कि भोजन ही सर्वश्रेष्ठ औषधि है। इससे स्वास्थ्य रक्षा होती है और शरीर के रुग्ण हो जाने पर उपयुक्त पथ्य लेने से पुनः स्वास्थ्य ठीक हो जाता है। श्री मिश्र ने कहा कि प्रारम्भ से ही ऐसा आहार लें जिससे यकृत में कोई विकार उत्पन्न न हो, यदि किसी कारण से यकृत में कोई विकार आ गया है तो उसके अनुसार आहार ग्रहण करें। उन्होंने बाज़ारू भोजन से बचने की सलाह दी। कहा बाहर की चीजें रोगी बना रहीं हैं।

डॉक्टर मिश्र ने बताया कि नोएडा में उनके पास एक यकृत रोगी आया जिसका एम्स में उपचार चल रहा था, उसका बिलीरुबिन चार से अधिक था। उन्होंने उस रोगी को अपने आहार और उपचार पर रखा, पंद्रह महीने में उसका वजन पैंतीस किलो कम हुआ और बिलीरुबिन दो से नीचे आ गया। बताया उस रोगी का उपचार एक माह ही चला लेकिन आहार लम्बे समय तक चलाया गया था।

डॉ. सरल कुमार ने कहा कि लीवर को स्वस्थ रखने के लिए १९९६ से प्रत्येक वर्ष १९ अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पालक, मकोय आदि रेशेदार चीजों का सेवन करने से लीवर ठीक रहता है। उन्होंने पीलिया में गन्ने के रस को उपयोगी बताया। लीवर को ठीक रखने के लिए कोल्ड ड्रिंक, फास्ट फूड तथा मादक द्रव्यों से दूर रहने की सलाह दी। डॉ अभिषेक पाण्डेय, शिवकुमार, आशीष जैन, दीपाली, अनामिका व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती पखवाड़ा पर आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» हिट द बॉल प्रतियोगिता में पलक सिंह प्रथम एवं खुशबू गुप्ता द्वितीय स्थान पर रही

**हरदोई।** अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगितायें महाविद्यालय में आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं को रीक्रिएशन एक्टिविटीज कराई गई। जिसके अंतर्गत इन आउट प्रतियोगिता, हिट द बॉल प्रतियोगिता कराई गई। साथ ही रिले रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इन आउट प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की प्रिया विजय रही। हिट द बॉल प्रतियोगिता में पलक सिंह प्रथम एवं खुशबू गुप्ता द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षिकाएं डॉ अंजू एवं डॉ स्मृति मौजूद रहीं। खेलकूद प्रतियोगिताओं का संचालन प्रोफेसर सरिता यादव ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुमन वर्मा ने सभी छात्रों को आशीर्वाद दिया। आर्य कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'पोषण पखवाड़ा' एवं संस्कृत विभाग द्वारा हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' तक आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में संयुक्त रूप से पोषण जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन शैली,बच्चों व महिलाओं के लिए पोषण संबंधी देखभाल के बारे में जानकारी तथा सही मात्रा में भजन और पेय पदार्थ का सेवन करना चाहिए, ऐसा पोस्टर में प्रदर्शित किया गया । भारतीय संविधान में राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के अंतर्गत नागरिकों हेतु संतुलित जीवन शैली एवं पोषण से संबंधित प्रावधानों का उल्लेख है अनुच्छेद 47 के अंतर्गत कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान द्वारा प्राप्त उद्देश्य को पूरा करने हेतु एवं लोगों में जन जागरूकता बढ़ाने हेतु इस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# अविवादित वरासत के प्रकरण को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जायें : मंगला प्रसाद

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» गाँव में विवाद होने की स्थिति में पुलिस टीम तत्काल मौके पर जाये : नीरज

**हरदोई।** तहसील सभागार संडीला में आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने आमजन की समस्याओं को सुना। लोगों की शिकायत सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि चकरोड मार्ग से अवैध कब्जे हटाए जाएं। पैमाइश के प्रकरणों को अनावश्यक रुप से लंबित न रखा जाये। अविवादित वरासत के प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाये। म्यूटेशन के वादों को अनावश्यक रुप से ख़ारिज न किया जाये। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में त्वरित कार्रवाई की जाये। कृषि भूमि पर किसी विवाद के मामले में राजस्व टीम पुलिस टीम के साथ मौके पर जाये। आय प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व अच्छी तरह से सत्यापन कर लिया जाये। फत्तेपुर ग्राम के गलत आय प्रमाणपत्र जारी करने के एक प्रकरण में लेखपाल राहुल रस्तोगी को निलंबित करने के निर्देश दिए। झरोइया ग्राम में गलत अंश निर्धारण को दुरुस्त करने में देरी पर कानून गो व लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

### कीट के नियंत्रण के लिये जैविक एवं रसायनिक का प्रयोग किया जा सकता है

**हरदोई।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी विनीत कुमार ने बताया है कि वर्तमान समय मे गन्ने की फसल मे पाइरिला कीट का प्रकोप दिखायी दे रहा है। यह कीट पौधो की पत्तियों से रस चूसता है। वयस्क पाइरिला एक हल्के पीले रंग का, मुलायम शरीर वाला कीट होता है। जिसका सिर आगे की ओर झुका हुआ होता है, यह कीट पत्तियों की निचली सतह पर झुण्ड मे पाया जाता है। तथा मुख्य रूप गन्ने की नाजुक पत्तियों पर अण्डे देता है। और इसके लार्वा इन पत्तियों का खाकर गन्ने की बढ़त को रोक देते है। इसके कारण गन्ने की फसल कमजोर हो जाती है। जहाँ कीट पौधे का रस चूसते है, जिससे पत्तियां पीली होकर सूख जाती है। इस कीट के नियंत्रण के लिये जैविक एवं रसायनिक दोनो विधियों का प्रयोग किया जा सकता है। जैविक नियंत्रण हेतु एपिरिकेनिया परजीवी के 4-5 लाख अण्डे या 5 हजार शंखियां प्रति हे0 की दर से प्रकोपित फसल पर छोडे एवं लाईट ट्रैप लगायें जिसमे 200 वाट का बल्ब हो उसे गड्ढे मे लटका दे कीट इसके सम्पर्क मे आकर गड्ढे में गिरेगें और नष्ट हो जायेंगें।

# दबंगों ने युवक को किया अधमरा, लगाई गुहार

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» युवक दहेज का सामान डाला से घर लाकर उतार रहा था

**शाहाबाद हरदोई।** घर में शादी से पहले पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई लेकिन पुलिस सुरक्षा नही कर पाई।बेचारा पीआर शादी से एक दिन पूर्व ही दबंगों ने हमला कर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। उसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

मनोज कुमार पुत्र बुलाकीराम निवासी ग्राम बरेला ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपनी बहन की शादी के लिए 15.अप्रैल को दान दहेज का सामान पिकप (डाला) से अपने घर लाकर उतार रहा था। तभी गाँव' के महेश पुत्र मिट्ठूलाल अपना ट्रैक्टर लेकर आ गये और कहा कि पिकप हटाओ नहीं तो ठोकर मार देगे।

उसने कहा थोडा रूको अभी हटा रहे है इतने में महेश गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना किया तो आरोपी महेश दौडकर अपने घर गया वहाँ से अपने हाथ में तमंचा लेकर आया और साथ में चन्द्रपाल, सत्यपाल, सुबोध, शिवम पुत्रगण महेश अपने अपने हाथो में लोहे की सरिया लेकर आये चन्द्रपाल के हाथ में लोहे का फरसा था। चन्द्रपाल ने फरसे से उसके भाई सतीराम के सर पर जान से मार डालने की नियत से वार किया। जिससे सतीराम जमीन पर गिर कर बेहोस हो गया। सत्यपाल, सुबोध,शिवम व महेश ने उसे व उसकी पत्नी ममता तथा भाई राजेन्द्र को अपने अपने हाथो में लिये सरिये से व महेश ने लात घूसो से काफी मारा पीटा। इसी दौरान बीच बचाव करने आयी उसकी माँ के सोने कुण्डल विपक्षी सत्यपाल ने नोच लिये।सभी घायलों का टोडरपुर सी एच सी में डाक्टरी परीक्षण कराया गया।उसके भाई सतीराम की हालत गम्भीर बनी हुई है।पीड़ित ने बताया कि करीब 2 वर्ष पूर्व आरोपी महेश ने अपने ट्रैक्टर से कुचल कर उसके पुत्र को मार दिया था। उस समय कुछ सम्भ्रान्त व्यक्तियों के कहने पर उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नही की गयी थी।

तबसे आरोपियों के हौसले बुलंद है।उक्त घटना की लिखित सूचना थाना मझिला में दी गई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### नवनियुक्त प्रधानाचार्यों का हस्ताक्षर नहीं हुआ प्रमाणित

**मिर्जापुर।** जनपद के अशासकीय सहायता प्राप्त छह इंटर मीडिएट विद्यालय के 31 मार्चको प्रभारी के रूप मेंनियुक्तप्रधानाचार्यके हस्ताक्षर प्रमाणित न होनेसेप्रशासनिक कार्यके संचालन में दिक्कत हो रहा है। महर्षि दयानंद बालिका इंटर कॉलेजमिर्जापुर, सुंदर-मुन्दर नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज मिर्जापुर, मिश्रीलाल इंटर कॉलेज मवैया, शंकर आश्रम इंटर कॉलेजसीखड़, जय हिंद विद्या मंदिर अहरौरा, शिव इंटर कॉलेज मिर्जापुर के प्रधानाचार्यों को 31 मार्चको अवकाश प्राप्त करनेके बादवहां के वरिष्ठ प्रवक्ताओं को नियमानुसार प्रधानाचार्यबनाया गया। विभागीय कार्यके लिए उनके हस्ताक्षर के प्रमाणन के लिएपत्रावली तैयार कर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को एक माह पहलेही प्रेषित कर दिया गया, लेकिन जिला विद्यालयनिरीक्षक की उदासीनता और कार्यालय के लापरवाही के कारण उनके हस्ताक्षर प्रमाणित नहीं किया गया।

# ढेढ़ी पहरी पर धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन, जिम्मेदार मौन

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» स्थानीय प्रशासन खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है

**हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के नौगवां ग्रामसभा के ढेढ़ी पहरी पर पत्थर खनन का अवैध कारोबार दिनरात फलफुल रहा रहा है। इससेजहां राजस्व को भारी क्षति हो रही है, वहीं पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। अवैध खनन की जानकारी होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। अवैध खनन कराने वाले स्थानीय मजदूरों को दुगुनी मजदूरी का लालच देकर पत्थर खनन करा रहे हैं। रात-दिन ट्रैक्टर ट्राली सेपत्थरों और गिट्टियों को धड़ल्ले से दुलाई हो रहा है, लेकिन स्थानीय पुलिस भी इस पर अंकुश लगाने में नाकाम है। अवैध खनन के पत्थरों सेगिट्टी तोड़वा कर क्षेत्र मेंबन रहेआवास आरसीसी सड़क, इंटरलाकिंग और पक्के मकान के निर्माण कार्यों मेंखपाया जा रहा है। ठेकेदार भी स्थानीय स्तरपर कम दाम पर गिट्टी मिलनेसेखनन माफियाओं सेसाठ-गांठ कर पत्थर और गिट्टी खरीद लेतेहैं। जिस जगह पर पत्थर खनन काकार्यकिया जा रहा हैपूरी जमीन ग्रामसभा की है। पत्थर खनन सेपर्यावरण को भारी क्षति पहुंच रही है।

### खुलेआम काटे जा रहे सागौन और शीशम के हरे पेड़

**छानबे (मिर्जापुर)।** वन एवं वन्य जीव सुरक्षा माह मेंशीशम,सागौन जैसी बेशकीमती लकड़ी के सौदागरों का खेल वनवनाधिकारीयों को आइना दिखा रहा है। सांप गुजरनेके बाद लकीर पर लाठी पीटनेकी कहावत सौ आना सच साबित हो रहा है।वन प्रभाग लालगंज अंतर्गत नरोइयां गाँव के नकूपुर मजरा मेंएक सप्ताह के दौरान सागौन के कई पेड़ धराशाई हुए हैं।

रात के अंधेरे में अफरातफरी मची रहती है। वन क्षेत्राधिकारी कृष्ण कुमार सिंह नेबताया कि सूचना मिलनेपर शनिवार की सुबह वन कर्मियों कीटीम मौके पर भेजी गई। नकूपुर मजरा मेंबागान मालिकों के खिलाफ केश दर्जकिया गया है। जुर्माना लगानेकी कार्यवाही की जारही है। बीतेआठ अप्रैल को इसी मजरेमेंपेड़ों की अवैध कटान पर बाग मालिकों पर 30 हजार जुर्माना किया गया था।

# विवाहिता की मां की तहरीर पर पति सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बंजारी खुर्द गौरवा गांव निवासी इंद्रकली पत्नी रमाशंकर ने शुक्रवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर पुत्री की देहज को लेकर प्रताड़ित कर हत्या करने के आरोप में विवाहिता के पति सहित छह लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की अपनी पुत्री 25 वर्षीय सुनीता की शादी मई 2019 में हलिया थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी कमलेश के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार किया गया था। शादी के समय क्षमतानुसार दान दहेज दिया गया था शादी के छह माह से विपक्षी पति कमलेश साकेत व सासु, देवर विमलेश, देवरानी तथा मौसा बचन व मौसी द्वारा मिलकर दहेज में मोटर साइकिल तथा अंगूठी न मिलने को लेकर प्रताड़ति करते चले आ रहे थे कि 17 अप्रैल को दिन में मारपीट कर फंदे पर लटका दिया गया और समय लगभग 7 बजे शाम दूरभाष से मुझे पुत्री कि तबियत खराब होने की सूचना दिया। जिस पर मेरी बहन के पहुंचने पर मौत की पुष्टि हुई। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। पुरे मामले की जांच सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह द्वारा किया जायेगा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर विवाहिता के पति सहित छह लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने अखरी में की पीड़ितों से भेंट

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» पंकज सिंह, जुनैद, नावेद के नेतृत्व में भव्य स्वागत

**हथगाम, फतेहपुर।** प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने अखरी गांव में ट्रिपल मर्डर के पीड़ति परिजनों मृतक पप्पू सिंह मां रामदुलारी सिंह, मृतक अनूप सिंह की पत्नी मनीषा सिंह सहित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और दुख की इस घड़ी में परिवारीजनों को ढांढस बंधाया। जिला पंचायत सदस्य रिंकू सिंह लोहारी, युवा भाजपा नेता पंकज सिंह गौतम भी कैबिनेट मंत्री के साथ परिवार के लोगों से मुलाकात में शामिल रहे। कैबिनेट मिनिस्टर इसके बाद मो. नावेद के हथगाम आवास गए। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया। समय की कमी के कारण बादशाह गेस्ट हाउस में आयोजित होली एवं ईद मिलन समारोह में शामिल नहीं हो पाए।

अखरी गांव जा रहे कैबिनेट मंत्री राकेश सचान का जगन्नाढ़ धाम मंदिर के मुख्य द्वार के सामने पंकज सिंह, आकाश प्रताप छोटू साहू, जुनैद अली आदि के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लाद कर शानदार स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेशी लाल साहू, सभासद दीपक साहू, लल्ला सिंह, छेदू सिंह, नावेद अली, जेके सिंह, सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद मुश्ताक गुड्डू, वीरन यादव, प्रेम पासवान, आशीष पाल, मोहम्मद आजम, अभिजीत दिवाकर, नौशाद अहमद, घूरे पासी आदि रहे।

### खेलते-खेलते तालाब में डूबीं दो बच्चियां, एक की मौत

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के डिघुरुवा गांव शनिवार की सुबह खेलते-खेलते दो बच्चियां तालाब में डूब गई। जिसमें से एक को पड़ोसियों ने सही सलामत निकाल लिया जबकि एक की मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार डिघुरुवा गांव निवासी रमेश की तीन वर्षीय पुत्री रानू व केशन की दो वर्षीय पुत्री नंदनी घर के बाहर खेल रही थी। दोनों बच्चियों के परिजन घर के अंदर काम पर लगें हुए थे। उस दौरान दोनों बच्चिया खेलते-खेलते पड़ोस में स्थित तालाब के पास पहुंच गई। तालाब के पास पहुंची दोनों बच्चियां तालाब में गिर गई। तालाब में गिरते ही दोनों बच्चियां डूबने लगी। बच्चियो को डूबता देख पड़ोसी बचाव के लिए दौड पड़े। इस दौरान रानू की तालाब में डूबने से मौत हो गई जबकि नंदनी को पड़ोसियों ने किसी तरह डूबने से बचा लिया।

# बिंदकी के संपूर्ण समाधान दिवस में तीन शिकायतें निस्तारित

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» विधायक जहानाबाद व डीएम ने सुनीं पीड़ितों की समस्याएं

**फतेहपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस बिंदकी के सभागार में विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल व जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की समस्याओ को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यकतानुसार शिकायतो में मौके पर जाकर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक समय से निस्तारण किया जाये। कोई भी शिकायत लंबित न रहे। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में आवश्यकतानुसार राजस्व व पुलिस बल की सयुंक्त टीम मौके पर जाकर उसका नियमानुसार निस्तारण करें। साथ ही निस्तारण की कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबधित शिकायतों को पुलिस क्षेत्राधिकारी बिन्दकी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को शिकायतो का समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बिंदकी में कुल 185 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसके सापेक्ष तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यकतानुसार पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

### बिना पंजीकरण संचालित हो रहा मेडिकल सेंटर

**खागा, फतेहपुर।** तहसील स्थित ऐलई रोड पर संचालित एक मेडिकल सेंटर एवं जच्चा बच्चा केंद्र पर बिना पंजीकरण के संचालन हो रहा है। जिसमें अवैध तरीके से इलाज किए जाते है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं उपभोक्ता फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि केंद्र की संचालिका भ्रूण हत्या कर मोटी रकम वसूल रही हैं। जो पूरी तरह से स्वास्थ्य महकमे को बदनाम करने के साथ भोली जनता को अपना शिकार बना रही है। उहोंने कहा कि वे जल्द ही उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवैध कार्य का ऑडियो-वीडियो सबूत एक पत्रकार ने रिकॉर्ड कर उन्हें सौंपा है, जिसमें संचालिका पैसे और दवाओं की बात करती स्पष्ट सुनी जा सकती हैं। बयान के अनुसार, जैसे ही यह खबर सामने आई, संचालिका ने अपने केंद्र से बैनर पोस्टर हटा दिए।

**खुलासा** फोन काल के जरिए थरियांव पुलिस ने लूट का किया खुलासा, प्रेमिका के पास से जेवरात समेत नगदी बरामद

# किन्नर प्रेमिका के शौक को पूरा करने के लिए युवक ने रचा था लूट का षड़यंत्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम आंबापुर व हसवा मोड़ के बीच नेशनल हाईवे पर चैबीस घंटे पूर्व हुई लूट की घटना का थरियांव पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए लूट की फर्जी सूचना देने वाले मुख्य आरोपी समेत अन्य सहयोगियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में मामला दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। किन्नर प्रेमिका के महंगे शौक को पूरा करने के लिए युवक ने स्वयं के साथ लूट होने का षड़यंत्र अपने सहयोगियों के साथ मिलकर रचा था। पुलिस ने किन्नर प्रेमिका के पास से जेवरात व नगदी भी बरामद कर ली है। सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नरौली निवासी सूरज दीक्षित पुत्र पंकज दीक्षित ने डायल-112 पर सूचना दिया कि ग्राम आंबापुर व हसवा के बीच हाईवे पर बुलेट सवार दो व्यक्तियों ने उसके बैग में रखी ज्वैलरी सोने का हार, लाकेट, नाक की कील, मंगलसूत्र 40 ग्राम, चांदी के विभिन्न आभूषण 742 ग्राम लूट लिए। सूचना पर थरियांव थाने के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार पाण्डेय अपने हमराही पुलिस कर्मियों संग घटनास्थल पहुंचे और जांच पड़ताल की। एसपी ने बताया कि थरियांव व एसओजी की संयुक्त टीम ने जब सूचनाकर्ता सूरज दीक्षित से पूछताछ की तो प्रकाश में आया कि वह रामलीला व डांस प्रोग्राम का ठेका लेता है। जिससे उसकी दोस्ती किन्नर परी उर्फ अनुज से लगभग एक वर्ष से हो गई थी। उसी के साथ काम करने वाले किन्नर ट्विंकल उर्फ डब्लू निवासी कासिमाबाद गाजीपुर भी काम करती थी। किन्नरों के महंगे शौक को पूरा करने के लिए सूरज दीक्षित ने लगभग एक सप्ताह पूर्व अपने ही गाँव के दो दोस्तों के साथ मिलकर लूट की फर्जी सूचना की योजना बनाई कि वह ज्वैलरी का सामान फतेहपुर से लेकर आयेगा तो तुम लोग मुझे रास्ते में मारना पीटना व बैग लेकर भाग जाना, लेकिन यह योजना फेल हो गई और फर्जी खेल का राजफाश हो गया। पुलिस कप्तान ने बताया कि उसके दो दोस्तों की मोटरसाइकिल खराब हो जाने से योजनाकर्ता का मंसूबा पूरा नहीं हो सका। माल बेचने के संबंध में घटना के एक दिन पूर्व अपने ही गाँव के शिवांश मिश्रा पुत्र हरिशंकर मिश्रा से वार्ता की गयी कि मेरा सामान बेचवा देना। योजना के अनुरूप 10 बजे अपने घर से पुरानी चांदी व जेवरात लेकर फतेहपुर के चैक मार्केट में मुन्ना लाल सर्राफा के यहाँ से पुरानी चांदी देते हुए उसके एवज में नये चांदी के जेवरात कुल 742 ग्राम तथा गौरव ज्वेलर्स के यहाँ से 2.5 ग्राम का सोने का लाकिट व मंगलसूत्र तथा पप्पू कारीगर के यहाँ से मरम्मत हेतु पूर्व में दिया गया।

### थाना प्रभारी की तत्परता से हुआ फर्जी लूट का खुलासा



**फतेहपुर।** निरीक्षक आलोक कुमार पाण्डेय ने जब से थरियांव थाने के निरीक्षक पद का चार्ज संभाला है तब से क्षेत्र में पुलिस की चहल–कदमी बढ़ गई है। थाना प्रभारी को जब नेशनल हाईवे पर आंबापुर व हसवा के बीच लूट की सूचना मिली तो वह तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल पर जांच–पड़ताल की। एसओजी टीम के साथ प्रभारी निरीक्षक ने लूट की सूचना देने वाले सूरज दीक्षित से जब कड़ाई से पूछताछ की तो घटना का खुलासा हो गया और पुलिस ने आभूषण व नगदी भी बरामद कर ली। घटना का महज 24 घंटे में खुलासा होने पर इसकी चर्चाएं क्षेत्र में दिन भर होती रही। लोगों का कहना रहा कि थाना प्रभारी की तत्परता से ही फर्जी घटना का खुलासा हो सका है। इतना ही नहीं श्री पाण्डेय ने जब से थाने का चार्ज संभाला है तब से क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्त भी बढ़ गई है। क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों में हड़कंप भी मचा हुआ है।

## एक नजर

### एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करेगी भारतीय हॉकी टीम : फुल्टन

**नई दिल्ली।** झांसी में 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन को भरोसा है कि उनकी टीम आगामी एशिया कप 2025 में अच्छा प्रदर्शन करेगी। राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के हर मैच में बारीक नजर रखने वाले फुल्टन ने एशिया कप में भारतीय टीम की तैयारी का विश्लेषण किया और टीम में प्रतिभा की गहराई और गुणवत्ता के बारे में आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, " पंजाब ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के मजबूत प्रतिनिधित्व के साथ प्रदर्शन किया, जबकि शीर्ष चार टीमों ने कुल मिलाकर अच्छा संतुलन और गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। कुछ क्षेत्र निश्चित रूप से दूसरों की तुलना में अधिक मजबूत थे। उदाहरण के लिए, पंजाब सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ सबसे आगे रहा, जिसने उन्हें बढ़त दिलाई। साथ ही, शीर्ष चार टीमों में प्रतिभा का एक स्वस्थ संतुलन था। हालाँकि, इसके अलावा, गहराई और समग्र गुणवत्ता में थोड़ी गिरावट आई।" एशिया कप के लिए एक नए कोर ग्रुप के गठन पर जोर देते हुये फुल्टन कहा कि हमारा ध्यान उम्र पर नहीं बल्कि विशिष्ट भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों को खोजने पर है। यह अधिक युवाओं को लाने के बारे में नहीं है बल्कि सही पदों के लिए सही खिलाड़ियों की पहचान करने के बारे में है। 54 संभावितों के साथ एक प्रशिक्षण शिविर जल्द ही निर्धारित किया गया है, जिसमें से 40 खिलाड़ियों का एक कोर ग्रुप चुना जाएगा। फुल्टन ने बताया, " हम पिछले कुछ समय से गहराई बनाने के बारे में बात कर रहे हैं। अगले 18 महीने पर्याप्त बेंच स्ट्रेंथ वाली टीम बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमें ऐसे खिलाड़ी चाहिए जो मैन-टू-मैन और ज़ोनल डिफेंस दोनों के खिलाफ़ गेंद को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकें, समझदारी से दबाव बना सकें और दबाव में भी बाहर निकल सकें।"

### हम एक इकाई के तौर पर बल्लेबाजी नहीं कर सके : पॉटीदार

बेंगलुरु। पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच विकेट से मिली का हार का ठीकरा खराब बल्लेबाजी पर फोड़ते हुये रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि उनके बल्लेबाज एक इकाई के तौर पर प्रदर्शन नहीं कर सके। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में पाटीदार ने कहा " वर्षा के बाद विकेट में नमी के कारण शुरु में बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा मगर यह कोई बहाना नहीं है। सच तो यह है कि हम एक इकाई के तौर पर बल्लेबाजी नहीं कर सके। इस विकेट पर साझेदारी निभाना जरुरी था। टिम डेविड ने इसी विकेट पर नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली मगर अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक था। हम इस मैच को एक सबक के तौर पर लेना पसंद करेंगे।" वहीं पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने जीत का श्रेय फिरकी गेंदबाज युजवेंद्र चहल और युवा बल्लेबाज नेहल बढेरा को देते हुये कहा कि चहल एक विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं। उनकी काबिलियत पर कोई संदेह नहीं कर सकता। उन्होने कहा " मैने उनसे मैच के पहले कहा था कि वह रन बचाने के बजाय विकेट लेने पर अपना ध्यान लगायें जिससे रनो की रफ्तार वैसे ही थम जायेगी। उन्होने वैसा ही किया और रजत पाटीदार और जितेश शर्मा के महत्वपूर्ण विकेट झटके। बाकी काम अर्शदीप सिंह,हरप्रीत बराड़ और मार्को यानसन ने कर दिया।" बढेरा की तारीफ करते हुये अय्यर ने कहा, " निश्चित तौर पर आपको एक ऐसे बल्लेबाज की जरूरत होती है जो आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करे। नेहल का रवैया आज शानदार था। उम्मीद है कि आगे भी वह इसी फॉर्म को बरकरार रखेंगे।"

# टेस्ट सीरीज के लिए जिम्बाब्वे और बांग्लादेश भिड़ेंगे आज

## बारिश के व्यवधान के बावजूद जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैचों की तैयारी शुरू की

एजेंसी

**सिलहट।** जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए गुरुवार को सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अपने पहले प्रशिक्षण सत्र के माध्यम से अपनी तैयारी शुरू कर दी है, हालांकि बारिश के कारण खेल की शुरुआत में देरी हुई और दिन की गतिविधियों को जल्दी समाप्त करना पड़ा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन जाहिर है कि ऐसी चीजों को आप नियंत्रित नहीं कर सकते। मैं हरारे में मिली तैयारी से खुश हूं। हमने वहां क्षेत्रीय खेल के चार अच्छे दिन बिताए, इसलिए खिलाड़ी काफी समय खेलकर आ रहे हैं। और जब हम हरारे में थे, तो हमने सभी संभावित परिस्थितियों के लिए तैयारी की - यह काफी अच्छा था, गुरुवार को एक बयान में मुख्य कोच जस्टिन सैमंस ने कहा।

सैमंस ने खिलाड़ियों के रवैये की प्रशंसा की, क्योंकि उन्हें लगातार यात्रा करने के बावजूद अभ्यास करने के लिए जितना समय मिला, वह काफी अच्छा था। जैसा कि मैंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन खिलाड़ी अच्छे मूड में हैं। दो दिनों की भारी यात्रा के बाद उन्होंने चेंजरूम में एक साथ अच्छा समय बिताया है। इसलिए, मैं इस बात से खुश हूं कि समूह अब कहां है। दौरे पर गए दल के केवल चार सदस्य - कप्तान क्रेग एर्विन, सीन विलियम्स, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा और विक्टर न्याउची - ने



पहले बांग्लादेश में टेस्ट क्रिकेट खेला है। बाकी सदस्यों के लिए, बांग्लादेश के खिलाफ़ 20 अप्रैल को सिलहट में शुरू होने वाली सीरीज़ और उसके बाद चटगाँव के ज़हूर अहमद चौधरी स्टेडियम में 28 अप्रैल से शुरू होने वाला दूसरा मैच, यह दौरा उन्हें एक नई चुनौती और मूल्यवान सीखने का अवसर प्रदान करता है। सैमंस ने कहा, यह समूह के लिए सीखने का एक बड़ा अवसर होगा। उनमें से अधिकांश के लिए, यह पहली बार है जब वे सफ़ेद कपड़ों में यहाँ खेल रहे हैं। मुख्य बात यह है कि इस अनुभव से सबक लें और क्रिकेटर के रूप में आगे बढ़ें। जब भी हम किसी सीरीज़ में उतरते हैं, तो हम जीतने के लिए खेलते हैं, और यहाँ कुछ भी नहीं बदलता है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमारे पास खिलाड़ियों का एक समूह है जो वास्तव में प्रतिस्पर्धा कर सकता है और सीरीज़ को जिम्बाब्वे वापस ले जा सकता है। जिम्बाब्वे और बांग्लादेश ने आखिरी बार जुलाई 2021 में एक दूसरे के खिलाफ टेस्ट खेला था, जहाँ बांग्लादेश ने हरारे में 220 रनों से जीत हासिल की थी। जिम्बाब्वे ने आखिरी बार फरवरी 2020 में बांग्लादेश में टेस्ट मैच खेला था, जिसमें मेजबान टीम ने एक पारी और 106 रनों से व्यापक जीत हासिल की थी।

### बांग्लादेश-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज के मीडिया अधिकार नहीं बिकने से बीसीबी निराश

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारुक अहमद ने कहा कि बांग्लादेश-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज के मीडिया अधिकार नहीं बिकने के कारण बोर्ड 'कठिन समय से गुजर रहा है। उन्होंने रविवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट का प्रसारण करने के लिए बांग्लादेश टीवी को धन्यवाद दिया। बीसीबी ने 19 मार्च को बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज के मीडिया अधिकारों के लिए बोली लगाने के लिए प्रसारकों को आमंत्रित किया था, लेकिन सात अप्रैल को समय सीमा समाप्त होने के कारण किसी भी पक्ष ने कोई रुचि नहीं दिखाई। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड ने प्रसारकों के साथ सौदे पर बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन कोई रुचि नहीं मिलने के बाद, इसने राज्य प्रसारक बीटीवी से मैच का प्रसारण करने का अनुरोध किया और उसने ऐसा किया। फारुक ने आज ढाका में एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, " श्मुझे लगता है कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों में वित्तीय मंदी है। हम थोड़े मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं, सरकार में बदलाव के बाद इसमें कुछ समय लग रहा है। बीटीवी इसका (जिम्बाब्वे सीरीज का) प्रसारण करेगा, हम उनके आभारी हैं। बीटीवी का स्लॉट पाना वाकई मुश्किल था।" उन्होने कहा " आमतौर पर, आपको बीटीवी से स्लॉट खरीदना पड़ता है। हम उनके आभारी हैं। बीटीवी इसका मुफ्त प्रसारण करेगा। कम से कम, मैच लोगों तक तो पहुंचेगा।" फारुक ने यह भी कहा कि बोर्ड अभी भी एक निजी चैनल पर मैच का प्रसारण करने की कोशिश कर रहा है, उन्होंने कहा, " हम अभी भी एक और चैनल को शामिल करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। भले ही हम यह मैच नहीं दिखा पाएं, लेकिन हम अगले मैच के लिए ऐसा करने की कोशिश करेंगे।" उन्होंने कहा, " अगले ढाई साल के लिए मीडिया अधिकार बेचने का भी मामला है। हमने इसके लिए निविदा तैयार कर ली है। हम इसके लिए अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित करेंगे।"

### असाधारण गेंदबाज हैं नाहिद राणाः शंटो

सिलहट। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने अपने तेज गेंदबाज नाहिद राणा की तारीफ करते हुये कहा कि रविवार को शुरु होने वाले पहले टेस्ट मैच में मेहमान जिम्बाब्वे को उनकी रफ्तार से सावधान रहना होगा। शंटो ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कल के मैच में जब नाहिद गेंदबाजी करेंगे तो उनकी सनसनाती गेंदे मेहमान बल्लेबाजी को ध्वस्त कर सकती हैं। वह असाधारण गेंदबाज हैं। जिम्बाब्वे को एहसास होगा कि नाहिद राणा उनके लिये कितने घातक हो सकते हैं। रविवार से सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जायेगा। राणा ने अपनी तेज गति से खुद को बांग्लादेश के लाल गेंद के प्रवर्तक के रूप में स्थापित किया है और दुनिया का ध्यान भी आकर्षित किया है। हालांकि जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज सीन विलियम्स ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए राणा को खतरा नहीं माना और कहा कि उन्होंने 22 वर्षीय बांग्लादेशी तेज गेंदबाजों से भी तेज गेंदबाजी मशीनों का सामना किया है।

### घरेलू दुर्व्यवहार के आरोपों पर ज़ेवरेव फिर हुये परेशान

**म्यूनिख (जर्मनी)।** एलेक्जेंडर ज़ेवरेव ने म्यूनिख ओपन क्वार्टर-फ़ाइनल में घरेलू दुर्व्यवहार के आरोपों पर उन्हें परेशान करने वाले एक दर्शक को बाहर निकालने की मांग की। जर्मनी के नंबर एक खिलाड़ी डचमैन टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ़ दूसरे सेट में 5-5 पर सर्विस कर रहे थे, तभी प्रशंसक ने चिल्लाया " चलो, तुम बीवीबीटर हो।" ज़ेवरेव ने चेयर अंपायर फ़र्गस मर्फी से बात की और उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता था कि 'फ़र्गस, कृपया उसे बाहर निकालो। हालांकि यह साफ नहीं हुआ कि दर्शक को स्टेडियम से बाहर निकाला गया या नहीं। इससे पहले जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष एकल ट्रॉफी समारोह के दौरान ज़ेवरेव को एक दर्शक ने परेशान किया था। जब वे अपनी उपविजेता ट्रॉफी लेने के लिए आगे बढ़े, तो एक दर्शक ने ज़ोर से चिल्लाया " ऑस्ट्रेलिया ओल्या और ब्रेंडा पर विश्वास करता है।"

### जेम्स विन्स की बदौलत किंग्स ने ग्लेडिएटर्स को हराया

कराची। जेम्स विन्स की 47 गेंदों पर खेली गई 70 रनों की पारी की बदौलत कराची किंग्स ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में क्वेटा ग्लेडिएटर्स पर 56 रनों की शानदार जीत दर्ज की। विन्स ने प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में 101 रन बनाए और किंग्स के 175-7 के स्कोर की नींव रखी। डेविड वार्नर के 31 रन पर स्क्वायर लेग पर कैच आउट होने के बाद छठे ओवर में वे 60-1 के स्कोर पर आए और शुक्रवार को पारी की आखिरी गेंद पर कैच आउट होने के बाद ही आउट हुए। 34 वर्षीय विन्स ने चार चौके और एक छक्का लगाया, हालांकि अगर गेंदबाज सऊद शकील ने डीप से थ्रो नहीं किया होता तो वे 10 रन पर रन आउट हो जाते। वार्नर और न्यूजीलैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी टिम सीफर्ट, जिन्होंने 27 रन बनाए, 20 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र अन्य खिलाड़ी थे। जवाब में, ग्लेडिएटर्स पावरप्ले के अंदर पांच विकेट 37 रन पर गिर गए।

# रिलायंस का भविष्य आकाश, ईशा, अनंत : मुकेश

## 68 साल के हुए मुकेश अंबानी विरासत में रिलायंस और भाई से संपत्ति विवाद

एजेंसी

**मुंबई।** 19 अप्रैल को एशिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी का जन्मदिन था । मुकेश अब 68 साल के हो गए हैं। बढ़ती उम्र के साथ अंबानी अपने बिजनेस एंपायर को अगली पीढ़ी को सौंपने के प्लान पर बीते कई साल से काम कर रहें हैं। पिता धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद विरासत में रिलायंस और भाई अनिल अंबानी से विवाद मिला। मुकेश अपने दो बेटों और एक बेटी को ऐसी विरासत नहीं देना चाहते। 28 दिसंबर 2023 को अपने पिता धीरूभाई के जन्मदिन पर उन्होंने कहा था-

रिलायंस का भविष्य आकाश, ईशा, अनंत और उनकी पीढ़ी का है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे जीवन में और ज्यादा अचीव करेंगे और मेरी पीढ़ी के लोगों की तुलना में रिलायंस के लिए



अधिक उपलब्धियां लाएंगे।

मुकेश अंबानी के तीन बच्चे हैं। आकाश-ईशा और अनंत। 2022 में मुकेश ने अपने बड़े बेटे आकाश को रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड का चेयरमैन बनाया था। ईशा अंबानी रिलायंस रिटेल को संभाल रही हैं और अनंत अंबानी न्यू एनर्जी बिजनेस को देख रहे हैं।

तीनों को रिलायंस के बोर्ड में भी शामिल किया गया है। मुकेश अंबानी ने 2023 की AGM में इसकी घोषणा की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि वह 'अगली पीढ़ी' के लीडर्स को तैयार करने पर फोकस करते हुए अगले 5 साल तक कंपनी के चेयरमैन और CEO बने रहेंगे।

**कितना बड़ा है रिलायंस का साम्राज्य?**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड भारत में सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर कॉर्पोरेशन है। टेक्सटाइल और पॉलिएस्टर से शुरू हुआ कंपनी का सफर आज एनर्जी, रिटेल, एंटरटेनमेंट और डिजिटल सर्विस में फैल गया है। रिलायंस के पास सिंगल लोकेशन पर दुनिया की सबसे बड़ी रिफाइनरी है।

रिलायंस का मार्केट कैप 17.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। ये प्राइवेट सेक्टर में कस्टम और एक्साइज ड्यूटी का सबसे बड़ा पेयर है। रिलायंस के कोई न कोई प्रोडक्ट या सर्विस का इस्तेमाल लगभग हर भारतीय करता है।

# जनवरी-मार्च में ICICI बैंक का मुनाफा 18% बढ़ा

» कमाई सालाना आधार पर 14% बढ़कर 49,691 करोड़, 11 प्रति शेयर डिविडेंड देगा बैंक

एजेंसी

**मुंबई।** जनवरी से मार्च 2025 तक ICICI बैंक ने कुल 49,691 करोड़ की कमाई की। इस कमाई में से कर्मचारियों की सैलरी, बिजली बिल, डिपॉजिट जैसे मद में खर्च करने के बाद बैंक के पास 12,630 करोड़ रुपए मुनाफे के रूप में बचा।

पिछले साल के जनवरी-मार्च तिमाही के मुकाबले ICICI बैंक का मुनाफा इस बार 18% ज्यादा रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में बैंक ने 43,597 करोड़ रुपए की कमाई की थी। तब इसका मुनाफा 10,708 करोड़ रहा था। बैंक ने इस बार बेहतर काम किया।

बैंक ने अपने शेयरधारकों के लिए प्रति शेयर 11 रुपए डिविडेंड यानी लाभांश देने का ऐलान किया है। कंपनियां अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा अपने शेयरधारकों को देती हैं, इसे डिविडेंड या लाभांश कहा जाता है।

**नॉन परफॉर्मिंग एसेट या NPA क्या है?-** जब कोई व्यक्ति या संस्था किसी बैंक से लोन लेकर उसे वापस नहीं करती, तो उसे बैड लोन या नॉन परफॉर्मिंग एसेट या NPA कहा जाता है। यानी इन लोन्स की रिकवरी की उम्मीद काफी कम होती है। नतीजतन बैंकों का पैसा डूब जाता है और बैंक घाटे में चला जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के मुताबिक अगर किसी बैंक लोन की किस्त 90 दिनों तक यानी तीन महीने तक नहीं चुकाई जाती है, तो उस लोन को NPA घोषित कर दिया जाता है।

# डे मिनौर को हराकर अलकाराज़ बार्सिलोना ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी

**मैड्रिड।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकाराज़ ने एलेक्स डे मिनौर पर सीधे सेटों में जीत के साथ बार्सिलोना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के अलकाराज़ को ऑस्ट्रेलिया के पांचवें वरीयता प्राप्त डे मिनौर को 7-5, 6-3 से हराने में सिर्फ़ एक घंटे और 40 मिनट लगे। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अब फ्रांस के आर्थर फिल्स से खेलेंगे। फिल्स के प्रतिद्वंद्वी स्टेफ़ानोस त्सितिपास क्वार्टर फाइनल मैच के तीसरे गेम में ही चोटिल हो गए थे। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ़्ते मोंटे कार्लो में जीत के लिए अलकाराज़ ने 20 वर्षीय दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी फिल्स को तीन सेटों में हराया था। उधर, डिफ़ेंडिंग चैंपियन कैस्पर रूड डेनमार्क के होल्गर रून से सीधे सेटों में हार के कारण बाहर हो गए। अलकाराज़ पहले सेट में डे



मिनौर के ख़िलाफ़ दो बार ब्रेक डाउन हुए, लेकिन फिर 12वें गेम में उन्होंने वापसी की और निर्णायक ब्रेक बनाया। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में अपनी सर्विस पर अधिक दबदबा बनाया और छठे गेम में एकमात्र ब्रेक बनाया। उन्होने कहा " मैंने सर्विस के साथ काफी खराब शुरुआत की, मैं मानसिक रूप से थोड़ा संघर्ष कर रहा था। यह मेरी सर्विस के साथ पहले कुछ गेम ही थे, फिर मुझे लगता है कि मैंने बहुत सुधार किया। मैंने खुद को शांत किया और फिर से सकारात्मक सोचना शुरू कर दिया। एलेक्स ने मजबूत शुरुआत की, आक्रामक तरीके से खेला, और पहला सेट वास्तव में कड़ा था। मुझे बहुत खुशी है कि मैं पहला सेट जीतने में कामयाब रहा और दूसरे सेट में मैंने शानदार टेनिस खेला, इसलिए मैं बहुत खुश हूं।" चार बार के उपविजेता सिटिपस फिल्स के खिलाफ शुरुआत से ही असहज दिखे और दूसरे गेम के अंत में ऑफ-कोर्ट मूल्यांकन के लिए चले गए। वह वापस लौटे लेकिन केवल पांच अंक ही हासिल कर सके और 0-2 30-40 से पिछड़ने के बाद रिटायर हो गए। विश्व में 13वें नंबर के रूण ने गत चैंपियन और दूसरे वरीय रूड की सर्विस दो बार तोड़ी और 6-4 6-2 से जीत हासिल की। छठे वरीय रूण सेमीफाइनल में करेन खाचानोव से खेलेंगे।

## बचपन में अनाथ हुए अरशद पेट पालने के लिए मेकअप बेचा

### साउथ सुपरस्टार प्रभास को बताया जोकर बोनी कपूर पर कम पैसे देने का आरोप लगाया



इंडस्ट्री में अरशद जाना पहचाना नाम हैं। हालांकि, उनके लिए इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं था। बचपन में मां और पिता के गुजर जाने के बाद अरशद का सफर और मुश्किल हो गया था, लेकिन अरशद ने हार नहीं मानी एक-एक कर अपने सपने पूरे किए। छोटे-छोटे काम करके अपने डांस के शौक को पूरा किया। इसके बाद अरशद इंडस्ट्री में आए। अरशद कई बार विवादों में भी फंसे। उनका नाता कई बड़े विवादों से रहा है।

**अरशद वारसी को अपनी पहचान फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस से मिली**

अरशद वारसी का जन्म 19 अप्रैल 1968 में मुंबई में हुआ। अरशद मुस्लिम परिवार से ताल्लुक रखते हैं। अरशद ने बार्नेस स्कूल से पढ़ाई की। बचपन में मां को खो चुके अरशद महज 14 साल की उम्र में पिता की मौत के बाद अनाथ हो गए। पिता के जाने के बाद उनका रहना खाना भी मुश्किल हो गया था। घर चलाने के लिए अरशद ने दसवीं में ही पढ़ाई छोड़ दी और छोटी-मोटी नौकरी करना शुरू कर दिया। 17 साल की छोटी उम्र में अरशद ने एक कॉस्मैटिक्स कंपनी में बतौर सेल्समैन की नौकरी की। कुछ समय बाद अरशद एक फोटो लैब में काम करने लगे। अरशद बचपन से ही डांस के शौकीन थे। आर्थिक हालत सुधरने के बाद अरशद ने अपना सपना पूरा करने का सोचा। टैलेंट की बदौलत अरशद ने अकबर सामी डांस ग्रुप जॉइन किया। इसके बाद अरशद ने ठिकाना और काश फिल्मों में बतौर कोरियोग्राफर काम किया। अरशद को शुरू से ही डांसिंग का शौक था, उन्होंने अपने डांसिंग करियर में मुकाम हासिल किया। साल 1991 में अरशद ने इंडिया डांस कॉम्पिटिशन जीता। इसके बाद 1992 में 21 साल की उम्र में लंदन डांस कॉम्पिटिशन जीता और उन पैसों से अपना खुद का डांस स्टूडियो ऑसम खोल लिया। इसके बाद अरशद ने फिल्म रूप की रानी चोरों का राजा के टाइटल ट्रैक के लिए बतौर कोरियोग्राफर काम किया। अरशद को एक्टर बनाने में जया बच्चन का हाथ था। अरशद डांस कोरियोग्राफ कर रहे थे तभी जया बच्चन की नजर उन पर पड़ी। उस समय अमिताभ बच्चन ने ABCL प्रोडक्शन हाउस खोला था और उनको फिल्म तेरे मेरे सपने (1996) के लिए फ्रेश चेहरे की तलाश थी। जया ने अरशद को कास्ट कर लिया।



## मिस्ट्री से भरी सोनाक्षी की फिल्म 'निकिता रॉय'

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक बार फिर दर्शकों को एक दिलचस्प कहानी सुनाने के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म निकिता रॉय का पहला पोस्टर हाल ही में जारी किया गया है जिसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है। फिल्म सस्पेंस न सही, लेकिन मिस्ट्री से भरी रहने वाली है। सोनाक्षी सिन्हा की आगामी फिल्म निकिता रॉय एक हॉरर-मिस्ट्री जॉनर की फिल्म है। इससे पहले



अभिनेत्री ने हॉरर फिल्म ककुड़ा में काम किया था जिसके लिए उन्हें खूब सराहना मिली थी। अब वह एक और मिस्ट्री हॉरर लेकर आ रही हैं। उनकी पिछली फिल्म भले ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई, लेकिन निकिता रॉय सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म से अभिनेत्री का पहला पोस्टर भी दमदार है। 19 अप्रैल यानी शनिवार को सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय से पहला पोस्टर शेयर कर दिया है। पोस्टर सस्पेंस से भरा है। एक्ट्रेस के साथ-साथ पोस्टर में अर्जुन रामपाल (Arjun Rampal) और परेश रावल (Paresh Rawal) भी हैं। तीनों अपने-अपने इंटेंस लुक में हैं। पोस्टर में फिल्म के डायरेक्टर कुश सिन्हा भी दिख रहे हैं। फिल्म का पहला पोस्टर शेयर किए जाने के साथ-साथ यह भी अनाउंस कर दिया गया है कि यह कब सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म इसी साल 30 मई को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। पोस्ट के साथ सोनाक्षी सिन्हा ने कैप्शन में लिखा है, श्बिना किसी सस्पेंस... वो पिक्चर में देख लेना। मेरी रहस्यमयी अगली निकिता रॉय का पहला लुक यहां है। फिल्म 30 मई 2025 को सिनेमाघर में रिलीज हो रही है।श इस फिल्म का निर्देशन सोनाक्षी के भाई कुश सिन्हा कर रहे हैं।

## 13 साल बाद बड़े पर्दे पर लौटी 'विक्की डोनर' :डायरेक्टर शूजित

डायरेक्टर शूजित सरकार अपनी एक्सपेरिमेंटल फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। साल 2005 में वार ड्रामा फिल्म 'यहां' से अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू करने वाले शूजित ने बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक फिल्में में दी हैं। इनमें 'विक्की डोनर', 'पीकू', 'पिंक', 'अक्टूबर', 'सरदार उधम सिंह' जैसी फिल्में शामिल हैं। आयुष्मान खुराना और यामी गौतम स्टारर फिल्म 'विक्की डोनर' 18 अप्रैल को री रिलीज हो गई है। 13 साल बाद ऑडियंस फिल्म को दोबारा थियेटर में देख पाएंगे। फिल्म के डायरेक्टर शूजित सरकार ने इंस्टाग्राम पर खुद इसकी जानकारी दी थी। मैंने 'विक्की डोनर' पर एक ऐसे समय में काम करना शुरू किया, जब मेरी दो फिल्मों का बुरा हाल था। मेरी एक फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई और दूसरी बुरी तरह से फ्लॉप हो गई। वो भी मुंबई में आई बाढ़ की वजह से। आठ साल बाद मेरी कोई फिल्म रिलीज हो रही थी, वो भी स्पर्म डोनेशन जैसे सब्जेक्ट के ऊपर। मैं तो काफी घबराया हुआ था। ऐसा लग रहा था कहीं मेरी तीसरी फिल्म भी ऑडियंस रिजेक्ट ना कर दें। हमारे समाज में स्पर्म डोनेशन, इनफर्टिलिटी असल मुद्दा है, मुझे ये भी डर था कि दर्शक इसे कॉमेडी फिल्म की तरह ना लें। जब फिल्म रिलीज हुई तो मेरा डर गलत साबित हुआ। मुझे लोगों के कॉल्स आने लगे। कई हॉस्पिटल और डॉक्टर ने मुझे बताया कि फिल्म से लोगों में अवेयरनेस आया है।



## अब तक कई OTT प्रोजेक्ट्स ठुकरा चुकी हैं भूमि पेडनेकर

### बोलीं- किसी कहानी से जुड़ाव महसूस नहीं हुआ ; अब 'द रॉयल्स' से करेंगी डेब्यू




बड़े पर्दे के बाद अब एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर आखिरकार ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। वह जल्द ही वेब सीरीज 'द रॉयल्स' में नजर आएंगी। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब उन्हें वेब सीरीज में काम करने का प्रस्ताव मिला हो। इससे पहले भी उन्होंने कई ओटीटी प्रोजेक्ट्स ठुकरा दिए थे।

भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे ओटीटी पर डेब्यू करने के लिए कई वेब सीरीज के ऑफर मिले थे। मैंने सभी की स्क्रिप्ट्स भी पढ़ी थीं, लेकिन उन्हें करने से इनकार कर दिया। हालांकि बाद में वे सभी प्रोजेक्ट्स काफी सफल रहे। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि मुझे उन प्रोजेक्ट्स से वैसा जुड़ाव कभी महसूस नहीं हुआ, जैसा कि 'द रॉयल्स' से हुआ। इसलिए इसके लिए हामी भर दी।

भूमि ने आगे कहा, श्मेरे लिए सबसे जरूरी बात थी सही कहानी और सही जॉनर का मिलना। जहां तक 'द रॉयल्स' की बात है, यह एक रोमांटिक कॉमेडी है, और रोम-कॉम मेरा सबसे पसंदीदा जॉनर है। मुझे नहीं लगता कि आजकल हम इस तरह की फिल्में या शोज बना रहे हैं। मैं मिल्स एंड बून के नॉवेल्स पढ़ते हुए बड़ी हुई हूं। शायद इसी वजह से मुझे कोरियन ड्रामा भी बहुत पसंद हैं, क्योंकि उनमें रोमांस भरपूर होता है। 'द रॉयल्स' में भूमि पेडनेकर के साथ ईशान खट्टर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इन दोनों के अलावा इस शो में जीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, विहान सामत और सुमुखी सुरेश जैसे कई कलाकार हैं। यह शो 9 मई को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होगा।

## एक नजर

### 16 अवैध ई-रिक्शा पर बड़ी कार्रवाई,काटा चालान

**सुलतानपुर।** परिवहन आयुक्त के निर्देश पर जनपद में 1 अप्रैल से चल रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत शनिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी नन्द कुमार एवं यात्री/मालकर अधिकारी शबाना परवीन की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के विभिन्न चौराहों पर अपंजीकृत एवं अवैध ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना लाइसेंस और पंजीकरण के संचालन करते पाए गए करीब 16 ई-रिक्शा के विरुद्ध चालान और निरुद्ध की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी कि नाबालिगों से वाहन न चलवाएं, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन संचालन न करें,सभी कर समय से जमा करें और सभी वैध दस्तावेजों के साथ ही वाहन का संचालन करें।

### पूर्व मंत्री के मुकदमे में गवाह तलब

**सुलतानपुर।** प्रदेश सरकार में पूर्व दर्जा प्राप्तराज्य मंत्री और गौरीगंज के विधायक रहे जंग बहादुर सिंह के खिलाफ विचाराधीन हत्या के मुकदमे में अपर जिला जज निशा सिंह ने गवाह को कोर्ट में तलब किया है। गवाह के हाजिर नहीं होने से शनिवार को मुकदमे में सुनवाई नहीं हो सकी। अमेठी के जामो थाना क्षेत्र के गौरा पुर मतऊ निवासी राजकुमार की 17 अप्रैल 2001 को गोली मारकर हत्या के मामले में शिव कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह और राम विलास की भूमिका हत्या की साजिश रचने में बताई गई है। अगली सुनवाई 28 अप्रैल को नियत की गई है।

### अभियंता हत्याकांड में गवाही टली

**सुलतानपुर।** अधिशाषी अभियंता हत्याकांड में अभियोजन पक्ष का गवाह नहीं आने से शनिवार को एससी-एसटी की विशेष कोर्ट में गवाही नहीं हो सकी। कोर्ट ने शेष गवाही के लिए 25 अप्रैल की तारीख नियत की है। जल निगम ग्रामीण के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की कोतवाली नगर के विनोबापुरी मोहल्ले में किराए के मकान में बीते 17 अगस्त को हत्या कर दी गई थी वे बलिया जिले के रतसड़ कला गांव निवासी थे। पीड़ित पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि मृतक के भाई संजय कुमार की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में जल निगम के सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व साथी प्रदीप राम के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था जिनके ट्रायल के लिए अभियोजन पक्ष का साक्ष्य जारी है। फिलहाल दोनों आरोपी जेल में बन्द हैं।

### माननीयों के मामले में नहीं हुई कार्रवाई

**सुलतानपुर।** एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट के न्यायालय में शनिवार को हर्ष फायरिंग के मुकदमे में कार्रवाई नहीं हो पाई। अगली पेशी 29 अप्रैल नियत की गई है। मुकदमे में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी जिला पंचायत सदस्य बहन अर्चना सिंह आरोपी हैं। दरोगा सुशील कुमार ने 14 जून 2021 को धनपतगंज थाने में एफआईआर लिखाई थी। उधर बिजली पानी की समस्या पर आंदोलन करने वाले 13 सपाइयों पर चल रहे मुकदमे में गिरफ्तारी वारंट निर्गत होने के बाद भी दरोगा न्यायालय नहीं आए। एमपी- एमएलए मजिस्ट्रेट न्यायालय में अगली पेशी 29 अप्रैल नियत की गई है। तेरह साल पहले हुए डेरा डालो घेरा डालो आंदोलन में सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा सहित तेरह लोग आरोपी हैं। दरोगा स्वयंवर सिंह गवाह थे जिन्हें साक्ष्य देने को लेकर कई पेशियों से वारंट जारी है।

### बालिका गायब,रपट दर्ज

**कादीपुर-सुलतानपुर।** घर से सहेली के घर बर्थडे पार्टी में जाने को बता कर गई किशोरी घर वापस नहीं आई। प्रतापगढ़ जिले का एक व्यक्ति कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रह कर सब्जी का व्यवसाय करता है। बीते पांच अप्रैल को उसकी पुत्री (16) शाम पांच बजे घर से अपनी मां को बताकर अपनी सहेली के यहां बर्थडे पार्टी में जाने के लिए निकली। तब से वह घर वापस नहीं आई परिजनों ने काफी खोजबीन किया किंतु उसका कोई पता नहीं चला। शुक्रवार की शाम किशोरी के पिता की दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा के खिलाफ बजरंग दल व विहिप ने सौंपा ज्ञापन

**बहराइच।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति महोदय को बंगाल में हो रहे हिन्दुओ पर अत्याचार के सन्दर्भ में ज्ञापन सौंपा गया जिसमे विश्व हिन्दू परिषद ने यह माँग की देश में हिंदू स्वयं को अत्यंत असुरक्षित महसूस कर रहा है। देश के बहुल हिंदू समाज की भावना को निरंतर आहत किया जा रहा है। अपने ही देश में अपनी ही धार्मिक भावनाओं को जिहादी मानसिकताओं के समाज द्वारा अपमानित होने पर जीवन यापन को हिंदू मजबूर है अपने ही देश बंगाल के मुर्शिदाबाद में जिस तरह जिहादियों द्वारा हिन्दुओं के साथ अत्याचार किया गया और उनके वाहन जलाकर हिंदुओं की संपत्ति को लूटा गया ये बहुत ही निंदनीय है इतना ही नहीं वहाँ पर हिन्दू अपनी जान बचाकर अपने ही घरों से पलायन होने पर मजबूर हो रहे हैं ऐसा कृत्य अपने ही देश में हो रहा है। हिन्दुओं की सुरक्षा में तैनात हमारे पुलिस बल पर भी पथराव हो रहा है ऐसी स्थिति में जब सुरक्षा बल ही असुरक्षित है तब सुरक्षा का जिम्मा कौन लेगा हिंदू सदैव से संवैधानिक परंपराओं का निर्वहन करता हुए अपना जीवन यापन करता है। परंतु इसी देश में जिहादी मानसिकता के साथ जीने वाला समाज निरंतर देश की शांति व्यवस्था को भंग करते हुए देश में लैंड जिहाद, लव जिहाद, गोकशी, मंदिर व यात्राओं पर पत्थर बाजी, गोली चलाना, आगजनी करना इस प्रकार के कृत्य करते हुए आतंक का वातावरण उत्पन्न कर रहा है। आज बंगाल में जहां हिंदू समाज अपने ही घरों से अपनी ही संपत्ति से निष्कासित होने पर मजबूर हो गया है। उनके घरों को जला दिया गया, बहन बेटियां व बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। अपने ही देश का हिंदू बंगाल का हिंदू अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है अतः विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मांग करी कि बंगाल में तुरंत राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।

# कहीं पर्दे के पीछे तो नहीं छिपा है खूनी खेल का असली सूत्रधार

● पूर्व प्रधान के बेटे की दूसरी तहरीर पर नहीं हुआ अमल, अब भी सहरी में सुनाई दे रही सिसकियां

**अनिल गुप्ता**

**कूरेभार-सुलतानपुर।** बीते रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे एक दिल दहला देने वाली घटना में एक युवक ने अपने ही सगे पिता और भाई की हत्या कर दी। इसके बाद तीसरे दिन खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस खौफनाक वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि इस खूनी खेल के पीछे आखिर कौन था? क्या यह केवल पारिवारिक विवाद था, या कोई और भी पर्दे के पीछे से इसे हवा दे रहा था? पुलिस के लिए इस रहस्य से पर्दा उठाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

घटना के बाद पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा। ग्रामीणों की मानें तो यह मामला पारिवारिक कलह का है, जिसका फायदा किसी ने उठाया और एक खुशहाल परिवार बर्बाद हो गया। बताते चलें कि मृतक काशीराम यादव के चार बेटे थे, जिनमें सबसे बड़ा सत्यप्रकाश था। काशीराम राजमिस्त्री का काम करते थे और दिहाड़ी मजदूरी से परिवार का गुजारा होता था। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते गए, परिवार की आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार हुआ।

काशीराम का तीसरा बेटा अजय यादव पढ़ाई में रुचि न होने के कारण 12 साल की उम्र में सोनीपत नौकरी करने चला गया, जहां से वह समय-समय पर घर पैसे भेजता रहा। दूसरा बेटा विजय यादव भी दिल्ली में काम करने लगा। घर पर सत्यप्रकाश और सबसे छोटा बेटा सतेन्द्र यादव रहते थे। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण के दौरान काशीराम की तीन बीघा से अधिक जमीन अधिग्रहित हुई, जिसके बदले लाखों रुपये का मुआवजा मिला जो काशीराम के खाते में जमा हुआ। इसके बाद गांव के ओमप्रकाश सिंह की एक बीघा जमीन सत्यप्रकाश ने खरीदी और अपनी मां के नाम रजिस्ट्री करवाई। करीब 12 साल बाद अजय घर लौटा और उसकी शादी कर दी गई। वह सोनीपत आता-जाता रहा। वर्ष 2011 में सत्यप्रकाश ने ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। 2016 में दोबारा चुनाव लड़ा और इस बार जीत हासिल की। अजय ने भी अपने भाई का पूरा साथ दिया। प्रधान बनने के बाद सत्यप्रकाश की राजनीतिक पकड़ मजबूत होती चली गई। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से मिले पैसे से काशीराम ने गांव के बाहर नया मकान बनवाया और उसमें सत्यप्रकाश व सतेन्द्र के साथ रहने लगे, जबकि अजय अपने परिवार के साथ पुराने मकान में रहा। इसी बीच अजय ने अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर जमीन खरीदने का मन बनाया। यह जमीन रामलखन प्रजापति की थी।

रामलखन की मृत्यु के बाद जमीन उनके बेटों, चंद्रपाल, अमरपाल, इंद्रपाल और गोली के नाम हो गई। अजय ने इन भाइयों से एक-एक कर जमीन खरीदी और चाहता था कि जमीन अपने भाई सत्यप्रकाश के नाम लिखवा दी जाए, लेकिन पैसे की कमी के चलते सत्यप्रकाश ने यह जमीन किसी और के नाम रजिस्ट्री करवा दी। जब अजय ने चौथे भाई से सौदा किया तो सत्यप्रकाश ने वह जमीन अपनी पत्नी के नाम करा दी। इसके बाद दोनों भाइयों के बीच मनमुटाव बढ़ता गया।

करीब डेढ़ साल से अजय घर पर ही रहने लगा था। अगर इस समय काशीराम ने दोनों बेटों के बीच के विवाद को सुलझा दिया होता, तो शायद यह दिल दहला देने वाली घटना टल सकती थी। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस पारिवारिक विवाद का फायदा किसने उठाया? कौन है इस खूनी खेल का असली सूत्रधार, जो अभी भी पर्दे के पीछे छिपा हुआ है? फिलहाल, इस एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## पूर्ण समर्पण से ही मिलती है सफलता : पं. झिलमिल महाराज

**लालगंज,रायबरेली।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित बाल्हेश्वर मंदिर के निकट ऋषि आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास पं. झिलमिल महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य में अति समर्पण ही सफलता का मूल मंत्र होता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अर्जुन को उपदेश देते हुए स्पष्ट किया कि बिना समर्पण और निःस्वार्थ भाव के जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। कथा के दौरान पं. झिलमिल महाराज ने द्रौपदी चीर हरण प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि संकट की घड़ी में द्रौपदी ने भगवान श्रीकृष्ण को पूर्ण समर्पण भाव से पुकारा और प्रभु ने उनकी लाज की रक्षा की। यह प्रसंग इस बात का उदाहरण है कि जब भक्त पूरी श्रद्धा से भगवान को याद करता है तो भगवान स्वयं उसकी सहायता के लिए प्रकट हो जाते हैं।

# बंगाल हिंसा को लेकर विहिप का विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर हुई हिंसा और कथित नरसंहार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा।

यह विरोध प्रदर्शन मुरारी दास की गली स्थित बलवंता देवी मंदिर विभाग कार्यालय से शुरू होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की। जय श्री राम, हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो, हिंदू विरोधी ममता सरकार नहीं चलेगी, जैसे नारों के साथ विहिप कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। ज्ञापन में मांग की गई कि बंगाल में वक्फ कानून के विरोध के नाम पर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है और राज्य को हिंसा की आग में झोंक दिया गया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी ताकतों को खुली छूट दी जा रही है, जिसे तुरंत रोका जाना चाहिए। विहिप ने राष्ट्रपति से मांग की है कि बंगाल की कानून व्यवस्था केंद्रीय सुरक्षा बलों के हवाले की जाए,हिंसा की जांच एनआई से कराई जाए,दोषियों को सख्त सजा दी जाए,बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में नागेंद्र सिंह प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख, विकास संगठन मंत्री विहिप, डा. बीबी सिंह जिला संरक्षक, डा. दिवाकर सिंह जिला उपाध्यक्ष, सच्चिदानंद जिला मंत्री विहिप, संतोष पांडेय, रमेश जी, डा. श्रीप्रकाश, प्रशांत यादव, राममूर्ति विश्वकर्मा, दीपक आर्या, संजय तिवारी, संतोष सिंह राज, राजेश्वर सिंह, राहुल पांडेय, डा. शरद बर्मा, सोहन लाल मौर्य, चित्रसेन सिंह, सुरेश बहादुर श्रीवास्तव, प्रतिभा बरनवाल, उत्कर्ष सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विरोध प्रदर्शन करते विहिप के कार्यकर्ता।

## अपहृत किशोर बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** थाना अखण्डनगर क्षेत्र से अपहृत किशोर अमन उर्फ शिवांश (15) को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तारी 19 अप्रैल 2025 को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर हुई। आरोपियों ने पैसे कमाने के लालच में इस वारदात को अंजाम दिया था। विपिन यादव उर्फ पाण्डेय, निवासी कमिया बहाउद्दीनपुर अंकुर यादव, निवासी जलालपुर रोहियावा आशीष यादव उर्फ कल्लू, निवासी गिधौना उनके पास से स्विफ्ट डिजायर कार,अपहृत किशोर का मोबाइल,बारकोड बनाने में इस्तेमाल किया गया सैमसंग बरामद हुआ। थानाध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह और उनकी टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी आशीष यादव पर पहले भी धोखाधड़ी का केस दर्ज है। फिलहाल तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




## विवाह के तीसरे दिन ही दहेज लोभियों ने बिटिया को किया प्रताड़ित

● पति, जेठ, देवर व सास सहित चार पर मुकदमा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**भदैंया-सुलतानपुर।** देहात कोतवाली के भुसका सराय अचल की बिटिया को विवाह के तीसरे दिन ही दहेज में बुलेट गाड़ी को लेकर ससुरालीजन प्रताड़ति करने लगे। मारपीट के दौरान बिटिया भागकर किसी तरह घर पहुंची, जिसके बाद देहात थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

देहात कोतवाली के भुसका निवासी राजेन्द्र तिवारी की बिटिया अंजू का विवाह बीते 24 फरवरी को कटखा खानपुर के मनीष पांडेय से सनातन रीति से हुआ है। 25 फरवरी को बिटिया की विदाई हुई। पिता ने करीब ढाई लाख नगद सहित सभी जेवरात व आवश्यक सामान दहेज मे दिया था उसके बाद भी विवाह के दूसरे दिन ही ससुरालीजन बुलेट गाड़ी दहेज में मागने लगे तथा बिटिया को प्रताड़ति करने लगे। विवाह के तीसरे दिन ही 27 तारीख की रात ससुराली जन विवाद कर बिटिया को मारने पीटने लगे तथा जान से मारने की धमकी भी दी। तो बेटी किसी तरह जान बचाकर 28 फरवरी की सुबह पिता के घर मायके पहुंची और मायके वालों को आप बीती सुनाई। पीड़ति अंजू तिवारी की तहरीर पर देहात कोतवाली पुलिस ने पति मनीष पांडेय, जेठ अनीष पांडेय, देवर आशीष पांडेय और सास मिथलेश पांडेय निवासी कटका खानपुर पर मार-पीट, प्रताड़ना सहित दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। देहात कोतवाल ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है और जांच-पड़ताल की जा रही है।

## अल्पसंख्यक-पिछड़ी जातियों को शादी अनुदान से वंचित करने पर कांग्रेस का ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार की कथित भेदभावपूर्ण नीति के खिलाफ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही पुत्री विवाह अनुदान योजना में अल्पसंख्यक पिछड़ी जातियों (मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी) को ऑनलाइन आवेदन से बाहर कर दिया गया है।

कांग्रेसजनों ने इसे पूरी तरह अन्यायपूर्ण और भेदभावपूर्ण करार दिया। रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड कानून के जरिए पसमांदा समाज को न्याय दिलाने की बात करती है, वहीं उत्तर प्रदेश सरकार अल्पसंख्यक पिछड़ी जातियों की पुत्रियों को किसी भी विभाग की योजना से लाभ से वंचित कर रही है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि न तो अल्पसंख्यक विभाग के पास शादी अनुदान की कोई योजना है, और न ही सामान्य जाति के लिए खुले ऑनलाइन फॉर्म में अल्पसंख्यक समुदाय को आवेदन की अनुमति है। इससे अल्पसंख्यक पिछड़ी जातियों के लोगों को गंभीर नुकसान हो रहा है।

कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना में अल्पसंख्यक पिछड़ी जातियों की पुत्रियों को भी शामिल किया जाए।

इस मौके पर रणजीत सिंह सलूजा, राम कुमार यादव, मोहसिन सलीम, सलाहुद्दीन हाशमी, शरद श्रीवास्तव, मोहम्मद हामिद रायनी, मोहम्मद ऐश, इकराम खान, विवेक कुमार श्रीवास्तव, इमरान अहमद सहित कई अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

## इन्हौना-गौरीगंज मार्ग पर रोडवेज बस सेवा की मांग तेज




● राहगीरों को महंगे डग्गामार वाहनों का सहारा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** इन्हौना से जिला मुख्यालय गौरीगंज तक रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय लोगों ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से इस रूट पर कम से कम दो बसें चलाने की मांग की है।

इन्हौना के पूर्व प्रधान मोहम्मद लतीफ और समाजसेवी डॉ. मलखान सिंह ने कहा कि इस रूट पर बस सेवा शुरू होने से खासकर गरीब तबके को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, जो न सिर्फ महंगे हैं, बल्कि असुविधाजनक भी हैं। पिंपरी अहमदाबाद के समाजसेवी प्रधान सतीश यादव और भाजपा नेता बच्चूलाल यादव ने भी इस मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि गौरीगंज को जिला मुख्यालय घोषित किए जाने के बावजूद वहां तक पहुंचने के लिए कोई सरकारी परिवहन सेवा उपलब्ध नहीं है।स्थानीय लोगों के अनुसार, यात्रियों को कभी-कभी गंतव्य तक पहुंचने के लिए दो से तीन वाहन बदलने पड़ते हैं। इससे समय की बर्बादी तो होती ही है, साथ ही अधिक किराया भी देना पड़ता है। लोग इस बात से नाराज हैं कि इतने वर्षों बाद भी इस रूट पर परिवहन निगम की कोई सेवा शुरू नहीं हुई है।

समाजसेवियों का कहना है कि रोडवेज बस सेवा शुरू करने से जहां आम जनता को सहूलियत मिलेगी, वहीं परिवहन निगम को भी आर्थिक लाभ हो सकता है, क्योंकि यह रूट यात्रियों की संख्या के लिहाज से व्यस्त माना जाता है। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द इस दिशा में कार्रवाई की मांग करते हुए डीआरएम से दो बसें नियमित रूप से संचालित करने की अपील की है।

## विद्यालय में दरवाजे का पल्ला तोड़कर चोरी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** कम्पोजिट विद्यालय खड़सरा में बीती रात अज्ञात चोरों ने भवन के दरवाजे का पल्ला तोड़कर अंदर घुसकर स्टोर रूम का ताला काटकर गेंहू चावल, व आलमारी तोड़कर उसमें रखा टेबलेट, अभिलेख आदि सामान पर हाथ साफ कर दिया। प्रधानाध्यापक मोहन ने थाने पर शिकायत की है।

शुक्रवार की रात कम्पोजिट विद्यालय खड़सरा में अज्ञात चोरों ने पहले आफिस की खिडकी में लगे लोहे के राड काटने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए तो बगल स्थित भवन के दरवाजे का पल्ला तोड़कर अंदर घुसकर स्टोर रूम की कुंडी काटकर उसमें रखा आनाज एक बोरी गेंहू चावल, आलमारी तोड़कर विज्ञान किट, खेल किट, चेकबुक व कुछ अभिलेख पंजिका, एक टेबलेट के साथ कमरो से तीन पंखा खोल ले गए। शनिवार सुबह स्कूल पहुंचे प्रधानाध्यापक मोहन ने विद्यालय में चोरी की सूचना डायल 112 को दी। पीआरवी पुलिस व हल्का दरोगा राधेश्याम ने स्थल पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की। प्रधानाध्यापक ने थाने पर शिकायत दी है। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया शिकायत मिली है, जांच की जा रही है।


कम्पोजिट विद्यालय के दरवाजे का टूटा पल्ला।

## दवा लेने जा रहे युवक पर चढ़ाया ट्रैक्टर, मुकदमा दर्ज

**भदैंया-सुलतानपुर।** देहात कोतवाली के महेशुआ गांव में शुक्रवार की शाम एक युवक गांव के चकरोड से साइकिल से दवा लेने बाजार जा रहा था। पीछे से गांव के ही ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। शुक्रवार की शाम कोतवाली देहात के महेसुआ निवासी नन्हकऊ वर्मा अपनी साइकिल से चकरोड से दुर्गापुर बाजार दवा लेने जा रहे थे। पीछे से आ रही ट्रैक्टर चालक ने उनको जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह साइकिल सहित ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने चालक की पहचान समरजीत वर्मा निवासी महेसुआ के रूप में की है। गंभीर रूप से घायल को जिला मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। जहॉ उनका इलाज चल रहा है। घायल के भाई विनोद कुमार वर्मा की तहरीर पर देहात कोतवाली पुलिस ने चालक पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

## फाइनेंशियल बिल के खिलाफ पेंशनर्स व शिक्षकों में उबाल

● 22 अप्रैल को धरना प्रदर्शन का एलान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** केंद्र सरकार की ओर से हाल ही में संसद में पारित फाइनेंशियल बिल 2025 में किए गए पेंशनर्स नियमों के संशोधन को लेकर पूरे प्रदेश में आक्रोश फैल गया है। इसी कड़ी में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोशिएशन व उत्तर प्रदेश शिक्षक महासंघ, शाखा ने इस कानून के विरोध में संयुक्त रूप से मोर्चा खोल दिया है।

तिकोनिया पार्क में दोनों संगठनों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें सरकार की ओर से 1 जनवरी 2026 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनर्स एवं शिक्षकों को वेतन आयोग की सिफारिशों से वंचित रखने के निर्णय पर गहरा रोष जताया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह संशोधन न केवल आर्थिक अन्याय है बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सरकार की संवेदनहीनता का परिचायक भी है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 22 अप्रैल, मंगलवार को दोपहर एक बजे तिकोनिया पार्क में सभी पेंशनर्स, शिक्षक और कर्मचारी एकत्र होकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसके पश्चात माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। संघ के संरक्षक अशोक कुमार लाल, अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव, शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष दिलीप कुमार पांडेय, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, मंत्री विनय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र नारायण मिश्रा, डा. हृषिकेश भानु सिंह, अरुण सिंह, प्रशांत पांडेय, विनोद यादव, दुर्गा प्रसाद, राम बहादुर मिश्रा, प्रवक्ता निज़ाम खान समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दूल्हे ने दी जान

● कार से उतर ढाई घंटे तक भटका दूल्हा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** शादी की खुशियों के बीच उस समय मातम छा गया जब बारात लेकर जा रहा दूल्हा ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर बैठा। यह दिल दहला देने वाली घटना अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र की है, जहां दूल्हा चलती कार से अचानक उतर गया और ढाई घंटे तक इधर-उधर भटकने के बाद मालगाड़ी के सामने छलांग लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर दी।

रवि यादव 30 वर्ष जो रायबरेली जिले के सलोन थाना क्षेत्र के सूची चौराहा का निवासी था। रवि ने ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की थी। परिवार वालों ने बताया कि रवि की शादी चार-पांच महीने पहले मऊ जिले के घोसी थाना क्षेत्र के नवापुर गांव निवासी आनंद यादव की बहन से तय हुई थी। शादी दूल्हे की अपनी मर्जी से तय हुई थी। परिवार ने यह भी स्पष्ट किया कि रवि का किसी अन्य लड़की से प्रेम प्रसंग नहीं था और वह शादी को लेकर काफी खुश नजर आ रहा था।शुक्रवार को दोपहर करीब 3:30 बजे रवि अपने घर से बारात लेकर निकला। घर में खुशी का माहौल था, ढोल-नगाड़ों की गूंज थी, रिश्तेदार सजधज कर तैयार थे। कार में सवार होकर दूल्हा बारातियों संग दुल्हन के घर की ओर रवाना हुआ।शाम करीब 5 बजे बारात अमेठी के सैंठा चौराहे के पास पहुंची, जहां ट्रैफिक की वजह से गाड़ी की रफ्तार कम हो गई। इसी दौरान रवि अचानक कार का दरवाजा खोलकर बैग सहित उतर गया। ड्राइवर और साथियों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह पास के एक ओवरब्रिज की ओर दौड़ पड़ा।




आत्म हत्या से पहले कपड़े बदल छुपाई, पहचान

रवि ओवरब्रिज पार कर करीब 300 मीटर दूर स्थित गौरीगंज रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां वह एक चलती ट्रेन में सवार हो गया। ट्रेन में ही उसने दूल्हे की पोशाक उतार दी और जींस-टीशर्ट पहन ली, ताकि पहचान छुपाई जा सके। उसके बाद वह बनी हॉल्ट छोटे स्टेशन पर उतर गया जो वहां से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर है।शाम करीब 7:30 बजे प्रतापगढ़ से लखनऊ जा रही एक मालगाड़ी के सामने रवि ने छलांग लगा दी। ट्रेन के ड्राइवर ने ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। रेलवे के पॉइंट मैन चंदन कुमार ने घटना की जानकारी गौरीगंज स्टेशन मास्टर संजय को दी। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के पास से मिले बैग, कपड़े और मोबाइल के आधार पर उसकी पहचान की। इसके बाद परिवार को सूचित किया गया। खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। दुल्हन पक्ष भी सदमे में है, दुल्हन रो-रोकर बेसुध हो गई। रवि के घर के बाहर सन्नाटा पसरा है और लोग स्तब्ध हैं कि ऐसा क्या हुआ जो एक हंसते-खेलते दूल्हे ने ऐसा कठोर कदम उठा लिया।घटना के दौरान रवि अपने मोबाइल से परिजनों से बात करता रहा लेकिन वह उन्हें गुमराह करता रहा। वह कभी कहता कि अभी बाजार में हूं, कभी कहता किसी दोस्त के घर गया हूं। परिजन उसकी बातों से परेशान थे लेकिन किसी को अंदेशा नहीं था कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेगा।

गौरीगंज थाना पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। परिवार द्वारा दिए गए बयानों के अनुसार युवक किसी मानसिक तनाव में नहीं था और शादी खुशी से स्वीकार की थी। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मोबाइल की कॉल डिटेल से और जानकारी जुटाई जाएगी।

## अंबेडकर जयंती पर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी

**अमेठी।** स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शासन द्वारा 14 से 28 अप्रैल तक विभिन्न तिथियों में विविध कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में शनिवार को जनपद की सभी ग्राम सभाओं में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम पर आधारित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर, बैनर एवं झंडों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। इसके उपरांत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर संबंधित ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं अन्य ग्रामीण स्तर के कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिता, गोष्ठी एवं सेमिनार का भी आयोजन किया गया।

## एक नजर

### वंचितों की भागीदारी तय होने तक न्याय अधूरा



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जब तक वंचित और पीड़ित वर्ग की भागीदारी तय नहीं होगी तब तक न्याय सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। राहुल ने कहा "जब तक वंचित वर्गों की असल हिस्सेदारी और भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी – न्याय अधूरा रहेगा।" उन्होंने कहा "अगर आप महिला, दलित, महादलित, पिछड़े, अति पिछड़े, पसमांदा, ईडब्लूएस या अल्पसंख्यक वर्ग से हैं, या इन वर्गों का नेतृत्व करते हैं– तो हमारे 'संविधान लीडरशिप प्रोग्राम' से जुड़ें अपने अधिकारों की रक्षा, जाति जनगणना से सामाजिक न्याय और अपनी भागीदारी की लड़ाई को मज़बूत करने के लिए साथ आएं।" कांग्रेस नेता ने इस अभियान से जुड़ने का सबसे आवाहन किया और कहा कि यह वक्त है एकजुट होकर मजबूती से आवाज़ उठाने का। अभियान से जुड़ने के लिए पर मिस्ड कॉल दें।

### जज की नानी का कान काटा, गला घोंटा

**सारंगपुर।** राजगढ़ के सारंगपुर में चोरों ने घर में घुसकर बुजुर्ग महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। चोर सोने की झुमकियां के साथ एक कान भी काटकर ले गए। बुजुर्ग घर में अकेली थी। बुजुर्ग जावरा की सिविल जज जूनियर डिवीजन शिवानी राठौर की नानी थीं। सूचना के बाद वे भी घटनास्थल पर पहुंचीं। घटना सारंगपुर के पछेटवाड़ी मोहल्ले में शुक्रवार रात 3 बजे की है। शनिवार सुबह पड़ोसियों को सावित्री बाई राठौर (75) की कोई आवाज नहीं आई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीआई ने बताया, प्रथम दृष्टया यह चोरी का मामला लगता है। चोर महिला को अकेला पाकर घर में घुसे और विरोध करने पर उनका गला घोंट दिया। अब तक की जांच में यह भी पता चला है कि बुजुर्ग से मिलने दो दिन से कोई परिजन नहीं गया था।

### नाबालिग से रेप, आरोपी चाचा को 20 दिन में सजा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने 16 साल की नाबालिग किशोरी से रेप कर उसे गर्भवती करने वाले 45 साल के व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने सिर्फ 20 दिन में इस गंभीर केस का फैसला सुनाया और कहा कि दोषी को जिंदगी भर जेल में रहना होगा। यह मामला पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत दर्ज हुआ था। अदालत ने पीड़िता को 19 .5 लाख रुपए का मुआवजा दिलाने का आदेश भी दिया। अदालत ने कहा कि जब आरोपी ने लड़की का यौन शोषण करना शुरू किया, तब उसकी उम्र 45 साल थी और लड़की सिर्फ 16 साल की थी। एडिशनल सेशन जज बबीता पुनिया ने कहा– दोनों के बीच करीब 30 साल का फर्क था। इतनी बड़ी उम्र का अंतर इस मामले को और ज्यादा गंभीर बनाता है। मेरे मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि पीड़ित बच्ची ने बहुत कष्टदायक पीड़ा सहन की होगी। दरअसल, दोषी पीड़ित के पिता का जानकार था और वह उसे चाचा कहकर बुलाती थी। उसने बच्ची से कई बार रेप किया और प्रेग्नेंट कर दिया।

### मुंबई में मंदिर तोड़ने के खिलाफ जैन समुदाय का प्रदर्शन

**मुम्बई।** मुंबई के विले पार्ले ईस्ट के कांबलीवाड़ी में 30 साल पुराना पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर को बीएमसी की टीम ने 16 अप्रैल को तोड़ दिया। इस कार्रवाई से पहले नगर निगम ने मंदिर को नोटिस भेजा था। जिसके खिलाफ जैन समाज ने एक याचिका भी दायर की थी। इस पर 17 अप्रैल को सुनवाई होनी थी। ब्रह्ममुंबई की टीम की कार्रवाई सुनवाई से पहले ही की गई। इसके कारण जैन समुदाय के लोग आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को अहिंसक तरीके से अपना गुस्सा जाहिर किया। हजारों की तादाद में महिलाएं––पुरुष सड़कों पर नारे लगाते हुए नजर आए। सभी ने काली पट्टी बांधकर बीएमसी का विरोध किया। लोग नारे लगा रहे थे – हम कमजोर नहीं हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे।

### श्रीनगर जा रही कार पठानकोट में पलटी, दो की मौत

**पठानकोट।** पंजाब के पठानकोट में एक बेकाबू कार हादसे का शिकार हो गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। साथ ही 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल पठानकोट भेज दिया गया है। वहीं जख्मी हुए लोगों का इलाज फिलहाल अलग अलग अस्पताल में चल रहा है। दोनों मृतक दिल्ली के रहने वाले हैं। सभी कार में सवार होकर दिल्ली से श्रीनगर की ओर जा रहे थे। पठानकोट के पास हादसा हो गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। फिलहाल मामले की जांच पठानकोट पुलिस द्वारा की जा रही है। जानकारी के अनुसार दिल्ली से एक इनोवा कार (डीएल 10 सीएक्स 8104) में सवार होकर 6 लोग श्रीनगर की ओर जा रहे थे। उनकी इनोवा गाड़ी जब माधोपुर के पास पहुंची ही थी कि उसका संतुलन बिगड़ गया और यह हादसे सा शिकार हो गई।

### सागर में विवाद के बाद आगजनी, तोड़फोड़

**सागर।** सानौधा में शनिवार को दो पक्षों में विवाद के बाद भीड़ ने दुकान में आग लगा दी। उपद्रवियों ने आसपास की दुकानों में तोड़फोड़ भी कर दी। उपद्रव की सूचना मिलते ही सानौधा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को समझाइश देकर मामला शांत कराने की कोशिश की, लेकिन भीड़ नहीं मानी। हालात बिगड़ते देख आसपास के थानों का पुलिस बल भी बुलाया गया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ दिया। नरयावली विधायक प्रदीप लारिया का कहना है कि गांव की एक युवती को वर्ग विशेष का युवक अपने साथ ले गया, जिसको लेकर विवाद गरमाया है। आरोपी युवक आपराधिक प्रवृत्ति का है। गांव में तनावपूर्ण हालात हैं। एसपी विकास शाहवाल, एएसपी लोकेश सिन्हा, एसडीओपी प्रकाश मिश्रा समेत अन्य अधिकारी मौके पर हैं। गांव में भारी पुलिस बल तैनात है।

### भाजपा नेता की कार से कांग्रेस की मौत

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव जिले में स्थानीय भाजपा नेता की कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिसकी वजह से उस पर सवार स्थानीय कांग्रेस नेता की मौत हो गई, जबकि उनकी एक रिश्तेदार घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार शाम डोगरी गुडा गांव के पास हुई, जिसमें कांग्रेस नेता हेमंत भोयर की मौत हो गई, जबकि उनकी भाभी घायल हो गईं। भाजपा के जिस नेता की कार से यह हादसा हुआ, उसने सरपंच पद का चुनाव लड़ा था, लेकिन वह कांग्रेस नेता की भाभी से हार गया था। मृतक के परिवार का आरोप है कि पंचायत चुनाव में मिली हार के बाद रंजिश के चलते भाजपा नेता ने भोयर की हत्या कर दी। हादसे के बाद पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता पुरेंद्र कौशिक को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 साल के भोयर युवा कांग्रेस के नेता थे और वह मुलमुला गांव पंचायत के पंच थे।

# अभाव व अपमान में भी बाबा साहब ने बनाया रास्ता

## बाबा साहब अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत विचार गोष्ठी में शामिल हुए सीएम योगी आदित्यनाथ

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबडेकर ने अभाव व अपमान में रास्ता बनाया और सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए पूरे देश को सम्मान दिलाया। बाबा साहब के कारण ही बिना भेदभाव हर व्यक्ति को समान मताधिकार के उपयोग की स्वतंत्रता प्राप्त हुई। विकसित और आधुनिक लोकतंत्र के अनेक अग्रणी देश हैं, जिन्होंने अश्वेतों व महिलाओं को मत देने का अधिकार बहुत बाद में दिया, लेकिन भारत ने संविधान निर्माण के साथ ही 1952 के पहले आम चुनाव में ही एससी/एसटी, अतिपिछड़ी व महिलाओं को मत देने का अधिकार दे दिया था। यह बाबा साहब की कलम से ही संभव हो पाया। देश को एकता के सूत्र में बांधने का श्रेय बाबा साहब को ही जाता है। मुख्यमंत्री ने यह बातें शनिवार को गोरखपुर क्लब में अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत विचार गोष्ठी में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने मेहनत के साथ संविधान तैयार कराया, लेकिन जब कांग्रेस ने संशोधन में संशोधन प्रारंभ किए तो वे उद्वेलित हुए। कांग्रेस बाबा साहब को संविधान सभा में जाने नहीं देना चाहती थी, लेकिन लोकप्रियता व भारत मां की प्रतिबद्धता के कारण वे संविधान सभा के सदस्य बने। फिर उन्हें ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। पं. नेहरू नहीं चाहते थे कि उन्हें यह पद मिले। इसके लिए काफी षडयंत्र भी किया। बाबा साहब ने अपनी योग्यता व क्षमता से ऐसा संविधान दिया, जो भारत को सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित करने का गौरव दिलाता है। एससी-एसटी के छात्रों को सौ फीसदी छात्रवृत्ति मिले, इस वर्ग के नागरिकों को



नौकरियों में आरक्षण मिले, एससी-एसटी व अन्य वंचितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानजनक स्थान प्राप्त हो, यह बाबा साहब की देन है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व सपा लगातार प्रयास करती रही, जिसके कारण समाज में विद्वेष,अराजकता पैदा होता रहे। कांग्रेस ने 1952 में बाबा साहब को चुनाव नहीं जीतने दिया। उन्हें हराने वाले को पद्म पुरस्कार दिया। 1954 उपचुनाव में कांग्रेस ने उनके निजी सहायक को ही उनके खिलाफ चुनाव लड़ाया, बाबा साहब फिर हार गए। जब हिंदू महासभा के एक सदस्य ने पुणे की सीट छोड़ी, तब बाबा साहब संसद में जा पाए। कांग्रेस उनकी कर्मठता, विद्वता, एससी-एसटी व देश के प्रति प्रतिबद्धता से घबराई थी, इसलिए पग-पग पर उनके मार्ग में बाधा खड़ा करती थी। राहुल गांधी संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं तो आश्चर्य होता है कि यह वही लोग हैं, जिन्होंने डॉ. आंबेडकर का अपमान किया। जब पीएम चंद्रशेखर ने वह भवन बाबा साहब के नाम पर आवंटित किया तो कांग्रेस ने समर्थन वापस ले लिया। फिर अटल जी ने कार्य पूरा किया, मोदी जी ने स्मारक बनाने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने 65 वर्ष में वह करके दिखाया, जो लोग सैकड़ों वर्ष में नहीं कर पाए। 1947, 1956, 1962, 1967, 1971, 1980, 1985, 1991, 2004, 2009 में भी कांग्रेस सरकार देश में थी, लेकिन उनका एक भी स्मारक नहीं बनाया। भाजपा ने उनके पंचतीर्थ बनाए, कांग्रेस, राजद, सपा या अन्य दलों का कोई योगदान नहीं है। 26 नवंबर की तिथि 2015 से संविधान दिवस के रूप में मनाई जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब के नाम पर लोकलुभावन नारे-भाषण देने वाले अनेक आएंगे, लेकिन उनके मूल्यों-आदर्शों को आत्मसात करने वाले एकमात्र दल भारतीय जनता पार्टी है। बाबा साहब ने अनुयायियों से कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित होकर अन्याय के प्रति प्रतिकार करो। जब हैदराबाद के निजाम ने अत्याचार प्रारंभ किया, तब उन्होंने हिंदुओं और अनुसूचित जाति के लोगों को पत्र लिखा कि किसी भी स्थिति में इस्लाम स्वीकार न करें, यदि बचाव का अंतिम संकट खड़ा हुआ तो पलायन करके महाराष्ट्र आ जाएं, लेकिन निजाम के सामने झुकना नहीं है। निजाम व रजाकारों द्वारा गांव-गांव जलाए जा रहे थे तो बाबा साहब लोगों के साथ खड़े हुए थे। लौहपुरुष सरदार पटेल ने हैदराबाद को निजाम से मुक्ति दिलाई और नागरिकों को सम्मान दिलाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले यूपी व 2014 के पहले अन्य राज्यों में राशन नहीं मिल पाता था, क्योंकि इनकी नीयत सही नहीं थी। इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौत से सर्वाधिक प्रभावित अल्पसंख्यक, एससी व एसटी बच्चे थे। भाजपा के साथ मिलकर मैं अकेले आंदोलन करता था। सपा, कांग्रेस कभी जनता के सुख-दुख में सहभागी नहीं बने, लेकिन जब हम लोग सहभागी बने तो इंसेफेलाइटिस की चपेट में कोई मासूम नहीं आता है

## लगेगी टैरिफ की आग, आयेंगे जद में कई देश, 90 दिनों की है मोहलत

**एजेंसी**

» अमेरिका से छूट पाने वाले देशों पर भी भड़का चीन- कहा कोई नहीं बख्शा जायेगा

**बीजिंग।** अमेरिका ने चीन पर 245 फीसदी का टैरिफ लगाया है, जबकि भारत समेत कई देशों को अगले 90 दिनों की मोहलत दी है। इस पर चीन का कहना है कि भले ही अमेरिका ने हमारे ऊपर फिलहाल टैरिफ लगाया है, लेकिन इसका भी नुकसान तमाम देशों को होगा। चीन ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका चाहता है कि 70 अन्य देश भी चीन से कारोबार कम करें। उसका कहना है कि ऐसा न हो कि वे चीन से सामान की खरीद करें और फिर अमेरिका को ही निर्यात कर दें।

ऐसे में उन्हें चीन से अपने कारोबार को ही कम करना होगा। अमेरिका का कहना है कि चीनी कंपनियों को टैरिफ से बचने के लिए रीलोकेट भी न होने दिया जाए। इसके अलावा सस्ते चीनी माल को भी इन देशों में एंट्री न देने की बात कही है।

इसी को आधार बनाते हुए ड्रैगन का कहना है कि यदि चीन के साथ दुनिया के तमाम देशों ने कारोबार बंद किया तो वैश्विक मंदी के हालात पैदा होंगे। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि अमेरिका ने हमारे ऊपर ऊंचा टैरिफ लगाया है, जबकि दूसरे देशों को रियायत दी है। उसकी कोशिश यह है कि ऐसा करने से दुनिया भर से उसका टकराव नहीं होगा और वह अकेले चीन को ही टारगेट करेगा। चीनी अखबार लिखता है, 'कुछ देश अमेरिका दबाव में टूट सकते हैं, लेकिन कई देशों की तरफ से कारोबार जारी रह सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीन का सामान हाइटेक है और उसके उत्पाद सस्ते भी हैं।

## एलन मस्क इस वर्ष के अंत तक आयेंगे भारत



**नयी दिल्ली।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि वह इस साल के अंत में भारत आने के लिए उत्सुक हैं। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के बाद मस्क ने यह जानकारी दी है। मस्क इस साल भारत में टेस्ला को लॉन्च करने की भी तैयारी कर रहे हैं। पिछले दिनों टेस्ला ने शोरूम के लिए मुंबई और दिल्ली में जगह भी किराए पर ले ली है।

एलन मस्क ने फोन पर पीएम मोदी के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, ₹पीएम मोदी से बात करना सम्मान की बात थी। मैं इस साल के अंत में भारत आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।₹ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर अपनी बातचीत का विवरण साझा किया।

## यूनुस से संभाले नहीं संभल रहा बांग्लादेश

### अब अमेरिका सरकार ने जारी की अपने नागरिकों को एडवायजरी

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही हालात काफी खराब हैं। यूनुस सरकार से स्थिति संभल नहीं रही। आए दिन अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जाता है। अब अमेरिका ने भी अपने लोगों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर दी है। अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए लेवल-3- यात्रा पर पुनर्विचार करें और खासतौर पर चटगांव हिल ट्रैक्ट्स क्षेत्र के लिए 'लेवल 4- यात्रा न करें' की चेतावनी जारी की है।

अमेरिका ने बांग्लादेश के चटगांव हिल ट्रैक्ट्स क्षेत्र के लिए स्तर 4 की एडवाइजरी जारी की है, जिसमें हिंसा, अपराध और अपहरण के उच्च जोखिम का हवाला दिया गया है। 18 अप्रैल को अपडेट की गई सलाह में खगराचारी, रंगमती और बंदरबन जिलों (सामूहिक रूप से चटगांव हिल ट्रैक्ट्स के रूप में जाना जाता है) को शामिल किया गया



है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि इस क्षेत्र में सांप्रदायिक अशांति, आतंकवाद और राजनीतिक हिंसा की घटनाएं देखी गई हैं, जिसमें आईईडी विस्फोट और सक्रिय गोलीबारी शामिल हैं। धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वाले और व्यक्तिगत विवादों से जुड़े अपहरणों की भी रिपोर्ट किया गया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को इस क्षेत्र में जाने से रोक दिया गया है और यात्रा के लिए बांग्लादेश के गृह मंत्रालय से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। सलाह में कहा गया है, ₹किसी भी कारण से इन क्षेत्रों की यात्रा न करें।₹ समय-समय पर समीक्षा के बाद अपडेट की गई सलाह में अमेरिकी नागरिकों से नागरिक अशांति, अपराध और आतंकवाद के कारण बांग्लादेश की यात्रा पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया गया है। जबकि 2024 के मध्य में अंतरिम सरकार के गठन के बाद राजनीतिक अशांति से जुड़ी हिंसा कुछ कम हो गई है, लेकिन अमेरिकी विदेश विभाग ने चेतावनी दी है कि विरोध प्रदर्शन अभी भी बिना किसी चेतावनी के हिंसक हो सकते हैं।

एडवाइजरी में कहा गया है, ₹इन यात्रा प्रतिबंधों, बुनियादी ढांचे की कमी और सीमित मेजबान सरकार के आपातकालीन प्रतिक्रिया संसाधनों के कारण, बांग्लादेश में अमेरिकी नागरिकों को आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने की अमेरिकी सरकार की क्षमता सीमित हो सकती है, विशेष रूप से ढाका के बाहर।

## आईएसआई समर्थित दो आतंकी मॉड्यूल ध्वस्त

### 13 गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने दो आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए 13 आतंकियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है। खुफिया इनपुट के आधार पर अंज़ाम दिये गए ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियारों की खेप बरामद हुई है। गिरफ्तार आतंकियों ने कई थानों और लोगों की टारगेट किलिंग करनी थी। बब्बर खालसा इंटरनेशनल द्वारा विदेश से संचालित किए जा रहे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर पंजाब पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने यह जानकारी दी है। पकड़े गए आतंकियों से पुलिस ने आरपीजी (एक लॉन्चर सहित), 2.5 किलोग्राम की दो 2 आईईडी, डेटोनेटर के साथ 2 हथगोले,



रिमोट कंट्रोल के साथ 2 किलोग्राम आरडीएक्स, 5 पिस्तौल, 6 मैगजीन, 44 जिंदा कारतूस, 1 वायरलेस सेट और 3 वाहन बरामद किए हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता नौशेरा फ्रांस में बैठकर देश में अपने गुर्गों के जरिए आतंकी गतिविधियां करवा रहा है। उसके चार गुर्गों जतिंदर उर्फ हनी, जगजीत उर्फ जग्गा कपूरथला, हरप्रीत और जगरूप होशियारपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने लोडेड आरपीजी, 2 आईईडी (2.5 किलोग्राम प्रत्येक), डेटोनेटर के साथ 2 ग्रेनेड, 2 किलोग्राम आरडीएक्स रिमोट कंट्रोल, 3 पिस्तौल, 6 मैगजीन, 34 जिंदा राउंड, 1 वायरलेस सेट सहित अन्य सामान बरामद किया।

दूसरा मॉड्यूल ग्रीस और पाकिस्तान से जुड़ा है। इस मॉड्यूल को ग्रीस और पाकिस्तान आधारित आतंकियों द्वारा चलाया जा रहा है। ग्रीस में छिपा जसविंदर उर्फ मन्नू अगवान पाक आधारित हरविंदर रिंदा से जुड़ा हुआ है।इस मॉड्यूल के 9 आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है। इनसे पुलिस ने पुलिस ने 1 आरपीजी लांचर, 2 पिस्तौल, 10 कारतूस, 3 वाहन बरामद किये हैं।

पुलिस का दावा है कि पकड़े गए आतंकियों के निशाने पर पंजाब के पुलिस थाने और प्रमुख लोग थे। पंजाब पुलिस ने चार दिन ऑपरेशन में दो आतंकी मॉड्यूल का सफाया किया है। ये लोग आईएसआई के इशारे पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल थे।

## धार्मिक ऑनलाइन बुकिंग घोटालों से हमेशा रहें सचेत

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

» भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र ने जारी की चेतावनी

**नयी दिल्ली।** भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र ने लोगों को धार्मिक संस्थानों और पर्यटन सेवाओं के नाम पर किये जा रहे ऑनलाइन बुकिंग घोटालों से सचेत रहने को कहा है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले इस केन्द्र ने एक वक्तव्य जारी कर लोगों को विशेष रूप से ऐसे मामलों को लेकर सचेत किया है, जिनमें देश में धार्मिक तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को निशाना बनाया जा रहा है। यह धोखाधड़ी नकली वेबसाइटों, भ्रामक सोशल मीडिया पेज, फेसबुक पोस्ट और गूगल जैसे सर्च इंजनों पर विज्ञापनों के माध्यम से की जा रही हैं। इन घोटालों में पेशेवर दिखने वाली लेकिन नकली वेबसाइटें, सोशल मीडिया प्रोफाइल और व्हाट्सएप खाते बनाकर केदारनाथ, चार धाम के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग, तीर्थयात्रियों के लिए गेस्ट हाउस और होटल बुकिंग, ऑनलाइन कैब/टैक्सी सेवा बुकिंग, होलीडे पैकेज और धार्मिक यात्राओं जैसी सेवाओं की पेशकश कर लोगों को ठगती हैं। अक्सर लोग संदेह किए बिना लोग इन पोर्टलों के माध्यम से भुगतान कर देते हैं लेकिन जब बुकिंग की कोई पुष्टि या सेवा प्राप्त नहीं होती और संपर्क के लिए दिए गए नंबर पहुंच से बाहर हो जाते हैं तो उन्हें ठगे जाने का अहसास होता है। केन्द्र ने लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है और कहा है कि कोई भी भुगतान करने से पहले वेबसाइट की प्रामाणिकता की जांच की जानी चाहिए।

## बदला लेने के लिए जिकरा ने करायी थी कुणाल की हत्या

» कोर्ट ने दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर दिया

**नयी दिल्ली। (विश्ववार्ता ब्यूरो)** सीलमपुर हत्याकांड मामले में गिरफ्तार की गई लेडी डॉन जिकरा को दो दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। उस पर 17 साल के कुणाल की हत्या का आरोप है। जिकरा को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। उसके साथ अन्य तीन लोगों को भी हिरासत में लिया गया था जबकि उसका भाई साहिल भी पुलिस के संपर्क में थे। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने आज जिकरा को कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए जिकरा की कस्टडी की जरूरत है। इसके बाद कोर्ट ने उसे दो दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि जिकरा के चचेरे भाई साहिल और दिलशाद ने कुणाल को चाकू घोंपा था। ये दोनों फिलहाल फरार है और पुलिस इनकी तलाश में जुटी हुई है। वहीं पूछताछ के पुलिस को बताया कि नवंबर में उसके भाई साहिल पर लाला और शंभु दो लोगों ने हमला किया था।

## टेंट सिटी बसाने वाले लल्लूजी के गोदाम में भीषण आग

### फायर कर्मियों के शरीर पर पड़े फफोले पड़े, तीन किलोमीटर दूर से दिखीं लपटें

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में टेंट सिटी बसाने वाले लल्लूजी के गोदाम में शनिवार की सुबह भीषण आग लग गई। गोदाम में 5 लाख बांस-बल्लियां, टेंट के पर्दे, रजाइयां और गद्दे रखे थे। इससे आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। गोदाम में रखे गए सिलेंडर फटने लगे। आग की लपटें तीन किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थीं।

आग इतनी भयावह थी कि बुझाने के लिए सेना को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड



की 18 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। इसके अलावा आसपास के जिलों से भी फायर टेंडर बुलाए गए। हालांकि धुआं अब भी उठ रहा है। आग लगे के दौरान तपिश इतनी ज्यादा थी कि दमकलकर्मियों के शरीर पर फफोले पड़ गए। पुलिस ने दो किलोमीटर के क्षेत्र को सील कर दिया। आसपास के इलाके के लोगों को भी अलर्ट कर दिया गया। प्रयागराज डीएम भी मौके पर पहुंचे। आग कैसे लगी, यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है।

गोदाम शास्त्री ब्रिज के बीच में काली सड़क पर है। बताया जा रहा है कि सुबह 6.30 बजे गोदाम में मजदूर छोटे सिलेंडर पर खाना बना रहे थे, तभी सिलेंडर फट गया। इसके बाद आग लग गई। आग की लपटें देखकर गोदाम में सो रहे कर्मचारी और आसपास के लोग भाग कर पहुंचे। बाल्टी और पाइप से पानी डालना शुरू कर दिया, लेकिन आग तेजी से बढ़ते देख लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इस बार भी महाकुंभ में टेंट का जिम्मा लल्लूजी एंड संस कंपनी के पास था। यह कंपनी 104 साल से रेत पर तंबुओं का शहर बसाने का काम कर रही है। इस कंपनी को कुंभ का विश्वकर्मा कहा जाता है।

## अंडरवर्ल्ड डॉन रहे मुथप्पा राय के बेटे पर हमला

**बेंगलुरु।** पूर्व अंडरवर्ल्ड डॉन मुथप्पा राय के बेटे रिकी राय पर शुक्रवार देर रात बेंगलुरु के पास बिद्दी इलाके में जानलेवा हमला हुआ। पुलिस के अनुसार रिकी राय अपनी कार में ड्राइवर और गनमैन के साथ बेंगलुरु लौट रहे थे।

रात करीब 1:30 बजे, उनके घर से महज 200 मीटर दूर, एक अज्ञात हमलावर ने दो राउंड फायरिंग की। दोनों को बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि दोनों खतरे से बाहर हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, रिकी हाल ही में रूस से लौटे थे और पारिवारिक मामलों को सुलझा रहे थे। हमले की एक बड़ी वजह एक रियल एस्टेट कारोबारी से चल रहा विवाद माना जा रहा है। रिकी के ड्राइवर ने एक बिल्डर और रिकी की पहली पत्नी पर शक जताया है। मुथप्पा राय का एक पुराना दुश्मन भी जांच के घेरे में है।

**निर्माण**

## तमिलनाडु में भारत का पहला प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर अगले वर्ष सितंबर तक चालू होगा

# न्यूक्लियर वेस्ट को रिसाइकल कर बनायी जायेगी बिजली

**एजेंसी**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कलपक्कम में भारत का पहला प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के अगले साल शुरू होने की उम्मीद है। यह रिएक्टर देश के तीन-चरणों वाले न्यूक्लियर प्रोजेक्ट का दूसरा चरण शुरू करेगा, जिसका मकसद न्यूक्लियर वेस्ट को रिसाइकल कर बिजली बनाना है। इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र ने इस रिएक्टर को डिजाइन किया था।

भारत सरकार ने 2003 में परमाणु रिएक्टर-प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के निर्माण और संचालन के लिए भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड को मंजूरी दी थी। यह भारत का पहला ऐसा रिएक्टर है जो प्लूटोनियम-आधारित फ्यूल (मिक्स्ड ऑक्साइड) का इस्तेमाल करेगा और ठंडा रखने के लिए लिक्विड सोडियम का उपयोग करेगा। इसमें अभी इस्तेमाल हो रहे प्रेसराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर्स से निकले फ्यूल को भी दोबारा इस्तेमाल किया जाएगा।

न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड जहां देश के बाकी न्यूक्लियर प्लांट्स चला रहा है, वहीं पीएफबीआर को बीएचएवीआईएनआई तैयार कर रहा है। इस रिएक्टर की क्षमता 500 मेगावाट है और यह अपने अंतिम चरण में है। उम्मीद है कि यह 2025-26 तक बिजली बनाना शुरू कर देगा। मार्च, 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



इस रिएक्टर वॉल्ट और रिएक्टर के नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। जुलाई 2024 में परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड ने फ्यूल लोडिंग और शुरुआती परीक्षणों की अनुमति दी थी।

पीएफबीआर भारत के न्यूक्लियर प्रोजेक्ट में ये बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा क्योंकि इससे निकला ईंधन तीसरे चरण के थोरियम-आधारित रिएक्टर्स में काम आएगा। सरकार ने 'न्यूक्लियर एनर्जी मिशन' की भी घोषणा की है, जिसका लक्ष्य 100 गीगावाट बिजली से बनाना है। फिलहाल, भारत की न्यूक्लियर क्षमता 8.18 गीगावाट है। इसके अलावा 7.30 गीगावाट के प्रोजेक्ट निर्माण में हैं और 7.00 गीगावाट के प्रोजेक्टों को मंजूरी मिल चुकी है। ये सभी मिलकर 2031-32 तक भारत की न्यूक्लियर क्षमता को 22.48 गीगावाट तक बढ़ा देंगे।

इसके बाद एनपीसीआईएल विदेशी सहयोग से 15.40 गीगावाट लाइट वॉटर रिएक्टर्स से 17.60 गीगावाट और बीएचएवीआईएनआई पीएफबीआर से 3.80 गीगावाट की बिजली जोड़ेगा। साथ ही, छोटे न्यूक्लियर रिएक्टर्स और निजी क्षेत्र के साथ मिलकर बनाए जा रहे नए तकनीक वाले रिएक्टर्स भी इसमें योगदान देंगे। इससे कुल क्षमता 55 गीगावाट हो जाएगी।

पीएफबीआर से बिजली बनाने के तीन चरण हैं। पहले चरण में प्रेसराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर्स लगाए जा रहे हैं। इनमें फ्यूल के रूप में नेचुरल यूरेनियम का इस्तेमाल होता है और ठंडा व धीमा करने के लिए भारी जल का प्रयोग होता है। इस चरण में बिजली बनाना शुरू किया जाता है। दूसरा चरण में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर बनाए जाते हैं। ये रिएक्टर पहले चरण में वेस्ट हो चुके फ्यूल को दोबारा इस्तेमाल करते हैं और प्लूटोनियम बनाते हैं। इसका मकसद ज्यादा मात्रा में फ्यूल तैयार करना है, ताकि आगे इसका इस्तेमाल हो सके। तीसरे चरण में थोरियम का इस्तेमाल होगा, जो हमारे देश में अधिक मात्रा में मिलता है। थोरियम को सीधे उपयोग नहीं किया जा सकता, इसलिए इसे पहले यूरेनियम-233 में बदला जाता है। इसके लिए एडवांस हैवी वाटर रिएक्टर्स बनाए जाएंगे। यह चरण भारत को न्यूक्लियर ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बहुत जरूरी है। इस तीन-चरणीय योजना का मकसद देश में उपलब्ध यूरेनियम और थोरियम का पूरा इस्तेमाल कर न्यूक्लियर ऊर्जा से ज्यादा से ज्यादा बिजली बनाना है।

## बिहार को इसी महीने मिलेगी पहली वंदे मेट्रो

**पटना।** बिहार के रेल यात्रियों को चुनावी साल में एक और आधुनिक ट्रेन मिलने जा रही है। राज्य की पहली वंदे मेट्रो यानी नमो भारत एक्सप्रेस ट्रेन इसी महीने शुरू होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को इसे हरी झंडी दिखा सकते हैं। पटना से मधुबनी, जयनगर रूट पर वंदे मेट्रो को चलाए जाने की योजना है। रेलवे के अधिकारी इसकी तैयारी में जुट गए हैं। इस नमो भारत रैपिड रेल का रैक जल्द ही बिहार पहुंचने वाला है। रैक आते ही इसका ट्रायल किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को मधुबनी जिले के झंझारपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसमें वे रेलवे से जुड़ी कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। रेलवे सूत्रों के अनुसार, सहरसा से सुपौल, पिपरा होते हुए एक नई एक्सप्रेस ट्रेन भी चलाई जाएगी।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह*, उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com